कृपया उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या: 1980/डब्लू-9/87 दि0: 20.07.07 का सन्दर्भ लेने का कष्ट करें, जिसके अनुक्रम में सम्बन्धित ग्रामों के सजरा मानचित्र पर आपके द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं के आधार पर एस.टी.पी., रोड, ग्रीन बेल्ट तथा आवासीय भू-उपयोग से सम्बन्धित विवरण अंकित किया गया है जो कि इस पत्र के साथ संलग्न है। आपके द्वारा चिन्हित सजरा नम्बरों के भू-भाग पर अधिकतम भू-भाग लखनऊ महायोजना-2021 के अनुसार आवासीय भू-उपयोग के अन्तर्गत है।

संलग्नक:यथोक्त।

भवदीय,

13/8/07

(वी0वी0एल0एन0 शर्मा)
मुख्य नगर नियोजक

Letter297

(सुधाकान्त सिंह)
शपथ अनुक्त एवं अनुभाग अधिकारी,
न्याय अनुभाग-6 (विधि मंत्रणा)
उत्तर प्रदेश शासन

ANNEXUREA-9

763
318

प्रेषक,

निदेशक,
भूमि अध्याप्ति निदेशालय,
राजस्व परिषद, उ0 प्र0,
लखनऊ।

सेवा में,

जिलाधिकारी,
लखनऊ।

संख्या 1593 /10 (भू0 अ0) 57 दि0 06 दिनांक:- 25/9/07

विषयः- गोमती कार्य योजना द्वितीय चरण के अंतर्गत प्रस्तावित सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट हेतु तहसील व परगना लखनऊ के ग्राम बाघामऊ एवं भैसौरा में भूमि अर्जन की धारा 4(17)की अधिसूचना जारी कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक पर माननीय अध्यक्ष, राजस्व परिषद, लखनऊ के दिनांक 29.07.04 के अर्द्धशासकीय पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसमें भू-अर्जन प्रस्ताव को भेजने से पूर्व तीन निर्देशों क्रमशः 1- प्रस्तावित योजना से निर्धारित लैण्ड पूल का उल्लंघन न हो, 2- आवश्यकता से अधिक भूमि अधिग्रहीत न हो, 3- पर्यावरण व स्वास्थ्य सम्बन्धी नियमों का पालन हो , का अनुपालन करने की अपेक्षा की गयी थी जिस पर तत्कालीन जिलाधिकारी महोदया द्वारा दिनांक 06.08.04 को निदेशालय में प्रेषित पत्र में निर्देशों का अनुपालन करके प्रस्ताव भेजने का कथन किया गया था किन्तु माननीय अध्यक्ष महोदय के निर्देशों का उल्लंघन करते हुये प्रस्ताव दिनांक 21.06.07 को निदेशालय प्रेषित किया गया जिस पर मेरे द्वारा दिनांक 03.07.07 एवं 17.08.07 के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद भी पुनः प्रस्ताव निर्देशों का अनुपालन न करते हुये। दिनांक 22.08.07 भेजा गया जिस पर वर्तमान माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा अपने आदेश का उल्लंघन मानते हुये क्षोभ व्यक्त किया गया।

अतः आपको प्रस्ताव मूल रूप से इस आशय के साथ भेजा जा रहा है कि प्रस्ताव को मा0 अध्यक्ष, राजस्व परिषद के आदेश दिनांक 29.07.04 में दिये गये निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुये प्रस्ताव भिजवाना सुनिश्चित करें। जिससे प्रस्ताव शासन भिजवाया जा सके।

लखनऊ- दिनांक 25/9/07

(एस0 पी0 एस0 सोलंकी)
निदेशक (भू0 अ0)

प्रतिलिपि:-

1- मुख्य नगर नियोजक, लखनऊ विकास प्राधिकरण को इस निर्देश के साथ कि प्रस्ताव लखनऊ गोमतीनगर 2021 में सीवेज प्लान्ट हेतु भूमि का सीधा मूल्य के अनुपात मा0 अध्यक्ष, राजस्व परिषद के पत्र 29.01.04 में दिये निर्देशों के क्रम में ही भू अर्जन का प्रस्ताव ही जिलाधिकारी के माध्यम से भिजवाना सुनिश्चित करें।

2- अपर जिलाधिकारी, (भू0 अ0), शारदा सहायक, कलेक्ट्रेट, लखनऊ।

(एस0 पी0 एस0 सोलंकी)
निदेशक (भू0 अ0)

29/9/07


29/9/07
(अवाकान्त मिश्र)
शपथ अनुभुक्त एवं अनुभाग अधिकारी,
न्याय अनुभाग-6 (दि0 सिवि0 संगणा)
उत्तर प्रदेश शासन

(764) 319

ANNEXURE A-10

लेखा-13 G.m.Gaur

रिट याचिका संख्या-4436(एम/बी)/2003 सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट बनाम उ0प्र0 राज्य में मा0 उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच लखनऊ द्वारा दिनांक-20.08.2007 को पारित निर्णय के अनुपालन में प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन की अध्यक्षता में दिनांक-16.10.2007 को सायं 5.00 बजे सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त ।



बैठक में निम्नलिखित अधिकारी प्रतिभाग किये :-

सर्व श्री

1. श्रीमती आराधना शुक्ला, सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन ।
2. हरभजन सिंह, उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ ।
3. सूर्य प्रकाश मिश्र, विशेष सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन ।
4. आर0के0 सिंह, विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन ।
5. अमिताभ वाष्र्णेय, अपर जिलाधिकारी, लखनऊ ।
6. धीरेन्द्र कुमार, संयुक्त सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन ।
7. डा0 सुधाकर अदीब, संयुक्त सचिव, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
8. विवेक पाण्डेय, संयुक्त सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन ।
9. दिनेश कुमार, उप सचिव, पर्यावरण विभाग, उत्तर प्रदेश शासन ।
10. आर0एन0 पाल, अपर नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ ।
11. के0के0 अग्रवाल, प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ ।
12. पी0सी0 गोविल, मुख्य अभियन्ता (नागर), उ0प्र0 जल निगम लखनऊ ।
13. के0 श्रीवास्तव, मुख्य अभियन्ता, गंगा, जल निगम ।
14. आर0एन0 डे, अधीक्षण अभियन्ता, जल निगम ।
15. सूरज लाल, मुख्य अभियन्ता, लखनऊ क्षेत्र ।
16. वी0के0 पाण्डेय, अधि0 अभियन्ता, जल संस्थान, लखनऊ ।
17. रघुवेन्द्र कुमार, सचिव, जल संस्थान, लखनऊ ।
18. आर0एस0 सिन्हा, हाईड्रोजियोलॉजिस्ट, भूगर्भ जल निदेशालय, लखनऊ ।
19. जे0एस0 यादव, मुख्य पर्यावरण अभियन्ता, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उ0प्र0 लखनऊ ।
20. पी0सी0 शर्मा, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड उ0प्र0 लखनऊ ।
21. एस0वी0 दफ्तवार, सीनियर प्लानर, सी0टी0सी0पी0 लखनऊ ।
22. वी0एन0 मिश्र, सी0ई0, नगर निगम, लखनऊ ।
23. राम सरन, ए0टी0ओ0, गंगा सेल ।
24. वी0एन0एल0 शर्मा, ए0टी0पी0, लखनऊ विकास प्राधिकरण लखनऊ ।

बैठक में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक-20.08.2007 को पारित निर्णय के समस्त बिन्दुओं पर सम्बन्धित विभागों के प्रतिनिधियों से चर्चा की गयी । बैठक में सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट हेतु ककरहा में भूमि अधिग्रहित किये जाने, भूमिगत जल स्तर गिरने के सम्बन्ध में भूगर्भ जल विभाग के स्तर से कृत कार्यवाही, लखनऊ नगर की पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के सम्बन्ध में किये गये प्रयासों एवं अन्य विषयों पर विचार-विमर्श हुआ ।

2- बैठक में सर्वप्रथम सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट हेतु ककरहा में भूमि अधिग्रहण के सम्बन्ध में प्रस्तावित भूमि के बारे में चर्चा की गयी । इस सम्बन्ध में मा0 अध्यक्ष, राजस्व परिषद के पत्र दिनांक-29.7.2007 द्वारा भूमि अधिग्रहण पर इस आशय की आपत्ति लगायी गयी है कि भूमि अर्जन प्रस्ताव को भेजने से पूर्व तीन निदेशों यथा-(1) प्रस्तावित योजना से निर्धारित लैण्ड यूज का उल्लंघन न

GO Chauhan

हो, (2) आवश्यकता से अधिक भूमि अधिग्रहीत न हो, तथा (3) पर्यावरण व स्वास्थ्य सम्बन्धी नियमों पालन हो । श्री हरेभजन सिंह, उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा यह अवगत कराया कि चूंकि सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट हेतु मास्टर प्लान में भूमि निश्चित है । अतः उक्त भूमि के अतिरिक्त कोई भूमि अधिग्रहीत की जाती है, तो इस हेतु महा योजना में परिवर्तन कराया जाना आवश्यक होगा । उ यह भी कथन था कि आवासीय प्रयोग हेतु निश्चत की गयी जिस भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है पर आवासीय कालोनियां बनेंगी और अन्य महत्वपूर्ण संस्थान भी बनना प्रस्तावित है । अतः वहां एस0टी0पी0 का निर्माण कराया जाना उचित नहीं होगा । इस सम्बन्ध में उन्होंने सुझाव दिया एस0टी0पी0 हेतु निर्धारित स्थल पर ही भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही की जाय एवं इस हेतु लखनऊ विक प्राधिकरण, लखनऊ के स्तर से वांछित सहयोग प्रदान किया जायेगा ।

3- बैठक में प्रमुख सचिव द्वारा यह निर्णय लिया गया कि मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित निर्णय का अनुपालन सम्बन्धित विभाग द्वारा तत्परतापूर्वक कराया जाय । साथ ही यह भी निर्णय लिया गया कि इस प्रकरण में मा0 न्यायालय द्वारा जिन विभागों से सीधे सूचना चाही गयी है, उन विभागों द्वारा अपने स्तर से प्रतिशपथ पत्र दाखिल किये जाने की कार्यवाही की जाय तथा नगर विकास विभाग द्वारा प्रतिशपथ पत्र तैयार कराये जाते समय समस्त विभाग अपने-अपने विभाग की सूचना / आख्या सहित मुख्य स्थायी अधिवक्ता, मा0 उच्च न्यायालय लखनऊ बेंच लखनऊ के कार्यालय में उपस्थित रहें । प्रतिशपथ तैयार कराये जाने हेतु मुख्य स्थायी अधिवक्ता द्वारा तिथि निर्धारित किये जाने की सूचना प्राप्त किये जाने हेतु नगर विकास विभाग से सम्पर्क में रहें ।

बैठक सधन्यवाद समाप्त हुई ।

गोविन्दन नायर
प्रमुख सचिव ।

उत्तर प्रदेश शासन
नगर विकास अनुभाग-7
संख्या-3327/9-5-2007-76सा/2007
लखनऊः दिनांकः 18 अक्टूबर, 2007

उपरोक्त की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. प्रमुख सचिव, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0 शासन ।
2. प्रमुख सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उ0प्र0 शासन ।
3. उपाध्यक्ष, लखनऊ विकास प्राधिकरण, लखनऊ ।
4. अपर जिलाधिकारी, भू-अध्याप्ति, लखनऊ ।
5. उप सचिव, पर्यावरण विभाग, उ0प्र0 शासन ।
6. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, बन्नरियाबाग, लखनऊ ।
7. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ ।
8. महाप्रबन्धक, जल संस्थान लखनऊ ।
9. नगर आयुक्त, नगर निगम, लखनऊ ।
10. निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, 9वां तल, इन्दिराभवन, लखनऊ ।
11. सदस्य सचिव, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, विकास भवन-।।। तल, बी-ब्लाक, विभूति खण्ड, गोमतीनगर, लखनऊ ।

संख्या 2921/ W-15/304 (2)-24.X.07 आज्ञा से,

(सूर्य प्रकाश मिश्र)
विशेष सचिव ।

(समाकान्त मिश्र)
शपथ आयुक्त एवं अनुभाग अधिकारी,

ANNEXURE A II

214 766 321

ट्रांस गोमती क्षेत्र हेतु सीवर ट्रीटमेन्ट प्लान्ट की स्थापना के सम्बन्ध में टिप्पणी।

क्रम	दिनांक/ समयावधि	विवरण
1.	1971-1991	लखनऊ हेतु तैयार की गयी प्रथम महायोजना(1971-1995) जोकि लखनऊ नगर निगम क्षेत्र हेतु तैयार की गयी थी, मे ग्राम-भैसौरा के समीप 7000 एकड़ सीवेज फार्म की भूमि का प्राविधान किया गया था परन्तु यह सीवेज फार्म विकसित नही हो सका।
2.	1991-2001	संशोधित महायोजना-2001 में किसी भी स्थान पर सीवेज फार्म अथवा सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का प्रस्ताव नही किया गया।
3.	2003	जल निगम की गोमती प्रदूषण नियंत्रण इकाई द्वारा ग्राम-बाघामऊ एवं भैसौरा में 120 हेक्टेअर भूमि 370 एम.एल. सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के लिए चयनित करने हेतु अधिग्रहण की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी।
4.	29.07.04	तत्कालीन अध्यक्ष, राजस्व परिषद द्वारा उक्त क्षेत्र को लखनऊ महायोजना-2021 के ड्राफ्ट में आवासीय भू-उपयोग के अन्तर्गत होने के कारण भूमि अधिग्रहण के प्रस्ताव को निर्धारित लैण्ड यूज के अन्तर्गत होने के सम्बन्ध में परीक्षण करने के निर्देश दिये गये।
5.	2005	अनुमोदित लखनऊ महायोजना-2021 में ग्राम-हासेमऊ, भरवारा, लोनापुर, चन्दियामऊ, मस्तेमऊ एवं बक्कास में 637 हेक्टेअर भूमि सीवेज फार्म/ सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट हेतु आरक्षित की गयी।
6.	04.09.06	प्राधिकरण की बोर्ड बैठक के विषय संख्या-4 के अन्तर्गत महायोजना-2021 में ग्राम-हासेमऊ, भरवारा, लोनापुर, चन्दियामऊ, मस्तेमऊ एवं बक्कास की लगभग 650 हेक्टेअर भूमि का भू-उपयोग आवासीय में परिवर्तित करने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया जिसको प्राधिकरण द्वारा अनुमोदित किया गया।
7.	14.11.06	प्राधिकरण की बैठक दिनांक 04.09.06 में लिये गये निर्णयों के क्रम में प्रश्नगत भू-उपयोग परिवर्तन हेतु शासन को पत्र प्रेषित किया गया।
8.	30.11.06	तत्कालीन पर्यावरण मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रश्नगत भू-उपयोग परिवर्तन के फलस्वरूप वैकल्पिक भूमि चयन

(767)
215
322

		करने का निर्णय लिया गया।
9.	27.01.07	लखनऊ विकास प्राधिकरण एवं जल निगम की सामुहिक सहमति से ग्राम-लौलाई देवरिया एवं हासेमऊ में सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट के लिए वैकल्पिक भूमि चयन किया गया।
10.	06.02.07	शासन द्वारा प्रश्नगत भू-उपयोग परिवर्तन हेतु मुख्य नगर नियोजक के अभिमत दिनांक 03.01.07 के क्रम में जल निगम की सहमति से वैकल्पिक भूमि चिन्हित करने एवं उसके भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही करने के सम्बन्ध में आख्या माँगी गयी।
11.	20.02.07	शासन को ग्राम- लौलाई देवरिया व हासेमऊ में प्रस्तावित वैकल्पिक भूमि का विवरण प्रेषित किया गया।
12.	11.05.07	तत्कालीन प्रमुख सचिव, नगर विकास की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह निर्णय लिया गया कि लखनऊ महायोजना-2021 में प्राविधानित सीवेज फार्म/ सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट की 637 हेक्टेअर भूमि के भू-उपयोग परिवर्तन का कोई औचित्य नही है, अतः इस हेतु नगर विकास विभाग द्वारा सहमति दिया जाना उचित नही है।
13.	20.07.07	अपर जिलाधिकारी(भू/अ) द्वारा निदेशक भूमि अध्याप्ति निदेशालय राजस्व परिषद का हवाला देते हुए यह जानकारी चाही गयी कि सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का अर्जन महायोजना-2021 में चिन्हित स्थान पर किया जा रहा है तथा प्राधिकरण से इस आशय का प्रमाण पत्र माँगा गया कि ग्राम-बाघामऊ एवं भैसौरा की अर्जन हेतु प्रस्तावित भूमि महायोजना-2021 में सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट हेतु आरक्षित है।
14.	13.08.07	प्राधिकरण द्वारा महा प्रबन्धक, गोमती प्रदूषण नियंत्रण इकाई, उ0प्र0 जल निगम को यह सूचित किया गया कि ग्राम-बाघामऊ एवं भैसौरा में सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट हेतु चिन्हित भूमि लखनऊ महायोजना-2021 में आवासीय भू-उपयोग के अन्तर्गत है।
15.	01.10.07	महा प्रबन्धक, गोमती प्रदूषण नियंत्रण इकाई, उ0प्र0 जल निगम द्वारा ग्राम- बाघामऊ एवं भैसौरा की आरक्षित भूमि को सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट में परिवर्तित करने का अनुरोध प्राधिकरण से किया गया।
16.	16.10.07	प्रमुख सचिव, नगर विकास की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में निर्णय लिया गया कि सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट हेतु महायोजना-2021 में निर्धारित स्थल पर ही भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही की जाय।

STP

17.	22.12.07	परियोजना प्रबन्धक, गोमती प्रदूषण नियंत्रण इकाई, उ0प्र0 जल निगम द्वारा ग्राम-लोनापुर, भरवारा एवं भैसौरा की 119.817 हेक्टेअर भूमि सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट हेतु चयनित की गयी।
18.	22.01.08/ 28.01.08	परियोजना प्रबन्धक, गोमती प्रदूषण नियंत्रण इकाई, उ0प्र0 जल निगम द्वारा ग्राम-लोनापुर, भरवारा एवं भैसौरा में चयनित उपयुक्त भूमि के भू-उपयोग के सम्बन्ध में जानकारी चाही गयी। मुख्य नगर नियोजक द्वारा प्रश्नगत भूमि का भू-उपयोग लखनऊ महयोजना-2021 के अनुसार मार्ग सीमा से 100 मीटर ग्रीन बेल्ट छोड़ते हुए सीवेज फार्म/ सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट अवगत कराया गया तथा यह भी अवगत कराया गया कि प्रश्नगत अधिग्रहण मानचित्र में चिन्हित मार्ग लखनऊ महायोजना के अनुसार महायोजना मार्ग है।
19.	25.01.08	आयुक्त, नगर निगम द्वारा 119.817 हेक्टेअर भूमि के भू-अर्जन का प्रस्ताव जिलाधिकारी को प्रेषित किया गया।
20.	25.03.08	उ0प्र0 शासन द्वारा भू-अर्जन हेतु धारा-4 की अधिसूचना जारी की गई तथा धारा-6 की कार्यवाही प्रगति पर है।

बिन्दु संख्या-19 व 20 पर उल्लिखित सूचनायें परियोजना प्रबन्धक गोमती प्रदूषण नियंत्रण इकाई(प्रथम), जल निगम द्वारा उपलब्ध करायी गई सूचना पर आधारित है।

25/4/08

(जी0एस0 गोयल)
मुख्य नगर नियोजक,
लखनऊ विकास प्राधिकरण।

STP

29/4/08

(एम.कान्त मिश्र)
शपथ आयुक्त एवं अनुभाग अधिकारी,
न्याय अनुभाग-6 (रिट याचिका)
उत्तर प्रदेश शासन

ANNEXURE A-12

769

217 324

रेन वाटर हार्वेस्टिंग के सम्बन्ध में।

Govt of Uttar Pradesh is well aware about the water crises problem and continuous fall in under ground water level. To recharge the under ground water strata, Govt. has issued various G.O.'s time to time by which it has been made compulsory to harvest roof top rain water. Previously till 2003 (Annex-1) the provision was made compulsory for the buildings proposed on plots having area of 1000 sqm. or more. But looking at the gravity of the problem, the G.O. was amended in 2003 (Annex-2) by which R.W.H. was made compulsory for all building having plot area of 300m^2 or more and again in 2006(Annex-3), it was made compulsory for plots having area of 200 mt or more.

Maps are being sanctioned with a condition that R.W.H. shall be implemented before the completion of the building.

Uttar Pradesh Urban Planning and Development Act. 1973 has ample provision to deal with the offenders under which action under section 27 and 28 can be taken.

LDA has issued directions to all concerned of officers to taken necessary action. Periodically monitoring shall be done by VC himself. Notice in the newspaper on dated 17.04.08 has been published in which it is clearly mentioned that R.W.H. is mandatory and if not implemented, action shall be taken as per law. (Annex-4).

A team of officers have been authorized to inspect the buildings and report about the implementation of the R.W.H. (Annex-5).

Progress in this field shall be monitored weekly and for that every Tuesday, a meeting shall be held under the chairmanship of VC (Annex-6).

As per provision of Urban Planning Act., after compilation of the building it is mandatory to get the completion certificate from Development Authority. Few owners has applied for completion certificate and its has been ensured that R.W.H. has been implemented. As per the site verification carried out till date in 60 building. RWH has been found to be implemented.

Notices have been issued to 40 persons for not implementing the RWH provisions.

Goyal 25/4/08

(G.S. Goyal)

Chief Town Planner,

Lucknow Development Authority

ANNEX-1 (248) (270) 325

1703 A /9-आ-1-29-विविध/98 (आ.

प्रेषक,

भोला नाथ तिवारी,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

2. समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

3. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

4. समस्त विभागाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

आवास अनुभाग-1

लखनऊ : दिनाँक : 12 अप्रैल, 200

विषय: ग्राउण्ड वाटर के संरक्षण तथा रिचार्जिंग हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्धतियों को अपनाए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आप अगगत है कि जीवन एवं पर्यावरण के अस्तित्व के लिए जल एक अनिवार्य प्राकृतिक संसाधन है। परन्तु ग्राउण्ड वाटर स्रोत के अनियोजित ढंग से मनमानी मात्रा में अति दोहन के कारण ग्राउण्ड वाटर स्तर तेजी से नीचे गिर रहा है तथा शहरों की बढ़ती हुई आबादी को समुचित पेयजल की व्यवस्था प्रदान करना सम्भव नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में यदि पेय जल के उपयोग एंव ग्राउण्ड वाटर स्रोतों के संरक्षण, मित्व्ययता, जल प्रयोग तथा रिचार्जिंग में समुचित जल-प्रबन्धन द्वारा संतुलन स्थापित नहीं किया गया तो निकट भविष्य में पेयजल का भारी संकट उत्पन्न होने की आशंका है। इसलिए जल संसाधन की संरक्षा एंव सुरक्षा हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सरल, कुशल और कम लागत वाली पद्धतियों को अपनाए जाने की आवश्यकता है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं ग्राउण्ड वाटर के समुचित प्रबन्धन हेतु योजनाओं की संरचना तथा विकास एवं निर्माण के समय शासन द्वारा विचारोपरान्त निम्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने का निर्णय लिया गया है।

2.1 **महायोजना/जोनल प्लान स्तर पर कार्यवाही :**

नगरीय क्षेत्रों में प्राकृतिक जलाशयों, तालाबों झीलों को चिन्हित कर महायोजना/जोनल डेवलपमेंट प्लान में उनके अनिवार्य संरक्षण हेतु प्राविधान किए जाएं एवं इनके अन्तर्गत आने वाली भूमि को किसी अन्य उपयोग में प्रस्तावित न किया जाए। साथ ही जलाशयों, तालाबों को प्रभावी रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग के उपयोग में लाने हेतु चारों ओर के क्षेत्र का डेवलपमेंट यथासम्भव इन्हीं जलाशयों में निस्तारित करने हेतु प्राविधान किए जाएं, परन्तु औद्योगिक क्षेत्रों का प्रवाह उचित उपचार के उपरान्त ही इनमें मिलाया जाए।

2.2 **योजना/ले-आउट प्लान स्तर पर कार्यवाही**

(i) 20 एकड़ एवं अधिक क्षेत्रफल की विभिन्न योजनाओं के ले-आउट प्लान्स में पार्क एंव खुले क्षेत्रों के अन्तर्गत कुल योजना क्षेत्र के लगभग 5 प्रतिशत भूमि पर तालाब/जलाशय (**Water Bodies**) बनाई जाएं जिनसे ग्राउण्ड वाटर चार्ज हो सके। ऐसे जलाशय/तालाब का न्यूनतम क्षेत्रफल एक एकड़ होगा और उसकी गहराई 6 मीटर होगी।

(ii) 20 एकड़ से कम क्षेत्रफल की योजनाओं में उपरोक्तानुसार तालाब/जलाशय बनाए जाएं अथवा पार्क/ग्रीन बेल्ट के अन्तर्गत निर्धारित मानक के अनुसार एक कोने में रिचार्ज-वैल/रिचार्ज टैंक बनाए जाएं।

(iii) नई योजना बनाने से पूर्व क्षेत्र का ज्योलॉजिकल/हाइड्रोलॉजिकल/हाइड्रोज्योलॉजिकल सर्वेक्षण कराया जाए ताकि ग्राउण्ड वाटर रिचार्जिंग हेतु स्थानीय आवश्यकतानुसार उपयुक्त पद्धति को अपनाया जा सके।

(iv) पार्कों में पक्का निर्माण (पक्के पेवमेंट सहित) 5 प्रतिशत से अधिक न किया जाए तथा फुटपाथ व ट्रैक्स यथासम्भव परमिएबल या सेमी-परमिएबल परफोरेटेड ब्लॉक्स के प्रयोग से ही बनाए जाएं।

2.3 **भवन निर्माण स्तर पर कार्यवाही**

(i) 1000 वर्ग मीटर एवं इससे अधिक क्षेत्रफल के समस्त उपयोगों के भूखण्डों तथा सभी ग्रुप हाउसिंग योजनाओं में छतों एवं खुले स्थानों से प्राप्त होने वाले बरसाती जल को परकोलेशन पिट्स (**Percolation Pits**) के माध्यम से ग्राउण्ड वाटर चार्जिंग के लिए अनिवार्य किया जाए। इस हेतु भवन उपविधियों में भी व्यवस्था की गई है तथा उसी के अनुसार भवन मानचित्र स्वीकृत किए जाएंगे।

(ii) भविष्य में निर्मित होने वाले समस्त शासकीय भवनों में छतों एवं खुले स्थानों से प्राप्त होने वाले बरसाती जल को ग्राउण्ड वाटर चार्जिंग के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा इसके लिए आवश्यक धनराशि भवन की लागत में ही प्राविधानित की जाए।

(iii) पूर्व में निर्मित शासकीय भवनों में भी रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं रिचार्ज प्रणाली को अपनाया जाए तथा इसके लिए आवश्यक धनराशि की व्यवस्था सभी विभागों द्वारा अपने-अपने कार्यक्रमों के अन्तर्गत सुनिश्चित की जाए।

2.4 **अन्य कार्यवाही**

(i) सड़कों, पार्कों तथा खुले स्थान में वृक्षारोपण हेतु ऐसे पेड़-पौधों की प्रजातियों का चयन किया जाए जिनको जल की न्यूनतम आवश्यकता हो तथा जो कम जल ग्रहण करके ग्रीष्म ऋतु में भी हरे-भरे रह सकें।

(ii) यदि सम्भव हो तो सड़कों के किनारे कच्चे रखे जाएं जिनमें ''ब्रिक-ऑन-एज''/''लूज-स्टोन पेवमेन्ट'' का प्राविधान किया जाए ताकि ग्राउण्ड वाटर की चार्जिंग सम्भव हो सके।

3. रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं रिचार्ज प्रणाली के सम्बन्ध में अन्य तकनीकी जानकारी क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूजल परिषद लखनऊ क्षेत्र, निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश तथा मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई वृत्त, लखनऊ से प्राप्त की जा सकती है।

4. कृपया उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने हेतु अपने अधीनस्थ कार्यरत संस्थाओं को अपने स्तर से आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करें। इसके अतिरिक्त रेन वाटर हार्वेस्टिंग की विभिन्न पद्धतियों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु भी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
भोला नाथ तिवारी
मुख्य सचिव

1703A(1)/9-आ-1-29-विविध/98 (आ.ब.) तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. निजी सचिव, मा0 आवास मंत्री/राज्य आवास मंत्री, उत्तर प्रदेश।
2. आवास आयुक्त, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
3. उपाध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश
4. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश सहकारी आवास संघ लि0।
5. क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूजल परिषद, लखनऊ क्षेत्र।
6. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम।
7. निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश।
8. सदस्य/सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उत्तर प्रदेश।
9. अध्यक्ष, यू.पी. रेडको।
10. अध्यक्ष, आर्कीटेक्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,
अतुल कुमार गुप्ता
सचिव

ANNEX-2

संख्या – 3671/9–आ–1–17विविध/03 (आ.ब.)

प्रेषक,

जे.एस.मिश्र,
सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. आवास आयुक्त,
उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. उपाध्यक्ष,
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

अध्यक्ष,
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

4. अध्यक्ष,
नियन्त्रक प्राधिकारी,
समसस्त विनियमित क्षेत्र, उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक : 19 जून, 2003

विषयः रेन वाटर हार्वेस्टिंग की नीति के क्रियान्वयन हेतु कार्य–योजना के सम्बन्ध में।

महोदय,

आप अवगत है कि प्रदेश में तीव्र नगरीयकरण एवं जल श्रोतों के अत्यधिक दोहन के कारण भूमिगत जल स्तर निरन्तर गिरता जा रहा है जिससे कुएं एवं बोर वैल्स, आदि सूख रहे हैं और नलकूपों की क्षमता में भी कमी आई है। ऐसी आशंका है कि भूजल स्तर के गिरने का यदि यही क्रम बना रहा तो आगामी कुछ वर्षों में भूमिगत जल श्रोत समाप्त हो जाएंगे और मानव सभ्यता का भारी जल संकट का समाना करना पड़ेगा।

2– भूमिगत जल के गिरते स्तर के दृष्टिगत एवं जल की बढ़ती माँग को जल संरक्षण एवं वर्तमान जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार लाकर पूर्ण किया जा सकता है। परन्तु दोनों माध्यमों को अपनाए जाने में वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होगी, अतः पेय जल की बढ़ती माँग के दृष्टिगत जल संसाधन का संरक्षण एवं गिरते जल स्तर को रोकने के लिए तालाब, पोखर, झील का सुदृढ़ीकरण एवं उचित रख–रखाव, जल का सदुपयोग एवं रेन वाटर हार्वेस्टंग जैसे उपाय अपनाया जाना अनिवार्य हो गया है। इस हेतु ग्रामीण क्षेत्रों के साथ–साथ शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल के संचयन को लोकप्रिय बनाने की महती आवश्यकता हैं। उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सरल, कुशल एवं कम लागत वाली पद्धतियों को अपनाये जाने हेतु मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश के स्तर से शासनादेश संख्या 1703 ए/9–आ–1–29–विविध/98 (आ.ब.) दिनांक 12 अप्रैल, 2001 के अधीन विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किये गये थे, परन्तु शासनादेश में निहित व्यवस्थाओं के क्रियान्वन हेतु सम्बन्धित संस्थाओं द्वारा अभी गम्भीर प्रयास नहीं किये गये है।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह सूचित करने का निदेश हुआ है कि भूगर्भ जल के गिर रहे स्तर के खतरे के दृष्टिगत रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लागू किया जाना अनिवार्य हो गया है। अतः रेन वाटर हार्वेस्टिंग की नीति का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु आवास एवं शहरी नियोजन विभाग एवं नगर विकास विभाग के समन्वय से नगरीय क्षेत्रों के लिये एक कार्य–योजना बनाई गयी है जिसका क्रियान्वयन इस वर्षा ऋतु में एक अभियान के रूप में किया जाना प्रस्तावित है। कार्य–योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रक्रिया एवं समय–सारिणी भी निर्धारित की गई है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्डड वाटर बोर्ड की गाईडलाईन्स पर आधारित सामग्री

220 224 773

संकलित की गई है। जिसमें विभिन्न प्रकार के रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स के डिजाइन एवं वाटर हार्वेस्टिंग पोटेन्शियल के आ
की पद्धति दी गई है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक होगा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स का निर्माण मानक तकनीक के अ
हो तथा वर्षा जल न्यूनतम आवश्यक गहराई तक ही भूमि के अन्दर प्रवेश कराया जाए ताकि भूगर्भ जल श्रोतों के प्रदूषण की स
उत्पन्न न हो। इसके अतिरिक्त सेन्ट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड/उत्तर प्रदेश ग्राउण्ड वाटर बोर्ड द्वारा चिन्हित ऐसे क्षेत्र जो जल
(Water Logging) की समस्या से ग्रस्त है, में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को न अपनाया जाएं सम्बन्धित प्राधिकरण/सक्षम प्राधिक
का यह दायित्व होगा कि ग्राउण्ड वाटर बोर्ड से जल मग्न क्षेत्र का प्रमाणित मानचित्र प्राप्त कर उसे जनता की जानकारी हेतु
प्रकाशित करें।

4– उपर्युक्त कार्य–योजना एवं अन्य विवरण तथा प्रगति के अनुश्रवण हेतु निर्धारित प्रपत्र (एम.पी.आर–22) की प्रतिलिपि
संलग्न करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कार्य–योजना को एक अभियान के रूप में क्रियान्वित करने हेतु निर्दिष्ट
प्रक्रियानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक माह की प्रगति आख्या मासिक एम.पी.आर. के साथ नियमित रूप से आवास बन्धु
को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। आवास एवं विकास परिषद तथा विकास प्राधिकरणों द्वारा कार्य–योजना से सम्बन्धित कार्यक्रम
का समन्वित, समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व क्रमशः आवास आयुक्त तथा सम्बन्धित
उपाध्यक्ष का होगा।

5– इस हेतु नगर स्तरीय कार्यालयों में "रेन वाटर हार्वेस्टिंग व जल सम्वर्द्धन सेल" का गठन किया जाए एवं किसी वरिष्ठ
अधिकारी का प्रभारी का प्रभारी बनाया जाए। स्थानीय स्तर पर व्यक्तियों/संस्थाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें क्रियान्वयन हेतु नामित
करना भी उचित होगा। यदि प्राधिकरण/आवास परिषद के कार्यालय स्तर पर एक डिवीजन नामित किया जा सके, जो उचित
लागत पर योजना का समयबद्ध क्रियान्वयन करा सके तो अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकेंगे।

6– मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि भूजल संसाधनों के संरक्षण व सम्वर्द्धन के दृष्टिगत शासन द्वारा 300 वर्गमीटर
से अधिक क्षेत्रफल के नव निर्मित होने वाले समस्त प्रकृति के भवनों में तत्काल प्रभाव से रूफ टॉप हार्वेस्टिंग अनिवार्य किये जाने
का निर्णय लिया गया है। अतः शासनादेश संख्या 1703ए/9–आ–1–29–विविध/98 (आ.ब.) दिनांक 12 अप्रैल, 2001 तथा भवन
निर्माण एवं विकास उपविधि, 2000 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाए।

7– कृपया रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य–योजना को एक अभियान के रूप में क्रियान्वित करने हेतु उपर्युक्त निदेशों का गम्भीरता
से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

भवदीय

जे.एस.मिश्र
सचिव।

संख्या :– 3671 (1)/9–अ–1–17विविध/03 (आ.ब.), तद्दिनांक :–

प्रतिलिपि संलग्नकों सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

निजी सचिव, मा. आवास मंत्री/राज्य आवास मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।

प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि स्थानीय निकायों, जल निगम, जल संस्थान तथा निदेशक, स्थानीय निकाय को कार्य–योजना के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु अपने स्तर से आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करें।

समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।

मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तर प्रदेश।

प्रबन्ध निदेशक, उत्तर भारतीय सहकारी आवास निगम लि.।

क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूजल परिषद, लखनऊ क्षेत्र।

निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश।

सदस्य/सचिव, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, उत्तर प्रदेश।

अ ., यू.पी. रेडको।

अध्यक्ष, आर्कीटेक्ट्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश।

संलग्नक : 1. कार्य–योजना (01 पृष्ठ)
2. कार्यवाही एवं समय–सारिणी (01 पृष्ठ)
3. प्रगति आख्या हेतु प्रपत्र (01 पृष्ठ)
4. वाटर हार्वेस्टिंग मैनुवल (01 पृष्ठ)

आज्ञा से,

संजय भूसरेड्डी
विशेष सचिव।

ANNEX-3

775

संख्या: U035/आठ-1-2005

प्रेषक,

नवीन चन्द्र वाजपेई,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक : 25 अप्रैल, 2006

विषय :- भू-जल संरक्षण एवं रिचार्जिंग हेतु वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) प्रणाली को अपनाए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उत्तर प्रदेश का अधिकांश भाग गंगा-यमुना के दोआबे में स्थित है, जहां विश्व का विशालतम भू-जल-भण्डार उपलब्ध है, किन्तु पेय जल, सिंचाई तथा उद्योगों हेतु जल की बढ़ती मांग के कारण भू-जल स्रोतों का अनियन्त्रित दोहन अनवरत रूप से जारी है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव प्रदेश के अधिकांश भागों में धीरे-धीरे गिरते हुए जल स्तर, नलकूपों की असफलता एवं पारिस्थितिकीय असंतुलन के रूप में परिलक्षित हो रहा है। भू-जल स्रोतों के साथ-साथ सतही जल स्रोत विशेष रूप से तालाब, पोखर एवं जलाशय, आदि भी सूख रहे हैं। इस प्रकार पारिस्थितिकीय संरक्षण की दृष्टि से जल का संरक्षण एवं संचयन वर्तमान में एक चुनौती बन चुका है। अतः समय रहते इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही किए जाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में जल संकट का सामना न करना पड़े।

2- उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष लाखों गैलन वर्षा जल व्यर्थ बहकर समुद्र में चला जाता है, जिसे अन्यथा भू-जल संचयन की विभिन्न संरचनाओं के माध्यम से भूमि के अन्दर प्रवेश करा कर भविष्य में सम्भावित जल संकट का समाधान सुनिश्चित हो सकता है। इस प्रकार वर्षा जल संरक्षण एवं भूजल रिचार्जिंग विधा एक प्रभावी विकल्प के रूप में उभरी है, जिसे व्यापक रूप से अपनाए जाने पर दबावग्रस्त भूगर्भीय जल स्रोतों का संरक्षण सुनिश्चित हो सकता है एवं उन्हें पुनर्जीवित किया जा सकता है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर निम्नांकित शासनादेश जारी किए गए हैं :-

(1) शासनादेश संख्या: 1703ए/9-आ-1-29 विविध/98, दिनांक 12.4.2001

(776) 331

264

(II) शासनादेश संख्या: 3771/9-आ-1-17 विविध/2003, दिनांक 19.6.2001

(III) शासनादेश संख्या: 3887/9-आ-1-रेन वा.हार्वे./2002, दिनांक 02.09.02

(IV) शासनादेश संख्या: 1760/9-आ-1-04-17 विविध/2003, दिनांक 29.07.04

3- रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना को सुगम, सुरक्षित, लागत प्रभावी एवं लोकप्रिय बनाए जाने हेतु उपर्युक्त शासनादेशों के विभिन्न प्राविधानों पर इस विधा में विशेषज्ञ विभागों/संस्थाओं से शासन स्तर पर व्यापक विमर्श किया गया जिसके क्रम में कतिपय संशोधन आवश्यक पाए गए हैं। अतः मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भू-जल संरक्षण एवं रिचार्जिंग हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को अपनाए जाने के सम्बन्ध में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा पूर्व में जारी उपरिलिखित शासनादेशों के गहन परीक्षण एवं सम्यक विचारोपरान्त तात्कालिक प्रभाव से निम्न संशोधन एवं व्यवस्था लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है :-

3.1 नगरीय क्षेत्रों में प्राकृतिक तालाबों, पोखरों, जलाशयों, आदि का संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा, इस हेतु ऐसे समस्त तालाबों, पोखरों, जलाशयों को महायोजना/जोनल डेवलपमेन्ट प्लान में चिन्हित कर उनके वर्तमान उपयोग हेतु आरक्षित किया जाए तथा उनमें केवल वर्षा जल का सरफेस रन आफ व सम्बन्धित क्षेत्र से गुजर रहे प्राकृतिक ड्रेनेज (जिनमें प्रदूषित जल न आता हो), को ही मिलाने की व्यवस्था रखी जाए। ऐसे तालाबों/पोखरों/जलाशयों, आदि में भू-जल रिचार्जिंग हेतु रिचार्ज शैफ्ट किसी भी दशा में नही बनाए जाएंगे जिनमें औद्योगिक क्षेत्रों का प्रदूषित जल-प्रवाह आता हो अथवा प्रदूषित जल आने की सम्भावना हो। रिचार्ज शैफ्ट स्थल विशेष की परिस्थितियों का विश्लेषण करने के उपरान्त ही बनाए जाएं। इसके अतिरिक्त तालाबों, पोखरों, जलाशयों, आदि को अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण/कब्जे से मुक्त रखा जाए तथा सम्बन्धित अभिकरण द्वारा उनका जीर्णोद्धार किया जाए।

3.2 नयी योजना बनाने से पूर्व क्षेत्र का जियोलॉजीकल/हाइड्रोलॉजीकल/हाइड्रोजियोलॉजीकल सर्वेक्षण कराया जाए एवं भू-जल की रिचार्जिंग हेतु स्थानीय आवश्यकतानुसार उपयुक्त पद्धति को अपनाया जाए।

3.3 20 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल की योजनाओं के ले-आउट प्लान्स में पार्क एवं खुले क्षेत्र के अन्तर्गत कुल योजना क्षेत्र की लगभग 5 प्रतिशत भूमि पर भू-जल की रिचार्जिंग हेतु जलाशय का निर्माण किया जाए, जिसका न्यूनतम क्षेत्रफल एक एकड़ होगा। जलाशय के निर्माण के पूर्व सम्बन्धित योजना के अन्तर्गत वर्षा जल के प्राकृतिक कैचमेन्ट एरिया को चिन्हित करते हुए वर्षा जल के आयतन, क्षेत्र के हाइड्रोजियोलॉजीकल, टोपोग्राफी, लीथोलाजी, मृदा गुणों तथा प्रस्तावित जलाशय में वर्षा जल के सम्भावित ठहराव (रिटेन्शन) व "स्टेगनेशन" का अध्ययन एवं तत्सम्बन्धी फिजिबिलिटी का आंकलन किया जाए और उसके

3.7 भू-जल संसाधनों की सुरक्षा के दृष्टिगत केवल छतों से प्राप्त होने व बरसाती जल को ही भू-जल स्रोतों में रिचार्ज कराया जाए। खुले क्षेत्रों से प्राप्त होने वाले वर्षा जल को कदापि रिचार्जिंग के उपयोग में न लाया जाए क्योंकि रिचार्जिंग वैल विधा से वर्षा जल सीधे स्ट्रेटा (एक्यूफर) में प्रवेश करेगा, जिससे भू-जल प्रदूषित हो सकता है। इसके अतिरिक्त रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स का निर्माण मानक तकनीक के अनुसार सुनिश्चित किया जाए तथा वर्षा जल को न्यूनतम आवश्यक गहराई तक ही भूमि के अन्दर प्रवेश कराया जाए, ताकि भू-जल स्रोतों के प्रदूषण की समस्या उत्पन्न न हो।

3.8 सड़कों के किनारे यथासम्भव कच्चे रखे जाएं, जिनमें 'ब्रिक आन एज/लूज़ स्टोन पेवमेन्ट' का प्राविधान किया जाए, ताकि भू-जल की अधिकतम रिचार्जिंग सम्भव हो सके।

3.9 सड़कों, पार्कों तथा खुले क्षेत्रों में वृक्षारोपण हेतु ऐसे पेड़-पौधों की प्रजातियों का चयन किया जाए, जिनको जल की न्यूनतम आवश्यकता हो तथा जो कम जल ग्रहण करके भी ग्रीष्म ऋतु में हरे-भरे रह सकें।

3.10 रेन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु स्थापित रिचार्ज स्ट्रक्चर्स के अनुरक्षण एवं रख-रखाव का कार्य सम्बन्धित विभाग/संस्था/लाभार्थी द्वारा सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जाए।

3.11 जलप्लावन (वाटर लॉगिंग) की समस्या वाले क्षेत्रों में भू-जल रिचार्जिंग प्रणाली न अपनायी जाए, परन्तु भवनों की छतों से प्राप्त होने वाले वर्षा जल के संग्रहण हेतु व्यवस्था कराई जा सकती है।

3.12 रेन वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी एवं तकनीकी विशेषज्ञता जैसे कि क्षेत्र का जियोलॉजीकल, हाइड्रोलॉजीकल एवं हाइड्रोजियोलॉजीकल सर्वेक्षण, फिजीबिलिटी के आकलन, रिचार्ज स्ट्रक्चर्स का संरचनात्मक डिजाइन एवं निर्माण, उपलब्ध टैक्नोलॉजी एवं इक्विपमेन्ट, निर्माण एवं रख-रखाव की लागत, आदि के सम्बन्ध में निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश तथा क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भू-जल परिषद, लखनऊ क्षेत्र से तकनीकी परामर्श प्राप्त किया जा सकता है।

4- मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश में भू-जल संचयन एवं रिचार्जिंग की विभिन्न योजनाओं के समन्वय एवं अनुश्रवण तथा भू-जल अनुसंधान, अन्वेषण, दीर्घकालीन प्रबन्धन एवं नियोजन हेतु भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश को 'नोडल एजेन्सी' घोषित किया गया है। अतः रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं भू-जल रिचार्जिंग की विभिन्न पद्धतियों में प्रयुक्त की जा रही तकनीकों एवं रिचार्ज स्ट्रक्चर्स से प्राप्त होने वाले भू-जल रिचार्ज एवं भू-जल स्तर पर सम्भावित प्रभाव के आंकलन तथा 'इम्पेक्ट असेसमेन्ट' की व्यवस्था 'नोडल एजेन्सी' द्वारा सुनिश्चित की जाए।

778
333

अनुसार ही जलाशय की गहराई निर्धारित की जाए, परन्तु जलाशय की गहराई किसी भी दशा में 03 मीटर से अधिक न रखी जाए। इसके अतिरिक्त जलाशय में केवल उसी योजना के 'सरफेस–रन–आफ' को निस्तारित करने की व्यवस्था की जाए तथा प्रदूषित जल एवं उतरावाह को उसमें न मिलाया जाए।

3.4 20 एकड़ से कम क्षेत्रफल की योजनाओं में भी उपरोक्तानुसार जलाशय बनाए जाएं एवं पार्क व खुले क्षेत्र के अन्तर्गत निर्धारित मानकों के अनुसार एक कोने में 'रिचार्ज पिट' / 'रिचार्ज शैफ्ट' बनाए जाएं। ऐसे 'रिचार्ज पिट' / 'रिचार्ज शैफ्ट' का निर्माण क्षेत्रीय हाईड्रोजियोलॉजी के अनुरूप एवं भू–जल के ढलान की दिशा में किया जाए।

3.5 पार्कों में पक्का निर्माण, पक्के पेवमेन्ट सहित 5 प्रतिशत से अधिक न किया जाए तथा फुटपाथ एवं ट्रैक्स यथासम्भव 'परमीएबिल' या 'सेमी परमीएबिल परफोरेटेड ब्लॉक्स' के प्रयोग से ही बनाए जाएं। वर्षा जल के अधिकतम भूमिगत रिसाव को पार्क एवं खुले क्षेत्रों में प्रोत्साहित किया जाए।

3.6 नव निर्मित होने वाले समस्त उपयोगों के भवनों में 'रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग' प्रणाली अनिवार्य रूप से स्थापित करायी जाए। इस हेतु निम्न प्रक्रिया अपनायी जाए :–

(क) शासकीय अभिकरणों / निजी विकासकर्ताओं / सहकारी आवास समितियों द्वारा प्रस्तावित नई योजनाओं के ले–आउट प्लान्स में दुर्बल एवं अल्प आय वर्ग को छोड़कर अवस्थापना सुविधाओं यथा जलापूर्ति, ड्रेनेज एवं सीवरेज के नेटवर्क के साथ–साथ रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से भू–जल की सामूहिक रिचार्जिंग हेतु अन्य पृथक नेटवर्क का प्राविधान किया जाए, जिससे व्यक्तिगत भूखण्डों / भवनों हेतु रिचार्जिंग पिट से लेकर उपयुक्त स्थलों पर रिचार्जिंग स्ट्रक्चर्स की व्यवस्था हो जाए। उक्त व्यवस्था पर आने वाले व्यय को योजना की विक्रय–योग्य भूमि पर भारित करते हुए लाभार्थियों से भूखण्डों / भवनों के विक्रय मूल्य में जोड़कर वसूली की जाए।

(ख) शासकीय अभिकरणों / निजी विकासकर्ताओं / सहकारी समितियों द्वारा विकसित योजनाओं में 100 वर्ग मीटर अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल के सभी प्रकार के भूखण्डों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्धति की स्थापना किया जाना अनिवार्य होगा। किन्तु 200 वर्ग मीटर से कम क्षेत्रफल के भूखण्डों पर निर्मित होने वाले भवन के सम्बन्ध में मात्र यह बाध्यता होगी कि भवनों की छत से वर्षा जल का सामूहिक रिचार्ज योजना के नेटवर्क में ही प्रवाहित किया जाए, जबकि 200 वर्ग मीटर अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल के भूखण्डों में यदि सामूहिक रिचार्ज नेटवर्क नहीं है, तो भवन स्वामी को स्वयं ही इस पद्धति की स्थापना करना अनिवार्य होगा।

779
334

5- कृपया उपर्युक्त निर्देशों का प्रभावी रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु अपने अधीन कार्यरत विभागों/संस्थाओं के अधिकारियों को अपने स्तर से निर्देश जारी करने का कष्ट करें। साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लोकप्रिय बनाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए भी आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

नवीन चन्द्र वाजपेई
मुख्य सचिव

संख्या : (1)/आठ-1-2005 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. आवास आयुक्त, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
2. उपाध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
3. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश सहकारी आवास संघ लि. लखनऊ।
4. क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भू-जल बोर्ड, लखनऊ।
5. निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश।
6. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम।
7. सचिव/सदस्य, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड।
8. अध्यक्ष, यूपीरेडको, लखनऊ।
9. अध्यक्ष, आर्कीटेक्ट्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

(के.एल. मीना)
सचिव

AVAS-1/GO-3

335 228 7-96



have any idea about the magnitude of the problem," lamented Project Tiger director Rajesh Gopal.

He said a proposal to set up an agency in this field has been cleared by the Central government. However, it would take a few years before it starts functioning.

were held in an impartial manner the Samajwadi Party would have fare very well.The SP leader said that instances abound where the ruling par candidates violated the model code of conduct on many counts.

लखनऊ विकास प्राधिकरण

प्राधिकरण भवन, गोमती नगर, लखनऊ

आवश्यक सूचना

भूगर्भीय जल स्तर में निरन्तर गिरावट के दृष्टिगत नगरीय क्षेत्रों में निर्माण हेतु प्रस्तावित भवनों में रूफ टाप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग परियोजना क्रियान्वित किये जाने हेतु समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के क्रम में प्राधिकरण द्वारा मानचित्रों की स्वीकृत इस प्रतिबंध के साथ प्रदान की जा रही है कि परिसर में रूफ टाप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग परियोजना क्रियान्वित की जायेगी। स्वीकृत मानचित्रों के आधार पर निर्मित/निर्माणाधीन भवनों में स्वीकृति की किसी भी शर्त का उल्लंघन किये जाने की दशा में उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम की धारा–27 व 28 के अन्तर्गत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने का भी प्राविधान है, जिसके अन्तर्गत परिसर सील भी किया जा सकता है।

प्राधिकरण के संज्ञान में आया है कि रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के क्रियान्वयन की शर्त सहित स्वीकृत मानचित्रों के आधार पर निर्मित अधिकांश भवनों के परिसरों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग परियोजना का क्रियान्वयन नहीं किया गया है। अतः जन सामान्य से अपील की जाती है कि अपने परिसरों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग परियोजना का तत्काल क्रियान्वयन सुनिश्चित कराकर प्राधिकरण को अवगत कराने का कष्ट करें अन्यथा अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

उपाध्यक्ष

Department of Information & Public Relations, Lucknow, Uttar Prades

EXPRESSION OF INTEREST

The Government of Uttar Prades desires to make a Documentary of 20 to 25 Minute duration for projecting the developments which too place in the state during the last one year. The film w be required to be shot across the state.

Expression of Interest is invited fro established advertising Agencies/med Agencies/film producer parties with proven tra record of providing either by themselves or throu affiliated producer, Developmental films f Government (Central/State) or the internatior bodies, along with Bio data of the nodal accour manager and producer/creative team, th credentials, relevant past experience, last three yea billing details, etc. on or before 19 April 2008 at t following address :

DIRECTOR
INFORMATION AND PUBLIC RELATION
Government of Uttar Pradesh
Soochna Bhawan
6, Park Road, Hazratganj, Lucknow

ATI SHAHUJI MAHARAJ UNIVERSITY, KANPUR

ON NOTICE (ENTRANCE TEST - 2008)

Notice / 1569 / 2008 Date : 15.04.2008

on the prescribed format from the candidates for admission in the courses tabulated ow in the University Institute of Paramedical Sciences, Business Management and Kanpur.

VERSITY INSTITUTE OF PARAMEDICAL SCIENCES

	Seats	Eligibility	Duration
Technology (B.Sc.M.L.T.)	40	Intermediate or 10+2 (PCB) with 50% marks*	3 years
Technology (DMLT)	40	Intermediate or 10+2 (PCB) with 45% marks*	2 years
	60	Intermediate or 10+2 (PCB) with 50% marks*	4 years
apy (DOT)	30	Intermediate or 10+2 (PCB) with 45% marks*	2 years
	30	Intermediate or 10+2 (PCB) with 45% marks*	2 years
	30	Intermediate or 10+2 (PCB) with 45% marks*	2 years
(OT)	30	Intermediate or 10+2 (PCB) with 45% marks*	2 years

लखनऊ विकास प्राधिकरण

प्राधिकरण भवन, गोमती नगर, लखनऊ

आवश्यक सूचना

दिनांक 01/02/2008 से 10/03/2008 तक गोमती नगर फेज–2 खण्ड स्थित एम0आई0जी व एम0एम0आई0जी0 भवनों के लिए पंजीकरण खो था। आवेदकों की सूची प्राधिकरण के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गयी है सम्बन्धित आवेदकों से अनुरोध है कि सूची में आवेदित श्रेणी में अपने नाम की जांच कर लें। यदि इस सम्बन्ध में कोई भी आपत्ति है तो दिनांक 21/04/2008 तक संतोष मुर्डिया, उपसचिव (एम) के कार्यालय में आपत्ति प्राप्त करवा दें। इस स नियत तिथि के पश्चात प्राप्त हुई किसी भी आपत्ति पर विचार कर कार्यवाही कि सम्भव नहीं होगा।

भवनों की लाटरी सर्व सम्बन्धित के समक्ष दिनांक 25/04/2008 को

about the New Law Building from Kanpur

T.O.I, 17.4.08

29/4/08

ANNEX-4

229 291 336

...वाले अरुणाचल को संस्कृति में पढ़े रहे खाटी हिंदीभाषी क्षेत्रों के बच्चे भी शायद ही उनसे मुकाबला कर सकें।

...की जीवनी

...संघ नेताओं के जीवन ...ी आत्मकथा पर आधारित ...र जानकारी शिक्षा मंत्री ...ाध्याय, श्यामा प्रसाद ...किए जाएंगे। धीमान ने ...दान दिया है। मौजूदा ...र्व कांग्रेस सरकार के ...के स्कूली पाठ्यक्रमों

...की तैयारी

...देश में शानदार स्वागत ...ी चार्टर्ड विमान बोइंग ...के तकनीकी क्षेत्र में ...क्ष सुरेश कलमाड़ी ...गे।

...तथा र... बाद ...ए। पिछले ...भूमि में मौजूदा ...संकेत देते हैं कि ...धा की कमजोरी ...ल कांग्रेस की ...सामाजिक वर्गों के ...की प्रक्रिया में ...आर्थिक बसपा के ...बसपा नेतृत्व के ...बार चयन में भी ...ती है। इसके ...अपने परंपरागत ...सिर्फ कायम रहने ...कड़ती जा रही है। ...कि करीब एक ...मजबूत उपचुनावों ...विपक्ष का सामना ...लोकसभा चुनाव ...साख से बचने के ...लिए अगले कम-...गे।

पेज 11 पर

...याद नहीं ...दीवान है?

...ना लेंगे ...ा लें ...एजेंसियों के लिए ...POLL लिंक्स ...होंगे।

ऐसी सुरक्षा तो बुश को भी नसीब न थी!

नयी दिल्ली, 16 अप्रैल (जागरण ब्यूरो/एजेंसी) : बीजिंग ओलंपिक मशाल राजपथ से इंडिया गेट की दो किलोमीटर की दूरी चंद मिनटों में ही पूरी कर लेगी, लेकिन इस पूरे क्षेत्र में छह घंटे तक परिंदा भी पर नहीं मार सकेगा। ऐसी कड़ी सुरक्षा अमेरिका के राष्ट्रपति जार्ज बुश को भी भारत के दौरे पर शायद ही नसीब हुई हो। बुश तो खैर आतंकियों की हिट लिस्ट में सबसे ऊपर थे, लेकिन मशाल को तो चीन के दमन के शिकार तिब्बतियों की आह से बचाने की चुनौती है।

• ओलंपिक मशाल के लिए सरकारी दफ्तर तक बने रहेंगे कैदखाना

विजय चौक से इंडिया गेट स्थित नेशनल स्टेडियम तक की तकरीबन दो किलोमीटर की दूरी के लिए सरकार ने जो अभूतपूर्व इंतजाम किए हैं, शायद ही किसी देश ने किसी राष्ट्राध्यक्ष के लिए भी किए हों। इसे चीन सरकार के लगातार दबाव या दखल का नतीजा कहें या भारत सरकार द्वारा इसे प्रतिष्ठा का प्रश्न बना लेना। इन सुरक्षा इंतजामों की तुलना सिर्फ 26 जनवरी को होने वाली परेड की तैयारियों से ही की जा सकती है। उस समय कम से कम आम आदमी सड़कों के दोनों तरफ मौजूद होता है, लेकिन मशाल के लिए तो दर्शनार्थी भी प्रायोजित ही होंगे। ओलंपिक रिले के लिए दोपहर 1 बजे से लेकर 6 बजे तक इंडिया गेट से लेकर विजय चौक ही नहीं, बल्कि लुटियंस जोन का बड़ा हिस्सा बिल्कुल सील हो जाएगा। नार्थ ब्लाक और साउथ ब्लाक समेत इस इलाके में आने वाले सभी सरकारी भवनों में 1 बजे से लेकर 6 बजे तक कोई भी अंदर-बाहर नहीं आ-जा सकेगा।

कचेहरी विस्फोट कांड के अभियुक्तों आज

...बाद, 16 अप्रैल (जाका) : कचेहरी विस्फोट काण्ड के अभियुक्तों के विरुद्ध आरोपपत्र दाखिल होने के बाद बुधवार को पहली पेशी होगी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शैलेश कुमार तिवारी के समक्ष अभियुक्तों को आरोपपत्र की नकल दी जाएगी। अभियुक्तों तारिक कांजमी, खालिद मुजाहिद, अख्तर उर्फ तारिक व सज्जाद उर्फ सज्जादुर्रहमान को लखनऊ जेल से कड़ी सुरक्षा में लाकर अदालत में पेश किया जाएगा।

कार्यालय में जमा किये जायेंगे। अपूर्ण, अस्पष्ट, रजिस्ट्रेशन नवीनीकरण प्रमाणपत्र की फोटोप्रति, सी०डी० तथा अंतिम तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

दूरभाष एवं फैक्स : 2300023, 2300050

मिश्री लाल पासवान
सचिव

लखनऊ विकास प्राधिकरण

प्राधिकरण भवन, गोमती नगर, लखनऊ

आवश्यक सूचना

भूगर्भीय जल स्तर में निरन्तर गिरावट के दृष्टिगत नगरीय क्षेत्रों में निर्माण हेतु प्रस्तावित भवनों में रूफ टाप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग परियोजना क्रियान्वित किये जाने हेतु समय-समय पर निर्गत शासनादेशों के क्रम में प्राधिकरण द्वारा मानचित्रों की स्वीकृत इस प्रतिबंध के साथ प्रदान की जा रही है कि परिसर में रूफ टाप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग परियोजना क्रियान्वित की जायेगी। स्वीकृत मानचित्रों के आधार पर निर्मित/निर्माणाधीन भवनों में स्वीकृति की किसी भी शर्त का उल्लंघन किये जाने की दशा में उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम की धारा-27 व 28 के अन्तर्गत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही किये जाने का भी प्राविधान है, जिसके अन्तर्गत परिसर सील भी किया जा सकता है।

प्राधिकरण के संज्ञान में आया है कि रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के क्रियान्वयन की शर्त सहित स्वीकृत मानचित्रों के आधार पर निर्मित अधिकांश भवनों के परिसरों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग परियोजना का क्रियान्वयन नहीं किया गया है। अतः जन सामान्य से अपील की जाती है कि अपने परिसरों में रेन वॉटर हार्वेस्टिंग परियोजना का तत्काल क्रियान्वयन सुनिश्चित कराकर प्राधिकरण को अवगत कराने का कष्ट करें अन्यथा अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

उपाध्यक्ष

Department of Information & Public Relations, Lucknow, Uttar Pradesh

EXPRESSION OF INTEREST

The Government of Uttar Pradesh desires to make a Documentary of 20 to 25 Minutes duration for projecting the developments which took place in the state during the last one year. The film will be required to be shot across the state.

Expression of Interest is invited from established advertising Agencies/media Agencies/film producer parties with proven track record of providing either by themselves or through affiliated producer, Developmental films for Government (Central/State) or the international bodies, along with Bio data of the nodal accounts manager and producer/creative team, their credentials, relevant past experience, last three years billing details, etc. on or before 19 April 2008 at the following address :

DIRECTOR
INFORMATION AND PUBLIC RELATION
Government of Uttar Pradesh
Soochna Bhawan
6, Park Road, Hazratganj, Lucknow

29/4/08

337

ANNEX-5

कार्यालयः मुख्य अभियन्ता
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ

पत्रांक : 17 /मु0अ0/2008-09 दिनांक : 16-4-, 2008

:: आदेश ::

प्रारम्भ से लेकर मार्च 2008 तक रेनवाटर हार्वेस्टिंग का प्राविधान करते हुए जो मानचित्र स्वीकृत किए गए है, उनमें स्थल पर भवन स्वामी द्वारा रेन वाटर हार्वेस्टिंग का प्राविधान किया गया है अथवा नही, के स्थलीय सत्यापन हेतु निम्नानुसार लक्ष्य निर्धारित किए जाते है:-

अधिशासी अभियन्ता खण्ड-1	:	10 मानचित्र
अधिशासी अभियन्ता खण्ड-2	:	10 मानचित्र
अधिशासी अभियन्ता खण्ड-3	:	10 मानचित्र
अधिशासी अभियन्ता खण्ड-4	:	10 मानचित्र
अधिशासी अभियन्ता खण्ड-5	:	10 मानचित्र
अधिशासी अभियन्ता खण्ड-6	:	10 मानचित्र
अधिशासी अभियन्ता मानचित्र सेल-1	:	20 मानचित्र
अधिशासी अभियन्ता मानचित्र सेल-2	:	20 मानचित्र
अधिशासी अभियन्ता प्रर्वतन-1	:	25 मानचित्र
अधिशासी अभियन्ता प्रर्वतन-2	:	25 मानचित्र

समस्त अधिशासी अभियन्ताओं से अपेक्षा की जाती है कि प्रत्येक दशा में दिनांक 22.04.08 को पूर्वान्ह 12:00 बजे तक उपरोक्त के सम्बन्ध में स्थलीय सत्यापन रिपोर्ट अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें।

16/4/08
(वी0के0 सोनकर)
मुख्य अभियन्ता/अधीक्षण अभियन्ता

प्रतिलिपिः

1. उपाध्यक्ष महोदय को सूचनार्थ।
2. सचिव महोदय को सूचनार्थ।
3. सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. अधिशासी अभियन्ता मानचित्र सेल-1 एवं 2 को इस आशय से प्रेषित कि सम्बन्धित पत्रावलिया सूची सहित सत्यापन हेतु अधिशासी अभियन्ताओं को आज ही उपलब्ध करा दें।

16/4/08
(वी0के0 सोनकर)
मुख्य अभियन्ता/अधीक्षण अभियन्ता

29/4/08

ANNEX-6

(23) 328 783

उपाध्यक्ष कार्यालय,
लखनऊ विकास प्राधिकरण,
लखनऊ।

संख्या: 258/VC/CTP/08

दिनांक 16-4-08

कार्यालय आदेश

शासनादेश संख्या-1703ए/9-आ-1-29-विविध/98(आ.ब.) दिनांक 12.04.2001, शासनादेश संख्या-3671/9-आ-1-17विविध/03(आ.ब.) दिनांक 19.06.2003 एवं शासनादेश संख्या-यू.ओ.35/आठ-1-2005, दिनांक 25.04.2006 के अनुपालन में मानचित्रों की स्वीकृति के समय रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के क्रियान्वयन की भी शर्त लगायी जा रही है। किन्तु यह भी संज्ञान में आया है कि उक्त परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है अथवा नही, इसकी मॉनिटरिंग नही की जा रही है। प्राधिकरण में इससे सम्बन्धित कोई रिकार्ड भी उपलब्ध नही है जिसके आधार पर ऐसे भवनों की सूची उपलबध हो सके।

नगरीय क्षेत्र में भूगर्भीय जल स्तर में निरन्तर गिरावट आ रही है। भूगर्भीय जल संरक्षण एवं रिचार्जिंग हेतु रेन वॉटर हार्वेस्टिंग का क्रियान्वयन अति आवश्यक है। माननीय उच्च न्यायालय द्वारा भी इस सम्बन्ध में निरन्तर मॉनिटरिंग की जा रही है। अतः रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के क्रियान्वयन हेतु निम्न निर्देश निर्गत किये जाते है।

1. वर्ष 2001 से वर्तमान तक ऐसे स्वीकृत मानचित्रों की सूची तत्काल तैयार कराई जाय।
2. प्रवर्तन विभाग ऐसे परिसरों का स्थल निरीक्षण कर रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के क्रियान्वयन की स्थिति को सत्यापित करायेगा।
3. रेन वॉटर हार्वेस्टिंग परियोजना का क्रियान्वयन न होने की दशा में उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
4. प्रत्येक मंगलवार को मित्र दिवस के बाद रेन वॉटर हार्वेस्टिंग की प्रगति की समीक्षा की जायेगी।
5. मुख्य नगर नियोजक को रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के क्रियान्वयन हेतु नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

उक्त आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाय।

(राम बहादुर)
उपाध्यक्ष

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. सचिव/विशेष कार्याधिकारी।
2. मुख्य अभियंता/ मुख्य नगर नियोजक/वित्त नियंत्रक।
3. संयुक्त सचिव/संयुक्त निदेशक(भूमि एवं विकास)।
4. समस्त अधिशासी अभियंता।
5. समस्त सम्पत्ति अधिकारी।
6. अन्य समस्त सम्बन्धित/गार्ड फाईल।

(राम बहादुर)
उपाध्यक्ष

29/4/08

(उमाकान्त मिश्र)
शपथ अधियुक्त एवं अनुभाग अधिकारी,
न्याय अनुभाग-6 (रिट सिविल मंत्रणा)
उत्तर प्रदेश शासन

339

ANNEXURE A-13

Phone: (Office) 0522-2287068
(Office) 0522- 2286471
Fax : (Office) 0522- 2287233
E-mail: up.gwd@rediffmail.com
Website:http://gwd.up.nic.in

334 784

प्रेषक,

निदेशक,
भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश
नवां तल इन्दिरा भवन, लखनऊ।

सेवा में,

विशेष सचिव,
नगर विकास अनुभाग–5
उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

पत्रॉक– 658 /भू0ज0वि0/ एस0-26, दिनांक/लखनऊ/अप्रैल 23,2008

विषय– जनहित याचिका संख्या–4436(एम0/बी0)/2003 सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट बनाम उ0प्र0 राज्य में मा0 उच्च न्यायालय, लखनऊ पीठ, द्वारा पारित आदेश दिनांक–27–3–2008 का अनुपालन कराए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक नगर विकास अनुभाग–5,उ0प्र0 शासन के पत्रॉक–21रिट /9–5–2008–4 रिट /2007, दिनांक–11–4–08 के संदर्भ में जनहित याचिका संख्या–4436(एम0/बी0)/2003 में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश दिनांक–27–3–08 में उल्लिखित विषयों में से भूगर्भ जल विभाग द्वारा विभाग से सम्बन्धित विषय पर कृत कार्यवाही की अद्यतन स्थिति तैयार कर अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(एम0एम0 अंसारी)
निदेशक।

संख्या– /भू0ज0वि0/तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं अग्रेतर कार्यवाही हेतु अद्यतन स्थिति के साथ प्रेषित है।

1– मुख्य स्थायी अधिवक्ता, मा0 उच्च न्यायालय,लखनऊ खण्डपीठ को कृत कार्यवाही की अद्यतन स्थिति के साथ प्रेषित ।

2– अनु सचिव, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग,अनुभाग–1उ0प्र0 शासन, लखनऊ।

(एम0एम0 अंसारी)
निदेशक।

233 340 785

) WATER LEVEL DATA AND LIST OF PIEZOMETER IN LUCKNOW CITY

संलग्नक (1)

	ocation of Piezometer	R.L OF PIEZOMETER	Premonsoon Water level 2006 bgl in mts	Post Monsoon Water level 2006 bgl in mts	Premonsoon Water level 2007 bgl in mts	Comperative Water leveldecline Between Premonsoon06-07
	MATIYARI	118.200	-	6.45	8.650	
	MAHANAGAR P.O	112.050	-	24.62	26.270	
	INDIRA NAGAR	118.265	-		CHOKE	
4	KUKRAIL FOREST	117.660	-	18.65	19.600	
5	P.M S CHINHAT	115.730	-	9.35	9.600	
6	PRIMARY KHURAM NAGAR	115.490	-		CHOKE	
7	PRIMARY ISMAILGANJ	116.010	-	18.07	20.320	
8	PRIMARYSCHOOLTAKROHI	120.390	-	13.40	15.550	
9	AMRAIGAON	117.235	-	7.85	11.150	
10	RAHIM NAGAR	114.234	-	26.80	28.330	
11	GOMATI NAGAR	108.160	-	14.82	17.070	
12	K.B.A GOMATI NAGAR	108.115	-	18.12	19.870	
13	MAKDUMPUR	111.895	-	13.95	16.250	
14	H.A.L CAMPUS	117.565	-	30.25	31.350	
15	KHARGAPURGOMATINAGAR	114.310	-	12.90	14.750	
16	MALESI MAU	114.210	-	13.62	15.570	
17	CHAKAMLHAUR	116.905	-	12.00	13.200	
18	PRIMARY BHARWARA	106.030	-	13.50	14.750	
19	I.E.T SITAPUR RD	117.640	-	15.20	15.900	
20	K.V.A KURSIROAD	118.510	-	12.00	16.050	
21	R.S.C ALIGANJ	116.820	-	16.00	16.650	
22	H.L.S.PURNIA SITAPUR	116.855	-	22.36	23.550	
23	SHIA COLLEGE	117.745	-	18.15	CHOKE	
24	TRIVENI NAGAR	110.320	-	16.55	17.850	
25	SEMARA GARHI	118.330	-	12.90	13.900	
26	SUGAMAU	118.875	-	13.00	14.100	
27	FAIJULLAH GANJ	111.965	-	10.40	11.200	
28	GAZIPUR BALRAM	109.405	-	3.90	4.800	
29	SPORTS COLLEGE	116.560	-	9.00	9.700	
30	DINDAYAL NAGAR	113.060	-	14.95	15.650	
31	L.D.A LALBAGH	114.166	30.29	24.90	30.660	-0.37
32	CANTOMENT SADAR	121.060	38.34	39.10	39.500	-1.16
33	NILMATHA	118.781	18.15	16.50	17.500	0.65
34	LALKURTI	121.451	25.00	24.30	25.350	-0.35
35	SULTANPURRDMOHANGANJ	111.821	11.36	12.20	13.100	-1.74
36	TELIBAGH PASIYANA	121.161	18.63	18.35	19.700	-1.07
37	P.G.I UTERATHIYA	121.456	12.58	10.20	12.070	0.51
38	ASHBAGH	115.731	26.14		CHOKE	
39	TURIAGANJ	116.971	25.16	25.50	27.000	-1.84
40	NAUBASTA	116.366	25.06	20.00	26.700	-1.64
41	LAWMART COLLEGE	110.796	21.16	20.60	21.400	-0.24
42	NARHI	112.466	30.38	31.35	31.850	-1.47
43	VIJALIPASI KILA	121.711	20.16	19.97	CHOKE	
44	ALAMBAGH MAUNIBABA	120.216	36.35	35.75	36.700	-0.35
45	H.S ALAMBAGH	122.711	29.56	29.20	30.050	-0.49
46	CHAUK VICTORIAPARK	116.451	18.19	17.34	18.150	0.04
47	THAKURGANJHAYATNAGAR	105.266	6.89	6.15	6.200	0.69
48	BARAKALAN PEERNAGAR	114.546	18.40	17.67	17.500	0.90
49	MADHOPUR	115.756	22.15	21.25	21.750	0.40
50	PARA THAKURGANJ	117.151	22.48	21.82	22.750	-0.27
51	JALALPUR CROSSING	117.582	31.54	30.30	31.450	0.09
52	MAKKAKHERA	121.056	11.83	10.76	11.100	0.73
53	RAHIMABAD	120.011	14.15	13.87	13.000	1.15
54	AMAUSI INDIAN OIL	122.851	14.46	13.95	13.150	1.31
55	AIRPORT AMAUSI	123.556	14.85	14.01	14.550	0.30
56	AURANGABAD BIJNOR	120.336	9.52	9.00	10.850	-1.33
57	SALEH NAGAR BIJNOR	121.986	24.16	20.90	21.450	2.71
58	DURGA MANDIR JAILRD	121.811	24	22.95	21.250	2.33
59	SUNHARA ALINAGAR	123.361	18.25	17.88	19.400	-1.15

संलग्नक (2)

294 (786) 341

Depth of Ground Water Level & Declining Trend in Lucknow City

S. No.	Location of Peizometer	Depth to Ground Water Level (M.bgl)		Comparative Ground Water Level Decline (M)	Average Annual GW Level Decline (M.)
		May 2003	May 2007		
1	2	3	4	5	6
	Cis Gomti Area				
1	Arya Nagar	20.13	21.40	1.27	0.31
2	Diskusha	29.60	30.90	1.30	0.32
3	Gulista Colony	28.82	31.30	2.48	0.62
4	PQS Phase Cantooment	17.99	21.08	3.09	0.77
5	Rajajipuram	25.55	28.60	3.05	0.76
6	Narhi	27.05	31.00	3.95	0.98
8	Sarojini Nagar	10.07	12.10	2.03	0.50
9	River Bank Colony	19.63	22.12	2.49	0.62
10	Ganesh Ganj	15.00	--	--	--
11	Mahila College	13.00	15.80	2.80	0.70
12	Victoria Park	15.98	--	--	--
	Trans Gomti Area				
13	Lucknow University (Old Campus)	24.94	27.51	2.56	0.64
14	Gomti Nagar	15.47	21.35	6.08	1.52
15	Indira Nagar	21.49	26.13	4.64	1.15
16	Nirala Nagar	26.30	29.55	3.25	0.81
17	Vikas Nagar	22.06	25.73	3.67	0.91
18	Maha Nagar	24.05	27.30	3.25	0.81
19	Lucknow University (New Campus)	11.17	13.20	2.03	0.50
20	New Hyderabad	19.21	21.90	2.69	0.67
21	Bhujal Bhawan	16.06	18.42	2.36	0.59

(स्रोत: सेन्ट्रल ग्राउन्ड वाटर बोर्ड)

787
342

जनहित याचिका संख्या – 4436(एम बी) /2003 में दिनांक 27.3.08 को पारित मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश के अनुपालन में विभाग से सम्बन्धित बिन्दु पर आख्या :

1– भूगर्भ जल विभाग द्वारा लखनऊ नगर में भूजल स्तर के नियमित अनुश्रवण/मापन हेतु 59 पीजोमीटर की स्थापना वित्तीय वर्ष 2005–06 में की गयी है। इस भूजल स्तर अनुश्रवण से प्राप्त आंकडो के आधार पर जल स्तर गिरावट सम्बन्धी परिणाम/निष्कर्ष का आंकलन 3–4 वर्षो के सतत् अनुश्रवण के पश्चात् ही किया जा सकेगा। (छाया प्रति संलग्नक–1)

2– इसके अतिरिक्त केन्द्रीय भूमि जल परिषद द्वारा भी लखनऊ नगर में पीजोमीटर के माध्यम से वर्ष 2003 में भूजल स्तर का सतत् अनुश्रवण किया जा रहा है, जिससे प्राप्त सूचना/ आंकडो के अनुसार लखनऊ नगर में मई 2003 से मई 2007 के मध्य विभिन्न स्थलों पर 0.31 मी0 से 1.52 मी0 तक की वार्षिक औसत भूजल स्तर गिरावट दर्ज की गयी है। (छाया प्रति संलग्नक–2)

3– नगरीय श्रेत्रों में भूजल संरक्षण एवं रिजार्जिग हेतु वर्षा जल संचयन (रेन वॉटर हार्वेस्टिंग) प्रणाली को अपनाये जाने के सम्बन्ध में शासन द्वारा निर्णय लिया जा चुका है। इस सम्बन्ध में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा पूर्व में समय–समय पर विभिन्न शासनादेश निर्गत किये गये है, जिनके प्राविधानों में कतिपय आवश्यक संशोधन करते हुए शासनादेश संख्या यू0ओ0 35/आठ–1–2005, दिनांक 25–4–2006 (छायाप्रति संलग्नक–3) निर्गत किया गया है, जिसमें रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली अपनाये जाने हेतु विभिन्न प्राविधान/व्यवस्थाएं लागू की गयी हैं। इस शासनादेश के अर्न्तगत नगरीय क्षेत्रों में प्राकृतिक तालाबों, पोखरों, जलाशयों आदि का संरक्षण किये जाने के निर्देश दिये जाने के साथ विभिन्न व्यवस्थाएं लागू की गयी है। जिसमें नगरीय क्षेत्रों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग/रिर्चाजिंग कार्यो के अर्न्तगत रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्वति की स्थापना, तालाबों, पोखरो/जलाशयों आदि के संरक्षण के लिए आवास आयुक्त, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, उपाध्यक्ष समस्त विकास प्राधिकरण, उ0प्र0 व प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 सहकारी आवास संघ लिमिटेड, लखनऊ को दायित्व प्रदान किया गया है। इसी प्रकार ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम्य विकास विभाग, लघु सिचाई विभाग, कृषि विभाग, भूमि विकास एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 जल निगम, वन विभाग व पंचायती राज विभागों द्वारा जनपद स्तर पर विभिन्न योजनाओं के अर्न्तगत रेन वाटर हार्वेस्टिंग/रिचार्जिग कार्यो हेतु मात्राकृत धनराशि से उक्त कार्य (तालाबों का जीर्णोद्वार/ निर्माण, चेक डैम, बन्धी, भूमि उपचार, वृक्षारोपण आदि) कराए जाने हेतु निर्देश दिये गये है।

इसके अतिरिक्त नवनिर्मित होने वाले समस्त उपयोगों के भवनों में रूफटॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग प्रणाली अनिवार्य रूप से स्थापित किये जाने के निर्देश विभिन्न

236 788 343

प्राविधानों के साथ दिये गये हैं। इसके अन्तर्गत 200 वर्ग मी0 अथवा अधिक क्षेत्रफल के नव निर्मित होने वाले समस्त प्रकृति के भवनों में रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्वति की स्थापना को अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त 200 वर्ग मी0 से कम क्षेत्रफल के भूखण्डों में ग्रुप रिचार्ज स्कीम स्थापित कराने का प्राविधान भी किया गया है। यह भी निर्देश दिये गये है कि भविष्य में निर्मित होने वाली आवासीय योजनाओं में जलापूर्ति, ड्रेनेज एवं सीवेज नेटवर्क के साथ–साथ रूफटॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से भूजल रिचार्ज हेतु पृथक नेटवर्क का प्राविधान किया जायेगा। इस सम्बन्ध में आवास एवं शहरी एवं नियोजन विभाग द्वारा भवन निर्माण एवं विकास उपविधि में भी आवश्यक संशोधन किये जा चुके हैं तथा इसके क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश समस्त विकास प्राधिकरणों व अन्य सम्बन्धित को आवास एवं शहरी नियोजन विभाग के स्तर से दिये जा चुके है। वर्षा जल संचयन एवं भूजल रिर्चाज हेतु विभाग वार क्रियान्वित एवं संचालित योजनाओं की तालिका संलग्नक–4 के रूप में संलग्न है।

4– शासनोदश के अर्न्तगत पूर्व में निर्मित शासकीय/अर्द्वशासकीय भवनों तथा भविष्य में निर्मित होने वाले शासकीय/अर्द्वशासकीय भवनो में रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्वति स्थापित किये जाने को अनिवार्य कर दिया गया है। इसके अन्तर्गत लखनऊ नगर में संकलित सूचना के अनुसार विभिन्न विभागों द्वारा अभी तक 67 शासकीय /अर्द्वशासकीय भवनों में रूफटॉप रेन वॉटर हार्वेस्टिंग पद्वति की स्थापना की जा चुकी है। (छाया प्रति संलग्नक–5)

5– उत्तर प्रदेश में गिरते भूजल स्तर की समस्या के परिप्रेक्ष्य में रेनवाटर हार्वेस्टिंग एवं भूजल रिचार्ज सम्बन्धी कार्यक्रमों को गति प्रदान करने व नियमित समीक्षा हेतु मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक कार्यकारी समिति का गठन किया गया है। समिति से संबंधित कतिपय बैठको के कार्यवृत्तों की छाया प्रति संलग्न है। (छाया प्रति संलग्नक–6)

6– प्रदेश में सिचाई, पेयजल व उद्योगों हेतु भूगर्भ जल के दोहन के कारण गिरते भूजल स्तर को रोकने तथा वॉटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य बनाये जाने हेतु कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया है। (छाया प्रति संलग्नक–7)

संलग्नक- 4

वर्षा जल संचयन एवं भूजल रिचार्ज हेतु कियान्वित एवं संचालित योजनाएं

कसं0	विभाग का नाम	संचालित/कियान्वित योजनाएं	रिचार्ज स्ट्रक्चर्स
1	ग्राम्य विकास विभाग	–प्रधान मंत्री ग्रामीण पेय जल एवं जलोत्सारण योजना –सम्पूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना –राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारन्टी योजना –प्रधान मंत्री ग्रामोदय योजना –ग्रामीण पेय जल योजना –आर्दश जलाशय योजना –बैक वर्ड रीजन ग्रान्ट फन्ड	तालाबों का जीर्णोद्धार/ निर्माण, बन्धी, चेक डैम
2	लघु सिंचाई विभाग	– जिला योजना – डिपाजिट कार्य	तालाबों का जीर्णोद्धार/निर्माण,चेक डैम।
3	कृषि विभाग	–कृष्णी नदी जलागम जल संभरण योजना –नाबार्ड पोषित वाटर शेड विकास कार्यक्रम –नेशनल वाटर शेड विकास कार्यक्रम –बाढोन्मुखी योजना –किसान हित योजना –आर0आई0डी0एफ0 –बुन्देलखण्ड में जल संचयन योजना	वाटर शेड वार जल प्रबंधन, बन्धी, इन सीटू (आन फार्म) रेनवाटर हार्वेस्टिंग, परकोलेशन वेल, तालाब एवं रिचार्ज पिट।
4	भूमि विकास एवं जल संसाधन विभाग	–आई0डब्लू0डी0पी0 / डी0पी0ए0पी0	चेक डैम, बन्धी, भूमि उपचार

क्रमशः

वर्षा जल संचयन एवं भूजल रिचार्ज हेतु कियान्वित एवं संचालित योजनाएं

कसं0	विभाग का नाम	संचालित/कियान्वित योजनाएं	रिचार्ज स्ट्रक्चर्स
5	आवास एवं शहरी नियोजन	–	रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग, तालाबों का जीर्णोद्धार व आवासीय योजनाओं में नये तालाबों का निर्माण।
6	उ0प्र0 जल निगम	– ग्रामीण पेय जल योजना	चेक डैम
7	वन विभाग	– ग्राम्य विकास विभाग की योजनाओं के अन्तर्गत	वृक्षारोपण/बन्धी
8	पंचायती राज	– बैकवर्ड रीजन ग्रान्ट फन्ड (वर्ष 2007–08 से प्रारम्भ)	जल संचयन संरचनाएं
9	भूगर्भ जल विभाग	–	रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग

क्र0 सं0	जनपद का नाम	शासनादेश सं0 1730ए दिनॉक 12 अप्रैल 2001 से पूर्व निर्मित भवन			शासनादेश सं0 1730ए, दिनॉक 12 अप्रैल 2001 के उपरान्त निर्मित भवन			वर्तमान में निर्माणाधीन भवन				अस्वीकृत
		विभाग जिसके स्वामित्व में भवन है	कुल सं0	भवन जिसमें उक्त पद्धति स्थापित की गई है	विभाग जिसके स्वामित्व में भवन है	कुल सं0	भवन जिसमें उक्त पद्धति स्थापित की गई है	विभाग जिसके स्वामित्व में भवन है	कार्यदायी संस्था का नाम	कुल सं0	भवन जिसमें उक्त पद्धति स्थापित की जा रही है/ प्रस्तावित है।	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
	लखनऊ मण्डल											
1	लखनऊ	लोक निर्माण विभाग	6	—				राज्य हज समिति (हज हाऊस)	सी0एण्ड डी0 एस0, जल निगम	1	1	
		राज्य सम्पत्ति विभाग	36	6				पी0जी0आई0 (आवासीय भवन, टेलीमेडिसिन एवं हिमेटोलाजी भवन)	सी0एण्ड डी0 एस0, जल निगम	4	4	
		सिचाई विभाग	5	—				स्वास्थ्य विभाग (रानी लक्ष्मीबाई संयुक्त चिकित्सालय)	सी0एण्ड डी0 एस0, जल निगम	1	1	
		वाल्मी	1	—				के0जी0 डेन्टल यूनिवर्सिटी (कर्मचारी क्वाटर)	सी0एण्ड डी0 एस0, जल निगम	1	1	
		नगर निगम	1	1								
		कलेक्ट्रेट	1	1								
		मण्डलायुक्त	1	1								
		जल निगम	5	2								
		कृषि विभाग	1	—								
		राज्य कृषि प्रबंध संस्थान (रहमानखेड़ा)	3	—								
		कल्याण मण्डप (नगर निगम)	1	1								
		प्राविधिक शिक्षा विभाग (पालीटेक्निक)	25	8				प्राविधिक शिक्षा विभाग (आई0ई0टी0)	राजकीय निर्माण निगम	2	—	
		लखनऊ विकास प्राधिकरण	12	8	लखनऊ विकास प्राधिकरण	3	3					
		आवास विकास परिषद	8	6								
		खेल विभाग	6	2–चौक एवं राजाजीपुरम स्टेडियम								

क्र0 सं0	जनपद का नाम	शासनादेश सं0 1730ए दिनॉक 12 अप्रैल 2001 से पूर्व निर्मित भवन			शासनादेश सं0 1730ए, दिनॉक 12 अप्रैल 2001 के उपरान्त निर्मित भवन			वर्तमान में निर्माणाधीन भवन				अवधि
		विभाग जिसके स्वामित्व में भवन है	कुल सं0	भवन जिसमें उक्त पद्धति स्थापित की गई है	विभाग जिसके स्वामित्व में भवन है	कुल सं0	भवन जिसमें उक्त पद्धति स्थापित की गई है	विभाग जिसके स्वामित्व में भवन है	कार्यदायी संस्था का नाम	कुल सं0	भवन जिसमें उक्त पद्धति स्थापित की जा रही है/ प्रस्तावित है।	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
		कारागार विभाग (जिला व सेन्ट्रल जेल एवं मुख्यालय)	3	—								
		चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग	12	—								
		पुलिस विभाग	12	—				होमगार्ड्स विभाग (जेल रोड)	राजकीय निर्माण निगम	2	—	
		राजस्व विभाग	1	—								
		भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग	1	—								
		वन विभाग	13	—								
					पर्यटन विभाग	2	—					
		जनपद न्यायालय	4	—								
		उच्च न्यायालय	1	—								
					भूमि सुधार निगम (भूमित्व भवन)	1	—					
					मण्डी परिषद	3	—					
		सहकारिता विभाग	2	—								
		गन्ना विभाग	2	—								
		व्यापार कर विभाग	4	—								
		पशुपालन विभाग	7	—	पशुपालन विभाग	1	—	पशुपालन विभाग	राजकीय निर्माण निगम	2	2	
		चिकित्सा शिक्षा विभाग	14	—	चिकित्सा शिक्षा विभाग (मेडिकल यूनियर्सिटी)	1	—					
		संस्कृति विभाग	2	—	संस्कृति विभाग	2	—					
		पर्यावरण विभाग	1	—								
		समाज कल्याण विभाग	1	—								
		उद्यान विभाग	4	—				उद्यान विभाग	—		4	
		ऊर्जा विभाग	8	—								

क्र0 सं0	जनपद का नाम	शासनादेश सं0 1730ए दिनॉक 12 अप्रैल 2001 से पूर्व निर्मित भवन			शासनादेश सं0 1730ए, दिनॉक 12 अप्रैल 2001 के उपरान्त निर्मित भवन			वर्तमान में निर्माणाधीन भवन				अनुलग्नक
		विभाग जिसके स्वामित्व में भवन है	कुल सं0	भवन जिसमें उक्त पद्धति स्थापित की गई है	विभाग जिसके स्वामित्व में भवन है	कुल सं0	भवन जिसमें उक्त पद्धति स्थापित की गई है	विभाग जिसके स्वामित्व में भवन है	कार्यदायी संस्था का नाम	कुल सं0	भवन जिसमें उक्त पद्धति स्थापित की जा रही है/ प्रस्तावित है।	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13
		लखनऊ विश्वविद्यालय (उच्च शिक्षा विभाग)	15	1 ऑशिक								
		पिकप भवन	1	—								
		केन्द्रीय भूजल बोर्ड	1	1								
		एनबीआरआई	2	1								
		सीडीआरआई	2	—								
		आईटीआरसी	1	—								
		सिमैप	1	—								
		दूरदर्शन	2	—	दूरदर्षन	1	1					
					यूपीआईएल	2	2					
		स्टेट बैंक ऑफ इंडिया	3	1								
		भारतीय भू–वैज्ञानिक सर्वेक्षण	4	1								
		उ0प्र0 लोक सेवा आयोग	1	—								
		प्रशासनिक एवं प्रबंधन अकादमी	1	—								
					रूरल इलेक्ट्रीफिकेशन कार्पोरेशन	1	—					
		रेलवे विभाग	8	—				आंचलिक विज्ञान केन्द्र	—	1	—	
		राजकीय निर्माण निगम	1	—								
		पोस्ट एवं टेलीग्राफ विभाग	8	—								
					ललित कला अकादमी	1	—					
		विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विभाग	3	1	विज्ञान एवं प्रोद्यौगिकी विभाग	1	1					
		आयकर विभाग	2	—				उ0प्र0 सहकारी आवास संघलि0	जल निगम	1	1	
		सहकारी ग्राम्य विकास बैंक	1	—								

क्र0 सं0	जनपद का नाम	शासनादेश सं0 1730ए दिनॉक 12 अप्रैल 2001 से पूर्व निर्मित भवन			शासनादेश सं0 1730ए, दिनॉक 12 अप्रैल 2001 के उपरान्त निर्मित भवन			वर्तमान में निर्माणाधीन भवन				
		विभाग जिसके स्वामित्व में भवन है	कुल सं0	भवन जिसमें उक्त पद्धति स्थापित की गई है	विभाग जिसके स्वामित्व में भवन है	कुल सं0	भवन जिसमें उक्त पद्धति स्थापित की गई है	विभाग जिसके स्वामित्व में भवन है	कार्यदायी संस्था का नाम	कुल सं0	भवन जिसमें उक्त पद्धति स्थापित की जा रही है / प्रस्तावित है।	
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	1
		एकल श्रमजीवी महिला आवास योजना (महिला कल्याण सीतापुर रोड)	1	–								
		लघु सिंचाई विभाग (बक्शी का तालाब)	1	1								
		उ0प्र0 राज्य चीनी निगम लि0	1	–								
		निरालानगर पोस्ट आफिस	1	1								
		अलीगंज पोस्ट आफिस	1	1								
		उद्योग विभाग	1	1								
		प्राथमिक विद्यालय निरालानगर(शिक्षा विभाग)	1	1								
		प्राथमिक विद्यालय निषातगंज(शिक्षा विभाग)	1	1								
		राजकीय मुद्रणालय	1	–								
					वन निगम	2	–					
		राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (प्रशिक्षण एवं सेवा नियोजन, श्रम विभाग)	4	–								
		राज्य खाद्य एवं आवश्यक वस्तु निगम लिमिटेड	1	–								
		उ0प्र0 वन निगम मुख्यालय	2	–								
		उ0प्र0 प्राविधिक विश्वविद्यालय	24	–								
		खादी ग्रामोद्योग बोर्ड ।ग्रामोद्योग भवन।	1	–								
					एस0पी0एल0एम0	1	1					
		योग	302	45		22	8			19	14	

(6)

उत्तर प्रदेश शासन

लघु सिंचाई एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा अनुभाग–1

संख्या – 1140 (1)/62.1.2004, दिनांक : 12 जुलाई, 2004

कार्यालय–ज्ञाप

माननीय उच्च न्यायालय, लखनऊ बेंच, लखनऊ में 'एक्सनोरा इन्नोवेटर्स क्लब' लखनऊ द्वारा दाखिल की गयी जनहित रिट याचिका संख्या–2409ध्2004 में माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित अंतरिम आदेश दिनांक 28.05.04 के अनुपालन के क्रम में मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ की अध्यक्षता में दिनांक 25.06.04 को सम्पन्न हुई बैठक में प्रदेश में गिरते भू–जल स्तर की समस्या पर सम्यक विचारोपरान्त रेनवाटर हार्वेस्टिंग एवं भूगर्भ जल रिचार्ज हेतु विभिन्न विभागों द्वारा चलाये जा रहे कार्यक्रमों को गति प्रदान करने एवं उनकी नियमित समीक्षा करने के उद्देश्य से एक 'कार्यकारी कमेटी' का गठन किये जाने का निर्णय लिया गया है जिसके सदस्य सम्बन्धित विभागों के प्रमुख सचिव/सचिव होंगे।

उपर्युक्त लिये गये निर्णय के क्रम में उक्त प्रयोजनार्थ निम्न प्रकार 'कार्यकारी कमेटी' का गठन किया जाता है–

1.	मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन	अध्यक्ष
2.	अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त	सदस्य
3.	औद्योगिक विकास आयुक्त	सदस्य
4.	प्रमुख सचिव, वित्त, उ0प्र0 शासन	सदस्य
5.	प्रमुख सचिव/सचिव, पर्यावरण, उ0प्र0 शासन	सदस्य
6.	प्रमुख सचिव/सचिव, लघु सिंचाई एवं ग्रा0अभि0सेवा	सदस्य
7.	प्रमुख सचिव/सचिव, सिंचाई, उ0प्र0 शासन	सदस्य
8.	प्रमुख सचिव/सचिव, भूमि विकास एवं जल संसाधन	सदस्य
9.	प्रमुख सचिव/सचिव, राजस्व, उ0प्र0 शासन	सदस्य
10.	प्रमुख सचिव/सचिव, नगर विकास, उ0प्र0 शासन	सदस्य
11.	प्रमुख सचिव/सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन	सदस्य
12.	प्रमुख सचिव/सचिव, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 शासन	सदस्य
13.	प्रमुख सचिव/सचिव, ऊर्जा, उ0प्र0 शासन	सदस्य
14.	प्रमुख सचिव/सचिव, वन, उ0प्र0 शासन	सदस्य
15.	प्रमुख सचिव/सचिव, मत्स्य, उ0प्र0 शासन	सदस्य

चूंकि भूगर्भ जल से सम्बन्धित कार्यों हेतु लघु सिंचाई विभाग के प्रशासकीय नियंत्रण में भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0 को नोडल विभाग बनाया गया है। अतः बैठक आहूत करने तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वयय करने का कार्य प्रमुख सचिव/सचिव, लघु सिंचाई एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा द्वारा किया जायेगा।

244 796 351

उक्त 'कार्यकारी कमेटी' की बैठक प्रत्येक माह मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उनके सभाकक्ष में आयोजित की ी। यदि किन्हीं कारणों से मुख्य सचिव, उपलब्ध न हों, तो वरिष्ठतम् सदस्य/प्रमुख सचिव की अध्यक्षता में बैठक न होगी।

सभी सदस्यों से अपेक्षा की जाती है कि प्रतिमाह आयोजित होने वाली समिति की बैठकों में निर्धारित समय पर लेने का कष्ट करें।

भवदीय,

(वी0के0 मित्तल)
मुख्य सचिव।

ख्या–1140 (2)/(62–1–2004 तद्दिनांक–

लिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अपर मुख्य सचिव एवं कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
2. औद्योगिक विकास आयुक्त, उ0प्र0।
3. प्रमुख सचिव, वित्त, उ0प्र0 शासन।
4. प्रमुख सचिव/सचिव, पर्यावरण, उ0प्र0 शासन।
5. प्रमुख सचिव, सिंचाई, उ0प्र0 शासन।
6. प्रमुख सचिव/सचिव, राजस्व, उ0प्र0 शासन।
7. प्रमुख सचिव/सचिव, भूमि विकास एवं जल संसाधन, उ0प्र0 शासन।
8. प्रमुख सचिव/सचिव, नगर विकास, उ0प्र0 शासन।
9. प्रमुख सचिव/सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन, उ0प्र0 शासन।
10. प्रमुख सचिव/सचिव, ग्राम्य विकास, उ0प्र0 शासन।
11. प्रमुख सचिव/सचिव, ऊर्जा, उ0प्र0 शासन।
12. प्रमुख सचिव, वन, उ0प्र0 शासन।
13. प्रमुख सचिव/सचिव, मत्स्य, उ0प्र0 शासन।
14. निजी सचिव, मुख्य सचिव महोदय के सूचनार्थ।

आज्ञा से,

ह0/–

(प्रभात चन्द्र चतुर्वेदी)

प्रमुख सचिव

(166) A-7AR. Comm. 07/03/06 (797) (245) 352

प्रदेश में वर्षा जल संचयन एवं भूगर्भ जल रिचार्ज कार्यक्रमों के अनुश्रवण एवं समीक्षा हेतु गठित कार्यकारी समिति की कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में दिनांक 24–2–2006 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त ।

उपस्थिति :–

बैठक में उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों की सूची संलग्न है।

प्रमुख सचिव,लघु सिंचाई द्वारा कार्यकारी समिति की गत बैठक दिनांक–31–5–2005 में लिए गए निर्णयों की अनुपालन आख्या से समिति को विस्तार से अवगत कराया गया। साथ ही बैठक हेतु निर्धारित अन्य एजेन्डा बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा हुई तथा चर्चा के उपरान्त निम्न निर्णय लिए गए :–

1– अतिदोहित/क्रिटिकल विकास खण्डों में वर्षा जल संचयन एवं भूजल रिचार्ज का न्याय पंचायतवार एक्शन प्लान :

यह निर्देश दिए गए कि 50 अतिदोहित/क्रिटिकल विकासखण्डों से सम्बन्धित 20 जनपदों के जिलाधिकारियों को उक्त सम्बन्ध में पूर्व में भेजे गए पत्र के क्रम में कृषि उत्पादन आयुक्त के हस्ताक्षर से तत्काल अनुस्मरण पत्र भेजा जाय जिसका प्रभावी अनुश्रवण भी किया जाय।

(कार्यवाही–लघु सिंचाई विभाग)

2– रेनवाटर हार्वेस्टिंग/रिचार्ज कार्यक्रमों की वित्तीय/भौतिक प्रगतिः

यह निर्देश दिए गए कि सभी विभाग 28–2–2006 तक की रेनवाटर हार्वेस्टिंग/रिचार्ज कार्यक्रमों की वित्तीय/भौतिक प्रगति निर्धारित रूप पत्र पर शासन के लघु सिंचाई एवं निदेशक,भूगर्भ जल विभाग को उपलब्ध करा दें; निर्धारित रूप पत्र पुनः संलग्न है।

(कार्यवाही–समस्त सम्बन्धित विभाग)

3– रेनवाटर हार्वेस्टिंग/रिचार्ज कार्यक्रमों की वर्ष 2006–07 की कार्य योजनाः

यह निर्देश दिए गए कि सभी सम्बन्धित विभाग अगले वित्तीय वर्ष 2006–07 की रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं रिचार्ज कार्यो की भौतिक एवं वित्तीय कार्य योजना निर्धारित रूप पत्र पर शासन के लघु सिंचाई विभाग तथा निदेशक,भूगर्भ जल विभाग को दिनांक–20–3–2006 तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध करा दें। कार्ययोजना प्रेषण में सम्बन्धित रूप पत्र पुनः संलग्न है।

(कार्यवाही–समस्त सम्बन्धित विभाग)

4– रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेन्टर,उ0प्र0 द्वारा वाटर शेड एवं वाटर बाडीज से सम्बन्धित सूचनायें एवं मानचित्र उपलब्ध कराया जाना :

यह निर्देश दिए गए कि विज्ञान एवं प्रोद्यौगिक विभाग उक्त सूचना उपलब्ध कराये जाने हेतु आवश्यक धनराशि का विवरण तत्काल निदेशक,भूगर्भ जल विभाग को उपलब्ध करा दें । इसके अतिरिक्त निदेशक,भूगर्भ जल विभाग जलसंसाधन मंत्रालय,भारत सरकार से दूरभाष पर सम्पर्क कर यह ज्ञात करें कि उपरोक्त के

246 758 353

सम्बन्ध में जल संसाधन मंत्रालय द्वारा कोई बुकलेट विकासखण्डवार तैयार की है । यदि इस प्रकार की कोई बुकलेट जल संसाधन मंत्रालय द्वारा तैयार की तो किसी अधिकारी को भेजकर उसे प्राप्त कर उसकी उपयोगिता देख ली जाय। ही भारत सरकार द्वारा तैयार की गयी वेस्ट लैण्ड डेटा बुकलेट भी भूमि विकास जल संसाधन विभाग से प्राप्त कर निदेशक,भूगर्भ जल विभाग उसकी भी उपयोगिता देख लें ।

(कार्यवाही –सचिव,विज्ञान एवं प्रौद्यौगिकी विभाग
निदेशक,भूगर्भ जल विभाग)

5–औद्योगिक परिसरों में भूजल स्तर एवं भूजल की गुणवत्ता की मॉनिटरिंग :

उ0प्र0 प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड द्वारा अवगत कराया कि बड़े उद्योगों में उक्त हेतु 25 पीजोमीटर स्थापित हो गये हैं । यह संख्या बहुत कम है । यह निर्देश दिए गए कि जो उद्योग पीजोमीटर स्थापित नहीं कर रहे हैं उन्हें वाटर एक्ट के अर्न्तगत नोटिस देकर अग्रिम कार्यवाही की जाय । साथ ही स्थापित पीजोमीटर से जल के नमूने लेकर उनका रसायनिक विश्लेषण भी कराया जाय ताकि जल की गुणवत्ता का नियमित अनुश्रवण हो सके । उ0प्र0 प्रदूषण एवं नियंत्रण बोर्ड द्वारा इस सम्बन्ध में प्रभावी कार्यवाही की जाय तथा दिनांक–28–2–2006 तक वर्ष 2005–06में किए गए कार्यो की प्रगति रिपोर्ट निर्धारित रूप पत्र पर शासन के लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग को उपलब्ध करायी जाय। इसके अतिरिक्त प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा उक्त स्थापित किये गये पीजोमीटर की लोकेशन निर्देशक , भूगर्भ जल विभाग को भी उपलब्ध कराई जाय ताकि भूगर्भ जल विभाग द्वारा भूजल स्तर एवं गुणवत्ता का नियमित अनुश्रवण किया जा सके।

(कार्यवाही–सदस्य सचिव,
उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड)

6– राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत वर्षा जल संचयन एवं रिचार्ज विधा के विशेषज्ञों की सूची प्रचालित कराया जाना :

यह निर्देश दिए गए कि उक्त सम्बन्ध में सम्बन्धित अभियन्त्रण विभाग/ निर्माण एजेंसीज के सहायक अभियन्ता एवं उससे ऊपर के अधिकारियों को नामित करने हेतु सम्बन्धित विभागों से उनकी सूची प्राप्त कर ली जाये।

(कार्यवाही– प्रमुख सचिव,लघु सिंचाई ,निदेशक,भूगर्भ जल विभाग,समस्त अभियंत्रण विभाग/निर्माण एजेन्सी)

7–जिला स्तरीय तकनीकी समन्वय समिति की बैठक एवं वर्षा जल संचयन तथा भूगर्भ जल रिचार्ज का जनपद स्तरीय दीर्घकालीन एक्शन प्लान :

कई जनपदों में जनपद स्तरीय तकनीकी समन्वय समिति की बैठकें नियमित रूप से प्रत्येक माह में नहीं हो रही हैं और किसी भी जनपद का दीर्घकालीन एक्शन प्लान अभी तक नहीं बना है। इस सम्बन्ध में यह निर्देश दिए गए कि इसका सघन अनुश्रवण किया जाय । तकनीकी समन्वय समिति के संयोजक अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई हैं । इसलिए मुख्य अभियन्ता,लघु सिंचाई विभाग द्वारा इसका प्रत्येक माह सघन अनुश्रवण किया जाये और यह सुनिश्चित किया जाये कि आवश्यकतानुसार

759
247
354

प्रत्येक जनपद का दीर्घकालीन एक्शन प्लान प्रत्येक दशा में 30–4–2006 तक तैयार कर लिया जाय ।

(कार्यवाही– मुख्य अभियन्ता,लघु सिंचाई विभाग,
निदेशक,भूगर्भ जल विभाग)

इसके अतिरिक्त यह निर्देश भी दिए गए कि आगरा जनपद के लिए रू0 231.00 करोड. की जो एकीकृत योजना तैयार कर भारत सरकार को वित्त पोषण हेतु भेजी गयी है,में चिन्हित कार्यो का कियान्वयन विभिन्न योजनाओं में उपलब्ध धनराशि की डवटेलिंग करके किया जाना उचित होगा। इस सम्बन्ध में मुख्य सचिव/मा0 मुख्य मंत्रीजी का अनुमोदन प्राप्त करते हुए शासनादेश निर्गत किया जाय ।

(कार्यवाही–प्रमुख सचिव,लघु सिंचाई विभाग)

8– लखनऊ/कानपुर/आगरा तथा गाजियाबाद के शहरी क्षेत्रों तथा अतिदोहित एवं क्रिटिकल विकास खण्डों में न्याय पंचायतवार रेन वाटर हार्वेस्टिंग /रिचार्जिंग योजनाओं की संरचना :

उक्त सम्बन्ध में यह निर्देश दिये गये कि उक्त हेतु योजनाओं की संरचना,आगरा जनपद की तैयार की गई योजना की भॉति लघु सिंचाई विभाग एवं भूगर्भ जल विभाग द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से तैयार की जाये। मुख्य अभियंता लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल उक्त हेतु संयुक्त रूप से उत्तरदायी होगें और माह–अप्रैल,2006 के अन्त तक योजनायें बनवाकर प्रस्तुत करेंगे।

(कार्यवाही– मुख्य अभियंता,लघु सिंचाई,
निदेशक, भूगर्भ जल विभाग)

9–शासकीय भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्धति की स्थापना :

(1) उपलब्ध प्रगति विवरण के अनुसार सभी शासकीय भवनों में अभी भी उक्त पद्धति की स्थापना नहीं हुई है। वर्तमान में निर्माणाधीन सभी शासकीय भवनों में यह पद्धति प्रस्तावित नहीं है। इस सम्बन्ध में यह निर्देश दिये गये कि सभी सम्बन्धित विभागों एवं निर्माण एजेन्सीज को पत्र भेजे जायें तथा प्रमुख सचिव, लघु सिंचाई, मार्च,2006 में दिनांक–13–3–2006 से पूर्व सभी सम्बन्धित विभागों एवं निर्माण एजेन्सीज के साथ समीक्षा बैठक कर स्थिति से अवगत करायें।

(2) उक्त सम्बन्ध में यह निदेश भी दिए गये कि जिन नवनिर्मित हो रहे शासकीय भवनों में उक्त पद्धति प्रस्तावित नहीं है उनमें विद्युत संयोजन तब तक न दिया जाय जब तक उक्त पद्धति की स्थापना नहीं कर दी जाती है। उक्त सम्बन्ध में ऊर्जा विभाग उच्चादेश प्राप्त कर शासनादेश निर्गत करें। शासनादेश निर्गत करने से पूर्व उसका ड्राफ्ट लघु सिंचाई विभाग को भी दिखा दिया जाये।

(कार्यवाही– ऊर्जा विभाग)

(3) यह निदेश भी दिए गये हैं कि सभी विभाग अपने अधीन शासकीय भवनों में नगरवार एवं भवनवार रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्धति की स्थापना की

त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से शासन के लघु सिंचाई एवं निदेशक,भूगर्भ जल विभाग को उपलब्ध करायें।

(कार्यवाही--सम्बन्धित विभाग)

(4) निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, अधिशासी अभियंता, बरेली को निर्देशित करें कि वे मुरादाबाद में वर्तमान में निर्मित किये जा रहे नव निर्मित कुल 141 भवनों जिनमें रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्धति स्थापित की गई/प्रस्तावित है में से 10 प्रतिशत भवनों का निरीक्षण कर यह रिपोर्ट दिनांक--01--3--2006 तक दें कि उक्त पद्धति स्थापित की जा रही है/ की गई है अथवा नहीं और भली भाँति कार्य कर रही है अथवा नहीं।

(कार्यवाही --निदेशक, भूगर्भ जल विभाग)

(5) यह निर्देश भी दिये गये कि लखनऊ में जिन भवनों में उक्त पद्धति स्थापित की गई है, उसका निदेशक, भूगर्भ जल विभाग द्वारा सूचना निदेशालय,के माध्यम से मुख्य समाचार पत्र के संवाददाताओं एवं इलेक्ट्रानिक मीडिया के संवाददाताओं को दिखाकर इसका समुचित प्रचार प्रसार किया जाय। यह कार्य दिनांक--10--3--2006 से पूर्व कर लिया जाय। इसके अतिरिक्त निदेशक भूगर्भ जल विभाग को यह भी निर्देश दिये गये कि वे श्री लाल बहादुर शास्त्री भवन (सचिवालय,एनेक्सी) में रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्धति की स्थापना का कार्य 31--5--2006 तक अवश्य पूर्ण करा दें तथा इसका उद्घाटन आगामी 10,जून,2006 को आयोजित होने वाले भूजल दिवस के अवसर पर मा0 मुख्य मंत्री जी से कराये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही-- निदेशक, भूगर्भ जल विभाग,
सूचना निदेशक)

10--ग्रुप रिचार्ज स्कीमः

यह निर्देश दिये गये कि नई आवासीय योजनाओं में वर्षा जल संचयन एवं रिचार्ज हेतु ग्रुप रिचार्ज स्कीम के सम्बन्ध में आवास तथा शहरी नियोजन विभाग द्वारा निर्गत किया जाने वाला शासनादेश यथाशीघ्र निर्गत किया जाय।

(कार्यवाही-- आवास विभाग एवं
शहरी नियोजन विकास)

11--स्कूल कालेज के पाठ्यक्रमों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग को एक विषय/अध्याय के रूप में सम्मिलित किया जानाः

उक्त सम्बन्ध में यह निर्देश दिये गये कि बेसिक शिक्षा विभाग से निम्न सूचना प्राप्त कर अवगत कराया जाये--

1--उक्त से सम्बन्धित पुस्तक की मास्टर कापी कब तक तैयार होगी?
2--मास्टर कापी प्रेस में छपने कब जायेगी ?
3--सम्बन्धित पुस्तक कब प्रिन्ट होकर प्राप्त होगी ?

(कार्यवाही-- लघु सिंचाई विभाग,
बेसिक शिक्षा विभाग)

801

249

356

12--वर्षा जल संचयन एवं रिचार्ज कार्यक्रमों के प्रभावी अनुश्रवण हेतु सम्बन्धित विभागों द्वारा नोडल अधिकारी नामित किया जाना :

यह निर्देश दिये गये कि सभी सम्बन्धित विभाग शासन स्तर एवं मुख्यालय स्तर पर तथा निगमों, विकास प्राधिकरणों, औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के मुख्यालय स्तर पर एक--एक नोडल अधिकारी दिनांक--27--2--2006 तक नामित कर दें और उनके नाम,पदनाम,पता व दूरभाष नम्बर प्रमुख सचिव,लघु सिंचाई तथा निदेशक, भूगर्भ जल विभाग को उपलब्ध करा दें। नामित नोडल अधिकारियों को यह भी निर्देश दे दिये जाये कि सम्बन्धित सूचनाओं का सुंकलित विवरण निर्धारित प्रारूप पर नियमित रूप से प्रेषित करें ।

(कार्यवाही--समस्त सम्बन्धित विभाग)

13--ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न केन्द्र पोषित योजनाओं में वर्षा जल संचयन हेतु मात्राकृत धनराशि को अतिदोहित /क्रिटिकल विकास खण्डों हेतु प्राथमिकता पर आवंटित किये जाने हेतु निर्देश निर्गत किया जाना।

उक्त सम्बन्ध में यह निर्देश दिये गये ग्राम्य विकास विभाग दिनांक--28--2--2006 तक शासनादेश निर्गत कर अवगत करायें।

(कार्यवाही--ग्राम्य विकास विभाग)

अनुमोदित।

(कृषि उत्पादन आयुक्त)

5 P.D.3

29/8/08

802

रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं भूगर्भ जल रिचार्ज कार्यक्रमों के अनुश्रवण हेतु गठित कार्यकारी समिति की दिनांक–24–2–2006 को कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में आहूत बैठक में उपस्थिति ।

क्रम सं0	नाम	पदनाम
1	2	3
1	श्री अजय कुमार जोशी	प्रमुख सचिव, लघु सिंचाई
2	श्री पी0एल0 लोई	प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
3	श्री जे0एस0 मिश्र	सचिव,भूमि विकास एवं जल संसाधन
4	श्री जे0एस0 दीपक	सचिव, बेसिक शिक्षा
5	श्री देवेन्द्र चौधरी	सचिव, मत्स्य
6	श्री राम शरण सिंह	सचिव, सिंचाई
7	श्री चन्द्र प्रकाश	विशेष सचिव,ग्राम्य विकास
8	श्री जी0पी0 मिश्र	विशेष सचिव, आवास
9	श्री एल0 वेंकटेश्वर लू	विशेष सचिव, राजस्व
10	वीरेन्द्र कुमार	प्रमुख सचिव,(या0)सिंचाई विभाग
11	श्री वी0के0 अरोड़ा	अधीक्षण अभियंता,लोक निर्माण विभाग
12	श्री वीरेन्द्र अग्रवाल	अधीक्षण अभियंता(अनुश्रवण) उ0प्र0 जल निगम
13	प्रतिमा सिंह	ओ0एस0डी0 वन
14	डा0 जी0एन0 पाण्डेय	प्रमुख समन्वय अधिकारी,नियोजन विभाग
15	श्रीएल0वी0 सिंह श्री राधाकृष्ण सिंह	सांयुक्त कृषि निदेशक विशेष सचिव, उद्योग विभाग
16	श्री रागाजीत तिवारी	अपर कृषि निदेशक, भू0स0 कृषि भवन,उ0प्र0,लखनऊ।
17	श्री बी0एल0 मीणा	वि0स0 (कृषि)
18	श्री देवेन्द्र मिश्र	वैज्ञानिक ,आर0एस0ए0सी0,उ0प्र0
19	निखत शमीम	अनुसचिव,वित्त
20	श्री पी0एन0 टण्डन	यू0पी0पी0सी0बी0
21	श्री आर0एस0 जुरैल	मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई
22	श्री एम0एम0 अंसारी	निदेशक, भूगर्भ जल विभाग,उ0प्र0
23	श्री ए0के0 सिंह	उप निदेशक, पंचायती राज
24	श्री त्रिभुवन	वरिष्ठ जियोफिजीसिस्ट, भूगर्भ जल विभाग
25	श्री पी0आर0 चौरसिया	परियोजना निदेशक,लघु सिंचाई विभाग
26	श्री पी0के0 जौहरी	सहायक अभियंता, भूगर्भ जल विभाग।
27	श्री आर0एस0 सिन्हा	हाईड्रोलाजिस्ट, भूगर्भ जल विभाग ।

लघु सिंचाई एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा अनुभाग–1 -15१-

उत्तर प्रदेश शासन,

संख्या–467 /62–1–2006–7 ल0प्र0/2006

लखनऊ / दिनांक 03 मार्च 2006

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– औद्योगिक विकास आयुक्त।
2– प्रमुख सचिव,वित्त,उ0प्र0 शासन।
3– प्रमुख सचिव / सचिव,पर्यावरण,उ0प्र0 शासन।
4– प्रमुख सचिव / सचिव,लघु सिंचाई एवं ग्रा0अभि0सेवा।
5– प्रमुख सचिव / सचिव,सिंचाई ,उ0प्र0 शासन।
6– प्रमुख सचिव / सचिव, भूमि विकास एवं जल संसाधन।
7– प्रमुख सचिव / सचिव,राजस्व,उ0प्र0 शासन।
8– प्रमुख सचिव / सचिव, नगर विकास,उ0प्र0।
9– प्रमुख सचिव / सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन।
10– सचिव,ग्राम्य विकास,उ0प्र0 शासन।
11– प्रमुख सचिव / सचिव, ऊर्जा,उ0प्र0 शासन।
12– प्रमुख सचिव / सचिव, वन,उ0प्र0 शासन।
13– प्रमुख सचिव / सचिव, लोक निर्माण विभाग,उ0प्र0 शासन।
14– प्रमुख सचिव / सचिव, पंचायती राज,उ0प्र0 शासन।
15– प्रमुख सचिव / सचिव,विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी,उ0प्र0 शासन।
16– प्रमुख सचिव / सचिव, कृषि,उ0प्र0 शासन।
17– प्रमुख सचिव ,नियोजन,उ0प्र0 शासन।
18– प्रमुख सचिव / सचिव, मत्स्य,उ0प्र0 शासन।
19– सचिव, बेसिक शिक्षा,उ0प्र0 शासन।
20– क्षेत्रीय निदेशक,केन्द्रीय भूजल बोर्ड,उत्तरी क्षेत्र,लखनऊ।
21– अध्यक्ष,जल निगम,उ0प्र0 लखनऊ।
22– आयुक्त,आवास एवं विकास प्राधिकरण,लखनऊ।
23– उपाध्यक्ष,लखनऊ विकास प्राधिकरण,लखनऊ।
24– निदेशक, भूगर्भ जल विभाग,उ0प्र0।
25– निदेशक, भारतीय विष अनुसंधान परिषद, लखनऊ।
26– मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग,उ0प्र0।
27– निदेशक, बेसिक शिक्षा,उ0प्र0।
28– निदेशक, पंचायती राज, उ0प्र0।
29– स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव,उ0प्र0 शासन।
30– स्टाफ आफीसर, कृषि उत्पादन आयुक्त ,उ0प्र0 शासन।
31– सूचना निदेशक,उ0प्र0 ।

(अजय कुमार जोशी)
प्रमुख सचिव ।

7 P.D.3

(2) (11) 359

प्रदेश में वर्षा जल संचयन एवं भूगर्भ जल रिचार्ज कार्यक्रमों के अनुश्रवण एवं समीक्षा हेतु गठित कार्यकारी समिति की मुख्य सचिव की अध्यक्षता में दिनांक 27.9.2006 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त

बैठक में सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया (उपस्थिति सूची संलग्न है)।

सर्व प्रथम मुख्य सचिव की अनुमति से बैठक का शुभारम्भ करते हुए सचिव, भूगर्भ जल एवं लघु सिंचाई द्वारा "उत्तर प्रदेश में वर्षा जल संचयन एवं भूगर्भ जल रिचार्ज (पुनर्भरण)" के लिए तैयार की गयी कार्ययोजना का प्रस्तुतीकरण किया गया। प्रस्तुतीकरण में उठाये गये बिन्दु इस प्रकार हैं–

- जल चक्र (हाइड्रोलाजिकल साइकिल) एवं जल उपलब्धता का "विश्वव्यापी परिदृश्य" प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी गयी कि पृथ्वी पर उपलब्ध कुल जल का मात्र 3 प्रतिशत ही शुद्ध जल स्त्रोत के रूप में पाया जाता है, जिसका केवल 11 प्रतिशत भाग भूगर्भ जल संसाधन के रूप में 800 मीटर की गहराई तक उपलब्ध है।
- "राष्ट्रीय परिदृश्य" के संदर्भ में बताया गया कि देश में विश्व के जल संसाधन के सापेक्ष मात्र 4 प्रतिशत जल सम्पदा ही उपलब्ध है। यह भी दर्शाया गया कि देश में प्रतिव्यक्ति प्रतिवर्ष जल उपलब्धता अत्याधिक घटकर वर्तमान में केवल 1800 घन मीटर रह गयी है, जबकि यह जल उपलब्धता 1700 घन मीटर प्रतिव्यक्ति प्रतिवर्ष होने की दशा में दबावग्रस्त स्थिति उत्पन्न हो जायेगी।
- "उत्तर प्रदेश का परिदृश्य" प्रस्तुत करते हुए जानकारी दी गयी कि प्रदेश में वर्षा जल की कुल वार्षिक उपलब्धता 235.40 लाख हे0मी0 आंकी गयी है, जिसमें से 88.27 लाख हे0मी0 अर्थात 37.50 प्रतिशत वर्षा जल प्रतिवर्ष रन–आफ के रूप में समुद्र चला जाता है, जबकि कुल वर्षा जल का 15.45 प्रतिशत(31.37 लाख हे0मी0) भाग प्राकृतिक रिचार्ज द्वारा भूगर्भ जल में समाहित हो जाता है। प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि प्रस्तावित कार्ययोजना में 'रन–आफ' को कम करके भूगर्भ जल रिचार्ज के प्रतिशत को बढाया जाना मुख्य लक्ष्य होगा।
- प्रदेश में विद्यमान विभिन्न हाइड्रोजियोलाजिकल श्रेणियों को दर्शाते हुए अतिदोहित व क्रिटिकल विकास खण्डों तथा भूजल स्तर की नवीनतम स्थिति प्रस्तुत की गयी। 01 अप्रैल, 2004 के आंकडों पर आधारित आंकलन के अनुसार प्रदेश में भूगर्भ जल विकास दर 69 प्रतिशत बतायी गयी।
- राज्य जल नीति, 1999 व वर्षा जल संचयन एवं भूगर्भ जल रिचार्ज हेतु विगत वर्षों में राज्य सरकार द्वारा लिये गये महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों पर चर्चा करते हुए बताया गया कि 13 विकास खण्डों में 10मी0 प्रतिवर्ष से अधिक की भूजल स्तर गिरावट दर्ज की गयी है।
- प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि कुल 820 विकास खण्डों में से 589 विकास खण्डों में भूजल स्तर भूतल से 5मी0 अथवा कम गहराई पर अवस्थित है तथा 90 विकास खण्डों में यह भूजल स्तर भूमि सतह से 5 से 8 मीटर की गहराई

पर है। बताया गया कि इन विकास खण्डों में भूजल रिचार्ज की आवश्यकता वर्तमान में नहीं है।

- प्रदेश में वर्षा जल संचयन एवं भूगर्भ जल रिचार्ज हेतु प्राथमिकता वाले 36 जनपदों में अवस्थित 141 सागरयाग्रस्त विकासखण्डों को चिन्हित किया गया है, जिनको 04 श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है।

  इस वर्गीकरण के आधार पर 37 अतिदोहित विकास खण्ड, 13 क्रिटिकल विकास खण्ड, बुन्देलखण्ड–विन्ध्य व अरावली पठारी क्षेत्र के 63 विकास खण्ड, 25 विकास खण्ड, जहां वर्षा ऋतु के उपरान्त भूजल स्तर 8 मी0 से अधिक गहरा व वर्षा पूर्व जलस्तर गिरावट 10 से0मी0 प्रतिवर्ष से अधिक है तथा नदी के निकट स्थित 03 विकास खण्ड, जहां भूजल स्तर 15 मी0 से अधिक गहरा है, को वर्षा जल संचयन एवं रिचार्ज कार्यक्रम हेतु चयनित किया गया है। प्रदेश में वर्षा जल संचयन एवं भूगर्भ जल रिचार्ज की सागरत गतिविधियों/योजनाओं को 11वीं पंचवर्षीय योजनाकाल (वर्ष 2007–12) में इन्हीं विकास खण्डों में केन्द्रित किये जाने का प्रस्ताव है।

- प्रदेश में वर्षा जल संचयन एवं रिचार्ज की विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत विभिन्न विभागों यथा लघु सिंचाई, कृषि, सिंचाई ग्राम्य विकास विभाग, भूमि विकास एवं जल संसाधन, जल निगम द्वारा अभी तक जीर्णोद्धार/निर्मित तालाब व चेक डैम निर्माण की प्रगति एवं प्रस्तावित लक्ष्यों का विवरण भी प्रस्तुत किया गया।

  300 वर्ग मी0 अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल के भूखण्डों पर निर्मित निजी भवनों में रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्धति की स्थापना सम्बंधी प्रगति आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से प्राप्त सूचना के आधार पर प्रस्तुत की गयी, जिसमें बताया गया कि स्वीकृत किये गये मानचित्रों वाले कुल 3378 भवनों में से 1715 भवनों में उक्त व्यवस्था की गई जबकि 1663 भवनों में इस प्रणाली को लागू नहीं किया गया। शासकीय/अर्द्धशासकीय भवनों में रिचार्जिंग पद्धति स्थापित किये जाने सम्बंधी प्रगति भी प्रस्तुत की गयी।

  शासकीय प्रतिष्ठान के अनुसार उद्योगों में स्थापित पीजोमीटर की अद्यतन स्थिति तथा रेनवाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना सम्बंधी जानकारी भी प्रस्तुतिकरण में दी गयी।

- **एक्शन प्लान :–**

  प्रदेश में चिन्हित 141 सागरयाग्रस्त विकासखण्डों में वर्षा जल संचयन एंव भूगर्भ जल रिचार्ज के कार्यक्रम की प्रस्तावित कार्ययोजना का प्रस्तुतिकरण करते हुए सचिव, भूगर्भ जल एवं लघु सिंचाई द्वारा बताया गया कि प्रथम चरण हेतु इस पंचवर्षीय कार्ययोजना में कुल रू0 2000 करोड के व्यय की सम्भावना है और इस प्रकार प्रत्येक वर्ष विभिन्न प्रस्तावित योजनाओं पर कुल रू0 400 करोड के परिव्यय का प्रावधान किया गया है। इस धनराशि की व्यवस्था/वित्त पोषण विभिन्न योजनाओं से अभिसरित करके किया जाना प्रस्तावित है।

806 (10) 254 341

(1) ग्रामीण क्षेत्र– कार्य-योजना के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में एल्यूवियल क्षेत्र हेतु "रिवर बेसिन अप्रोच" पर आधारित रिचार्ज योजनाओं के लिए रू0 773.47 करोड की लागत से चेक डेम निर्माण, तैराज, तालाबों का जीर्णोद्धार /निर्माण, नाला बंध, गेबियन स्ट्रक्चर, आन–फार्म वाटर हार्वेस्टिंग आदि कार्य प्रस्तावित है।

(2) पठारी क्षेत्र– पठारी क्षेत्रों में "वाटरशेड अप्रोच" पर आधारित रिचार्ज योजनान्तर्गत रू0 407.97 करोड की लागत से कन्टूर बांध, गली प्लगस, अर्दन बांध, चेकडेम, परकोलेशन टैंक, हार्टीकल्चर व वनीकरण आदि कार्य प्रस्तावित किये गये हैं।

(3) शहरी क्षेत्र– प्रदेश के 40 सामस्याग्रस्त जनपदों में अवस्थित कुल 431 नगर निगम/नगरपालिका परिषद्/नगर पंचायतों में रू0 700.05 करोड की लागत से कुल 46,670 रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स की स्थापना का लक्ष्य प्रस्तावित किया गया है।

(4) प्रदेश में भूगर्भ जल संरक्षण एवं प्रबन्धन के लिए जन–जागरूकता एवं प्रचार प्रसार हेतु "सूचना–शिक्षा–संचार" पर आधारित कार्यक्रमों हेतु रू0 84.60 करोड का प्रावधान किया गया है।

(5) "प्रशासनिक व्यय" के अन्तर्गत पीजोमीटर निर्माण व अन्य उपकरणों हेतु इन्फ्रास्ट्रक्चर लागत के रूप में रू0 24 करोड़ तथा रार्पोट एक्टीविटीज हेतु रू0 10 करोड के व्यय की व्यवस्था रखी गयी है।

प्रस्तुतिकरण में बताया गया कि प्रस्तावित कार्ययोजना के अन्तर्गत विभिन्न रिचार्ज कार्यक्रमों/योजनाओं के क्रियान्वयन का दायित्व समन्वित ढंग से सभी सम्बंधित विभागों को दिया जायेगा।

❖ प्रस्तुतिकरण के अन्त में सचिव, भूगर्भ जल एवं लघु सिंचाई द्वारा यह आशा व्यक्त की गई कि इस समग्र कार्य योजना को समन्वित ढंग से समस्याग्रस्त क्षेत्रों में क्रियान्वित किये जाने से जहां एल्यूवियल क्षेत्रों में भूजल स्तर गिरावट की वर्तमान दर को प्रभावी ढंग से रोका जा सकेगा, वहीं पठारी क्षेत्रों में वाटरशेड अप्रोच के माध्यम से भूगर्भ जल उपलब्धता में वृद्धि की पर्याप्त सम्भावना रहेगी।

❖ **निर्णय :**

बैठक में उक्त प्रस्तुतिकरण पर विस्तार से चर्चा हुई। चर्चा के उपरान्त निम्न निर्णय लिए गए:–

1– **समस्याग्रस्त 141 विकास खण्डों में वर्षा जल संचयन एवं भूगर्भ जल रिचार्ज की समन्वित कार्यवाही किये जाने हेतु दिशा–निर्देश निर्गत किया जाना :**

कार्य–योजना के प्रस्ताव पर सैद्धान्तिक सहमति देते हुए यह निर्देश दिये गये कि समस्याग्रस्त 141 विकास खण्डों एवं चिन्हित शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल संचयन एवं भूगर्भ जल रिचार्ज कार्यक्रमों को मुख्य रूप से केन्द्रित किये जाने के उद्देश्य से सभी सम्बंधित विभागों के साथ शीघ्र बैठक आयोजित करके दो सप्ताह में प्रस्ताव तैयार कर उच्चस्तरीय सहमति प्राप्त करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश निर्गत कर दिये जायें।

(कार्यवाही : भूगर्भ जल विभाग)

807

2— 11वीं पंचवर्षीय योजना में कार्य–योजना को सम्मिलित किया जाना

(i) यह निर्देश दिए गए कि वर्षा जल संचयन की प्रस्तावित कार्ययोजना को 11वीं पंचवर्षीय योजना में सम्मिलित कराये जाने की कार्यवाही की जाए।

(ii) यह भी निर्देश दिये गये कि कार्य–योजना के प्रस्तावित परिव्यय के वित्त पोषण हेतु विभिन्न सम्बंधित विभागों की लिखित सहमति प्राप्त कर ली जाएं।

(कार्यवाही : भूगर्भ जल विभाग)

3— निजी भवनों में रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्धति की स्थापना सुनिश्चित किया जाना :

(i) यह निर्देश दिए गए कि 300 वर्ग मी0 अथवा अधिक क्षेत्रफल के भूखण्डों पर निर्मित भवनों में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की अगस्त,2006 की सूचना के अनुसार मानचित्र स्वीकृत कराने के पश्चात भी रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की व्यवस्था न करने वाले 1136 भवनों में उक्त प्रणाली की स्थापना अगली वर्षा ऋतु के पूर्व कराया जाना प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जायें।

(ii) यह निर्देश दिए गए कि नये शासनादेश के अनुसार भवनों में रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली सम्बंधी संशोधित व्यवस्थाओं के समुचित क्रियान्वयन की कार्यवाही भी सुनिश्चित करायी जाये।

(कार्यवाही : आवास एवं शहरी नियोजन विभाग)

4— पुरानी आवासीय योजनाओं/भवनों में भूगर्भ जल रिचार्जिंग व्यवस्था को लागू कराया जाना :

(i)यह निर्देश दिए गए कि पुराने आवासीय योजनाओं एवं भवनों में भी रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की व्यवस्था लागू कराने के लिए गम्भीरता से विचार किया जाए। इस हेतु आवास एवं शहरी नियोजन विभाग उपयुक्त विधियां चिन्हित करके तत्काल एक स्पष्ट नीति निर्धारित करते हुए उच्चादेश प्राप्त कर शीघ्र शासनादेश निर्गत करें ।

(ii) इस सम्बंध में यह भी निर्देश दिये गये कि पुरानी आवासीय कालोनियों में "सामूहिक रिचार्ज पद्धति" को प्रोत्साहित कर लागू कराये जाने हेतु भी नीति निर्धारित की जाये। इसके लिए सामुदायिक सहभागिता की भूमिका तय किये जाने के साथ–साथ जनमानस में जागरूकता भी उत्पन्न की जाये।

(iii) निर्मित भवनों के मानचित्रों के उच्चीकरण/विस्तार कार्य कराये जाने के समय भी यह परीक्षण कर लिया जाये कि अमुक भवन में शासकीय

प्राविधानों के अनुसार रिचार्जिंग की व्यवस्था की गई है अथवा नहीं और तदनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

(कार्यवाही : आवास एवं शहरी नियोजन विभाग)

5— उद्योगों में पीजोमीटर की स्थापना:

यह निर्देश दिये गये कि सभी उद्योगों में मार्च, 2007 तक भूजल स्तर एवं गुणवत्ता अनुश्रवण हेतु पीजोमीटर की स्थापना सुनिश्चित करायी जाए। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिये गये कि अगले वर्ष उद्योगों को 'पर्यावरणीय सहमति' तभी दी जाए जब वह पीजोमीटर स्थापित कर लें।

(कार्यवाही : प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड)

6— आई0सी0सी0एम0आर0टी0 में स्थापित रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्धति की सी0डी0 प्राप्त किया जाना :

यह निर्देश दिये गये कि आई0सी0सी0एम0आर0टी0, इन्दिरा नगर, लखनऊ में स्थापित रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्धति की सी0डी0 प्रचार–प्रसार हेतु सेन्टर फार इन्वायरमेन्ट एजूकेशन से प्राप्त कर ली जाये।

(कार्यवाही : भूगर्भ जल विभाग)

7— तालाबों में रिचार्ज शाफ्ट निर्माण के पूर्व जल गुणवत्ता परीक्षण एवं प्रदूषण की सम्भावनाओं का आंकलन किया जाना :

यह निर्देश दिये गये कि तालाबों में रिचार्ज शाफ्ट की व्यवस्था /निर्माण करने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जाये कि रिचार्ज शाफ्ट के निर्माण से प्रदूषण की कोई सम्भावना तो नहीं है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर सतही जल एवं भूगर्भ जल की गुणवत्ता का नियमित परीक्षण निर्माण के पूर्व एवं पश्चात् किया जाये।

(कार्यवाही : भूगर्भ जल विभाग)

8— जनपद बदायूँ हेतु पृथक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना :

जनपद बदायूँ के अधिकांश्य विकास खण्डों में अतिदोहन की स्थिति को देखते हुए यह निर्देश दिये गये कि भूगर्भ जल के संगत प्रबन्धन एवं नियोजन हेतु जनपद बदायूँ का विस्तृत प्रस्ताव अलग से प्रस्तुत किया जाये। इस सम्बंध में भूगर्भ जल के विकास एवं नलकूपों के निर्माण के परिपेक्ष्य में सिंचाई विभाग एवं कृषि विभाग से अभिमत प्राप्त कर लिया जाये।

(कार्यवाही : लघु सिंचाई, कृषि एवं सिंचाई विभाग)

9— सिंचाई विभाग को 141 विकास खण्डों की सूची उपलब्ध कराया जाना :

यह निर्देश दिये गये कि सिंचाई विभाग को 141 विकास खण्डों की सूची उपलब्ध कराकर सिंचाई सम्बंधी वर्तमान एवं प्रस्तावित योजनाओं पर

सूचनाएं प्राप्त कर ली जायें, जिससे प्रस्तावित कार्य योजना के संदर्भ परीक्षण किया जा सके।

(कार्यवाही : सिंचाई विभाग एवं भूगर्भ जल संलग्नक- यथोक्त।

ह0-
नवीन चन्द्र बाजपे
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन

उत्तर प्रदेश शासन,
लघु सिंचाई एवं ग्रामीण अभियंत्रण सेवा अनुभाग-1,
संख्याः-1/5 यू/62-1-2006-7 डब्लूपी/2004
लखनऊः दिनांक- 3 अक्टूबर, 2006

उपरोक्त कार्यवृत्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
2- प्रमुख सचिव एवं औद्योगिक विकास आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।
3- प्रमुख सचिव, वित्त, उत्तर प्रदेश शासन।
4- प्रमुख सचिव, पर्यावरण, उत्तर प्रदेश शासन।
5- प्रमुख सचिव, सिंचाई विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।
6- प्रमुख सचिव, भूमि विकास एवं जल संसाधन,
7- प्रमुख सचिव, राजस्व, उत्तर प्रदेश शासन।
8- प्रमुख सचिव, नगर विकास, उत्तर प्रदेश शासन।
9- प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास, उत्तर प्रदेश शासन।
10- प्रमुख सचिव, वन, उत्तर प्रदेश शासन।
11- प्रमुख सचिव, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उत्तर प्रदेश शासन।
12- प्रमुख सचिव, लोक निर्माण, उत्तर प्रदेश शासन।
13- प्रमुख सचिव, पंचायतीराज, उत्तर प्रदेश शासन।
14- प्रमुख सचिव, नियोजन, उत्तर प्रदेश शासन।
15- सचिव, मत्स्य, उत्तर प्रदेश शासन।
16- सचिव, आवास, उत्तर प्रदेश शासन।
17- प्रमुख स्टाफ आफीसर, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
18- निदेशक, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, उत्तरी क्षेत्र, लखनऊ।
19- निदेशक, आई0टी0आर0सी0, लखनऊ।
20- निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
21- मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई विभाग, उ0प्र0।

3/10/06
(अरुण आर्या)
सचिव।

259 ⑧ 365 810

उपस्थिति

क्रम सं०	नाम	पदनाम
1—	श्री अनीस अंसारी	कृषि उत्पादन आयुक्त, उ0प्र0 शासन।
2—	श्री रवीन्द्र सिंह	प्रमुख सचिव, औद्योगिक विकास
3—	श्री शेखर अग्रवाल	प्रमुख सचिव, वित्त विभाग
4—	श्री अरूण आर्या	सचिव,लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग,उ0प्र0 शासन
5—	श्री तुलसी गौड़	सचिव, नियोजन विभाग
6—	श्री देवेश चतुर्वेदी	सचिव, वन विभाग
7—	श्री एस0एम0 श्रीवास्तव	सचिव,विज्ञान एवं प्राद्यौगिकी,उ0प्र0
8—	श्री डी0एस0 शर्मा	विशेष सचिव, राजस्व विभाग
9—	श्री यू0पी0 सिंह	विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन
10—	श्री बी0एल0 मीणा	विशेष सचिव, सिंचाई
11—	श्री बी0एन0 अग्रवाल	विशेष सचिव, भूमि विकास एवं जल संसाधन
12—	सुश्री श्रद्धा मिश्रा	विशेष सचिव,ग्राम्य विकास विभाग
13—	श्री अली मजहर रिजवी	विशेष सचिव,लोक निर्माण विभाग
14—	श्री जी0पी0 मिश्र	विशेष सचिव, पंचायती राज
15—	श्री पन्ना लाल	मुख्य अभियंता,जल निगम
16—	डा0 यशपाल सिंह	निदेशक, पर्यावरण
17—	श्री एम0एम0 अंसारी	निदेशक,भूगर्भ जल विभाग,उ0प्र0
18—	श्री आर0एस0 जुरैल	मुख्य अभियंता,लघु सिंचाई विभाग,उ0प्र0
19—	श्री एन0आर0 वर्मा	मुख्य नगर एवं ग्राम्य नियोजक
20—	श्री आनन्द प्रकाश	प्रमुख अभियंता, सिंचाई विभाग
21—	श्री सी0एस0 भट्ट	सदस्य सचिव,प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
22—	श्री ए0के0 गार्गव	वैज्ञानिक केन्द्रीय भू-जल परिषद
23—	श्री बिहारी स्वरूप	निदेशक, सतरय विभाग
24—	सुश्री अनिता गुप्ता	अतिरिक्त जल भू विज्ञ
25—	श्री देवेन्द्र मिश्र	वैज्ञानिक,रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेन्टर, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग
26—	श्री वीरेन्द्र अग्रवाल	मुख्य अभियंता, सेक्टर-1,उ0प्र0 जल निगम
27—	श्री त्रिभुवन	सीनियर जियोफिजिसिस्ट, भूगर्भ जल निदेशालय, लखनऊ।
28—	श्री पी0के0 जौहरी	सहायक अभियंता, भूगर्भ जल निदेशालय, लखनऊ।
29—	श्री आर0एस0 सिन्हा	हाईड्रोलाजिस्ट ,भूगर्भ जल निदेशालय, लखनऊ।

Dept. Committee LUCKNOW 3914

उत्तर प्रदेश शासन,
लघु सिंचाई एवं ग्रामीण अभियन्त्रण सेवा अनुभाग–1
संख्या– /62–1–2007–8डब्लूपी/2007
लखनऊः दिनांक– 05 अक्टूबर,2007

कार्यालय–ज्ञाप

प्रदेश में विभिन्न प्रकार से सिंचाई, पेयजल एवं उद्योगों हेतु भूगर्भ जल के दोहन के कारण गिरते भूगर्भ जल स्तर को रोकने तथा वाटर हार्वेस्टिंग को अनिवार्य बनाये जाने की दृष्टि से रिट याचिका संख्या–3599(एम/बी)/2007 राजीव तिवारी बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 न्यायालय द्वारा पारित निर्णय दिनांक–15 जून, 2007 के अनुपालन में विशेषज्ञ समिति का गठन निम्नवत् किया जाता है :–

(1) कृषि उत्पादन आयुक्त, उत्तर प्रदेश शासन।	अध्यक्ष
(2) प्रमुख सचिव, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।	सदस्य सचिव
(3) प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।	सदस्य
(4) प्रमुख सचिव, कृषि विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।	सदस्य
(5) प्रमुख सचिव, भूमि विकास एवं जल संसाधन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।	सदस्य
(6) प्रमुख सचिव, आवास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।	सदस्य
(7) प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।	सदस्य
(8) प्रमुख सचिव, राजस्व विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।	सदस्य
(9) प्रमुख सचिव, वन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।	सदस्य

C:\Documents and Settings\ANUJ\Desktop\Sanjiv

812
268 367

(10) प्रमुख सचिव, सदस्य
सिंचाई विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

(11) निदेशक, सदस्य
भूगर्भ जल विभाग,उ0प्र0,
लखनऊ।

(12) मुख्य अभियन्ता, आमंत्रित सदस्य
लघु सिंचाई विभाग,उ0प्र0,
लखनऊ।

(13) क्षेत्रीय निदेशक, आमंत्रित सदस्य
केन्द्रीय भूजल बोर्ड,लखनऊ।

2— चूँकि भूगर्भ जल से सम्बन्धित कार्यो हेतु लघु सिंचाई विभाग के प्रशासकीय नियंत्रण में भूगर्भ जल विभाग,उ0प्र0 को नोडल विभाग बनाया गया है, अतः बैठक आहूत करने तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय करने का कार्य प्रमुख सचिव/सचिव, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग द्वारा किया जायेगा।

उक्त विशेषज्ञ समिति की बैठक प्रत्येक माह कृषि उत्पादन आयुक्त की अध्यक्षता में उनके सभा कक्ष में आहूत की जायेगी। यदि किन्ही कारणों से कृषि उत्पादन आयुक्त उपलब्ध न हों, तो प्रमुख सचिव, लघु सिंचाई एवं भूगर्भ जल विभाग की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न होगी।

चन्द्र प्रकाश
प्रमुख सचिव।

संख्या—2177(1)/62—1—2007,तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

(1) प्रमुख सचिव,ग्राम्य विकास विभाग,उ0प्र0शासन।
(2) प्रमुख सचिव,कृषि विभाग,उ0प्र0शासन।
(3) प्रमुख सचिव,भूमि विकास एवं जल संसाधन विभाग,उ0प्र0शासन।
(4) प्रमुख सचिव,आवास विभाग,उ0प्र0शासन।
(5) प्रमुख सचिव,नगर विकास विभाग,उ0प्र0शासन।
(6) प्रमुख सचिव,राजस्व विभाग,उ0प्र0शासन।
(7) प्रमुख सचिव,वन विभाग,उ0प्र0शासन।
(8) प्रमुख सचिव,सिंचाई विभाग,उ0प्र0शासन।
(9) स्टाफ आफिसर,कृषि उत्पादन आयुक्त,उ0प्र0शासन।
(10) निदेशक,भूगर्भ जल विभाग,उ0प्र0,लखनऊ।
(11) मुख्य अभियन्ता,लघु सिंचाई विभाग,उ0प्र0,लखनऊ।
(12) क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूजल बोर्ड, भूजल भवन, सेक्टर—बी, सीतापुर रोड योजना, लखनऊ।

आज्ञा से,
(डा0 सुधाकर अदीब)
संयुक्त सचिव।

C:\Documents and Settings\ANUBHAV\...\Image1.jpg

29/11/08

29/11/08
(समाकान्त मिश्र)
शपथ आयुक्त एवं अनुभाग अधिकारी,
न्याय अनुभाग—6 (रिट विधि मंत्रणा)
उत्तर प्रदेश शासन

ANNEXURE A-14

संख्या : 0035/आठ-1-2005

368
813

प्रेषक,

नवीन चन्द्र बाजपेई,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव
उत्तर प्रदेश शासन,
2. समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।
4. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 25 अप्रैल, 2006

विषयः भूजल संरक्षण एवं रिचार्जिंग हेतु वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) प्रणाली को अपनाए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उत्तर प्रदेश का अधिकांश भाग गंगा-यमुना के दोआब में स्थित है, जहॉ विश्व का विशालतम भू-जल-भण्डार उपलब्ध है, किन्तु पेय जल, सिंचाई तथा उद्योगों हेतु जल की बढ़ती मांग के कारण भू-जल स्रोतों का अनियंत्रित दोहन अनवरत रूप से जारी है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव प्रदेश के अधिकांश भागों में धीरे-धीरे गिरते हुए जल स्तर, नलकूपों की असफलता एवं पारिस्थितिकीय असंतुलन के रूप में परिलक्षित हो रहा है। भू-जल स्रोतों के साथ-साथ सतही जल स्रोत विशेष रूप से तालाब, पोखर एवं जलाशय आदि भी सूख रहे हैं। इस प्रकार पारिस्थितिकीय संरक्षण एवं संचयन वर्तमान में एक चुनौती बन चुका है। अतः समय रहते इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही किए जानें की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में जल संकट का सामना न करना पड़े।

2. उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष लाखों गैलन वर्षा जल व्यर्थ बहकर समुद्र में चला जाता है, जिसे अन्यथा भू-जल संचयन की विभिन्न संरचनाओं के माध्यम से भूमि के अन्दर प्रवेश करा कर भविष्य में सम्भावित जल संकट का समाधान सुनिश्चित हो सकता है। इस प्रकार वर्षा जल संरक्षण एवं भूजल रिचार्जिंग विधा एक प्रभावी विकल्प के रूप में उभरी है, जिसे व्यापक रूप से अपनाए जाने पर दबावग्रस्त भूगर्भीय जल स्रोतों का संरक्षण किया जा सकता है एवं उन्हें पुनर्जीवित किया जा सकता है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय-समय पर निम्नांकित शासनादेश जारी किए गए हैं :-

(i) शासनादेश संख्या : 1703ए/9-आ-1-29 विविध/98, दिनांक 12.4.2001
(ii) शासनादेश संख्या : 3771/9-आ-1-17 विविध/2003, दिनांक 16.6.2001
(iii) शासनादेश संख्या : 3887/9-आ-1-रेन वा0 हार्वे0/2002 दिनांक 02.09.02
(iv) शासनादेश संख्या : 1760/9-आ-1-04-17विविध/2003 दिनांक 29.07.04

3. रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना को सुगम, सुरक्षित, लागत प्रभावी एवं लोकप्रिय बनाए जाने हेतु

d

उपर्युक्त शासनादेशों के विभिन्न प्राविधानों पर इस विधा में विशेषज्ञ विभागों/संस्थाओं से शासन स्तर पर व्यापक विमर्श किया गया जिसके क्रम में कतिपय संशोधन आवश्यक पाए गए हैं। अतः मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भू–जल संरक्षण एवं रिचार्जिंग हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को अपनाए जाने के सम्बन्ध में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा पूर्व में जारी उपरिलिखित शासनादेशों के गहन परीक्षण एवं सम्यक विचारोपरान्त तात्कालिक प्रभाव से निम्न संशोधन एवं व्यवस्था लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है :–

3.1 नगरीय क्षेत्रों में प्राकृतिक तालाबों, पोखरों, जलाशयों, आदि का संरक्षण सुनिश्चित किया जाएगा। इस हेतु ऐसे समस्त तालाबों, पोखरों, जलाशयों को महायोजना/जोनल डेवलपमेन्ट प्लान में चिन्हित कर उनके वर्तमान उपयोग हेतु आरक्षित किया जाए तथा उनमें केवल वर्षा जल का सरफेस रन ऑफ व सम्बन्धित क्षेत्र से गुजर रहे प्राकृतिक ड्रेनेज (जिनमें प्रदूषित जल न आता हो), को ही मिलाने की व्यवस्था रखी जाए। ऐसे तालाबों/पोखरों/जलाशयों, आदि में **भू–जल रिचार्जिंग हेतु रिचार्ज शैफ्ट किसी भी दशा में नहीं बनाए जायंगे**, जिसमें औद्योगिक क्षेत्रों का प्रदूषित जल–प्रवाह आता हो अथवा प्रदूषित जल आने की सम्भावना हो। रिचार्ज शैफ्ट स्थल विशेष की परिस्थितियों का विश्लेषण करने के उपरान्त ही बनाए जाएं। इसके अतिरिक्त तालाबों, पोखरों, जलाशयों, आदि को अतिक्रमण एवं अवैध निर्माण/कब्जे से मुक्त रखा जाए तथा सम्बन्धित अभिकरण द्वारा उनका जीर्णोद्धार किया जाए।


3.2 नयी योजना बनाने से पूर्व क्षेत्र का जियोलॉजिकल/हाइड्रोलॉजिकल/हाइड्रोजियोलॉजीकल सर्वेक्षण कराया जाए एवं भू–जल की रिचार्जिंग हेतु स्थानीय आवश्यकतानुसार उपयुक्त पंद्धति को अपनाया जाए।

3.3 20 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल की योजनाओं के ले–आउट प्लान्स में पार्क एवं खुले क्षेत्र के अन्तर्गत कुल योजना क्षेत्र की लगभग 5 प्रतिशत भूमि पर भू–जल की रिचार्जिंग हेतु जलाशय का निर्माण किया जाए, जिसका न्यूनतम क्षेत्रफल एक एकड़ होगा। जलाशय के निर्माण के पूर्व सम्बन्धित योजना के अन्तर्गत वर्षा जल के प्राकृतिक कैचमेन्ट एरिया को चिन्हित करते हुए वर्षा जल के आयतन, क्षेत्र के हाइड्रोजियोलॉजिकल, टोपोग्राफी, लीथॉलाजी, मृदा गुणों तथा प्रस्तावित जलाशय में वर्षा जल के सम्भावित ठहराव (रिटेशन्स) व "स्टेगनेशन का अध्ययन एवं तत्सम्बन्धी फिजिबिलिटी का आंकलन किया जाए और उसके अनुसार ही जलाशय की गहराई निर्धारित की जाए, परन्तु **जलाशय की गहराई किसी भी दशा में 03 मीटर से अधिक न रखी जाए।** इसके अतिरिक्त जलाशय में केवल उसी योजना के सरफेस–रन–ऑफ को निस्तारित करने की व्यवस्था की जाए तथा प्रदूषित जल एवं उत्प्रवाह को उसमें न मिलाया जाए।

3.4 20 एकड़ से कम क्षेत्रफल की योजनाओं में भी उपरोक्तानुसार जलाशय बनाए जाए एवं पार्क व खुले क्षेत्र के अन्तर्गत निर्धारित मानकों के अनुसार एक कोने में रिचार्ज पिट/रिचार्ज शैफ्ट बनाए जाए। ऐसे रिचार्ज पिट/रिचार्ज शैफ्ट का निर्माण क्षेत्रीय हाइड्रोजियोलॉजी के अनुरूप एवं भू–जल के ढलान की दिशा में [illegible] जाए।

पार्कों में पक्का निर्माण, पक्के पेवमेन्ट सहित 5 प्रतिशत से अधिक न किया जाए तथा फुटपाथ एवं ट्रैक्स यथा सम्भव 'परमीएबिल' या ऐसी परिमीएबिल परफोरेटैड–ब्लाक्स के प्रयोग से ही बनाए जाए। वर्षा जल के [illegible] कतम भूमिगत रिसाव को पार्क एवं खुले क्षेत्रों में प्रोत्साहित किया जाए।

3.6 **नव निर्मित होने वाले समस्त उपयोगों के भवनों में 'रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग' प्रणाली अनिवार्य रूप से स्थापित करायी जाए।** इस हेतु निम्न प्रक्रिया अपनायी जाए :–



(क) शासकीय अभिकरणों/निजी विकासकर्ताओं/सहकारी आवास समितियों द्वारा प्रस्तावित नई योजनाओं के ले–आउट प्लान्स में दुर्बल एवं अल्प आय वर्ग को छोड़कर अवस्थापना सुविधाओं यथा जलापूर्ति, ड्रेनेज एवं सीवरेज के नेटवर्क के साथ–साथ रूफ टॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग के माध्यम से भू–जल की **सामूहिक रिचार्जिंग** हेतु अन्य **पृथक नेटवर्क** का प्राविधान किया जाए, जिसमें व्यक्तिगत भूखण्डों/भवनों हेतु रिचार्जिंग पिट से लेकर उपयुक्त स्थलों पर रिचार्जिंग स्ट्रक्चर्स की व्यवस्था हो जाए। उक्त व्यवस्था पर आने वाले व्यय को योजना की विक्रय–योग्य भूमि पर भारित करते हुए लाभार्थियों से भूखण्डों/भवनों के विक्रय मूल्य में जोड़कर वसूली की जाए।

(ख) शासकीय अभिकरणों/निजी विकासकर्ताओं/सहकारी समितियों द्वारा विकसित योजनाओं में **100 वर्ग मीटर अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल के सभी प्रकार के भूखण्डों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्धति की स्थापना किया जाना अनिवार्य होगा। किन्तु 200 वर्ग मीटर से कम क्षेत्रफल** के भूखण्डों पर निर्मित होने वाले भवन के सम्बन्ध में मात्र **यह बाध्यता होगी** कि भवनों की छत से वर्षा जल का सामूहिक रिचार्ज योजना के नेटवर्क में ही प्रवाहित किया जाए, जबकि **200 वर्ग मीटर अथवा उससे अधिक क्षेत्रफल के भूखण्डों** में यदि सामूहिक रिचार्ज नेटवर्क नहीं हो, तो भवन स्वामी को स्वयं ही इस पद्धति की स्थापना करना अनिवार्य होगा।

3.7 भू–जल संसाधनों की सुरक्षा के दृष्टिगत केवल छतों से प्राप्त होने वाले बरसाती जल को ही भू–जल स्रोतों में रिचार्ज कराया जाए। **खुले क्षेत्रों से प्राप्त होने वाले वर्षा जल को कदापि रिचार्जिंग के उपयोग में न लाया जाए** क्योंकि रिचार्जिंग वैल विधा से वर्षा जल सीधे स्ट्रेटा (एक्यूफर) में प्रवेश करेगा, जिससे **भू–जल प्रदूषित** हो सकता है। इसके अतिरिक्त रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स का निर्माण मानक तकनीक के अनुसार सुनिश्चित किया जाए तथा वर्षा जल को न्यूनतम आवश्यक गहराई तक ही भूमि के अन्दर प्रवेश कराया जाए, ताकि भू–जल स्रोतों के प्रदूषण की समस्या उत्पन्न न हो।

3.8 सड़कों के किनारे यथासंभव कच्चे रखे जाएं, जिसमें ब्रिक आन एज/लूज स्टोन पेवमेन्ट का प्राविधान किया जाए, ताकि भू–जल की अधिकतम रिचार्जिंग सम्भव हो सके।

3.9 सड़कों, पार्को तथा खुले क्षेत्रों में वृक्षारोपण हेतु ऐसे पेड़–पौधों की प्रजातियों का चयन किया जाए, जिनको जल की न्यूनतम आवश्यकता हो तथा जो कम जल ग्रहण करके भी ग्रीष्म में हरे–भरे रह सकें।

3.10 रेन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु स्थापित **रिचार्ज स्ट्रक्चर्स के अनुरक्षण एवं रख–रखाव का कार्य** सम्बन्धित विभाग/संस्था/लाभार्थी द्वारा सुनिश्चित करने की व्यवस्था की जाए।

3.11 **जलरोध (वाटर लॉगिंग) की समस्या वाले क्षेत्रों में भू–जल रिचार्जिंग प्रणाली न अपनायी जाए,** परन्तु भवनों की छतों से प्राप्त होने वाले वर्षा जल के संग्रहण हेतु व्यवस्था कराई जा सकती है।

3.12 रेन वाटर हार्वेस्टिंग व्यवस्था से सम्बन्धित आवश्यक जानकारी एवं तकनीकी विशेषज्ञता जैसे कि क्षेत्र का जियोलॉजीकल, हाइड्रोलॉजिकल एवं हाइड्राजियोलॉजिकल सर्वेक्षण फिजीबिलिटी के आंकलन, रिचार्ज स्ट्रक्चर्स का संरचनात्मक डिजाइन एवं निर्माण उपलब्ध टैक्नॉलाजी एवं इक्विपमेन्ट, निर्माण एवं रख–रखाव की लागत, आदि के सम्बन्ध में निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश तथा क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भू–जल परिषद, लखनऊ क्षेत्र से तकनीकी परामर्श प्राप्त किया जा सकता है।

816 371

मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश में भू–जल संचयन एवं रिचार्जिंग की विभिन्न योजनाओं के समन्वय एवं अनुश्रवण तथा भू–जल अनुसंधान, अन्वेषण, दीर्घकालीन प्रबन्धन एवं नियोजन हेतु भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश को **'नोडल एजेन्सी'** घोषित किया गया हैं। अतः रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं भू–जल रिचार्जिंग की विभिन्न पद्धतियों में प्रयुक्त की जा रही तकनीकों एवं रिचार्ज स्ट्रक्चर्स से प्राप्त होने वाले भू–जल रिचार्ज एवं **भू–जल स्तर पर सम्भावित प्रभाव के आंकलन तथा 'इम्पेक्ट असेसमेन्ट' की व्यवस्था** 'नोडल एजेन्सी' द्वारा सुनिश्चित की जाए।

5. कृपया उपर्युक्त निर्देशों का प्रभावी रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने हेतु अपने अधीन कार्यरत विभागों/संस्थाओं के अधिकारियों को अपने स्तर से निर्देश जारी करने का कष्ट करें। साथ ही रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लोकप्रिय बनाने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार के लिए भी आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(नवीन चन्द्र बाजपेई)
मुख्य सचिव

संख्या 0035 (1)/आठ–1–2005 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. आवास आयुक्त, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
2. उपाध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
3. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश सहकारी आवास संघ लि0, लखनऊ।
4. क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भू–जल परिषद, लखनऊ।
5. निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश।
6. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम।
7. सचिव/सदस्य, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड।
8. अध्यक्ष, यूपीरेडको, लखनऊ।
9. अध्यक्ष, आर्कीटेक्ट्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,

(के0एल0 मीना)
सचिव

29/5/08

(समाकलित चित्र)
शपथ आयुक्त एवं अनुभाग अधिकारी,
न्याय अनुभाग–6 (रिट विधि मंत्रणा)
उत्तर प्रदेश शासन

264 817 372

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD, LUCKNOW BENCH, LUCKNOW

In Re;
writ petition No. 4436(MB) of 2003

Sewage Treatment Plants---------- petitioner

Versus

State of Uttar Pradesh & others ---------- Opp. Parties

2008 AFFIDAVIT HIGH COURT ALLAHABAD 014741 2

COURT FEE INDIA

Affidavit in Compliance of the order dated 27.3.2008

I, Shailesh Kumar Singh, aged about 52 years, s/o Late Subedar Singh, presently working as Nagar Ayukt, Nagar Nigam Lucknow, the deponent do here by solemnly affairs and state on oath as under:-

1. That the deponent is impleaded in the aforesaid writ petition as opposite party and as such he is fully conversant with the facts deposed herein.

2. That the aforesaid writ petition was taken up on 27.3.2008 where by this Hon'ble Court was pleased to pass an order that on the next date Zonal-wise progress reports and the works undertaken shall be submitted by the departments concerned.

3. That in compliance of the aforesaid observation made by this Hon'ble Court on 27.3.2008 the present affidavit is being filed mentioning therein the details of works undertaken by Nagar Nigam and the steps being taken by the Nagar Nigam Lucknow by making funds available for providing clean drinking water and for sewage projects to be carried out in the different zones of the city.

4. That in light of statement of deponent whereby he had assured this Hon'ble Court that "the day Jal Nigam utilizes the aforesaid amount. The rest of the money would be released, which is earmarked for supply of drinking water forthwith." In compliance to the said statement the deponent has released further an amount of Rs. 20.00 crores for drinking water supply and 15 crores for sewage project under JNNURM program vide sanction letter No. 664/CAO dated 10.3.08 and letter No. 33/LMC/CAO dated 22.4.08. It won't be out of way to mention that till date the Nagar Nigam Lucknow has released Rs. 40 crores for drinking water supply and Rs. 30 crores for sewage project under JNNURM program. A photo state copy of letter is being annexed as **Annexure No.1** to this affidavit. U.P. Jal Nigam has so far utilized Rs. 26.97 crore towards water and sewrage schemes. Photo copy of the utilization certificates is being annexed as **Annexure No.2**

5. That further in compliance of the order dated 27.3.2008 Nagar Nigam Lucknow has called and finalized tenders for installation of 240 new handpumps in the city of Lucknow in different areas/wards. Moreover, it would be relevant to mention here that till date the Nagar Nigam has started work with regard to installation of new handpumps in different zones of city.

6. It is further stated that Lucknow Nagar Nigam has placed the orders to purchase 10 water tankers to be placed at the disposal of Lucknow Jal Sansthan to be used in water deficient areas.

7. That in furtherance of compliance of order dated 27.3.2008 the Nagar Nigam has demolished the toilets and has removed the malwa from the site in question.

8. That in compliance of Hon'ble High Court order no further dumping of malwa is being done from 27/3/08 near Jiamau site of Gandhi setu .

9. That the deponent would further like to mention that so far as removal and planning of malwa near Jiamau side of Gandhi setu is concerned, it is submitted with apology that lifting was iniated but looking to the volume, enormity, magnitude and huge financial burden involved, if permitted by Hon'ble High Court it has been proposed that beautification of the site may be prepared and a park can be developed there. A layout plan of proposed park and the beautification of the area has been prepared It is further submitted that a beautiful fountain has already being installed near Gandhi Setu.

10. That from the narration made herein above it is established that the Nagar Nigam Lucknow has taken steps to provide necessary funds to the bodies which are actually responsible for the execution of the work and necessary information regarding the same has already been provided to the authority concerned. It is also important to point out here that the deponent has always carried out every direction and instruction issued by this Hon'ble Court and in further also he will carry out every direction that is issued by this Hon'ble Court.

COMMISSIONER FOR OATHS High Court, Allahabad 30/4/08

Lucknow:
Dated: 30/4/08

DEPONENT

264 820 375

Verification

I the above named deponent do hereby verify that the contents of paragraph 1 to 10 of this affidavit are true to my personal knowledge. No part of this is false and nothing material has been concealed therein.

Lucknow:
Dated: 30/4/08

DEPONENT

I, identify the deponent who has signed before me.

Advocate

Solemnly affirmed before me by sri S.K. Singh the deponent on 30/4/08 A.M./P.M. who has been identified by sri Shafiuddin Ahmad Advocate, High Court Allahabad, Lucknow Bench, Lucknow.

I have fully satisfied myself by examining the deponent that he understands the contents of this affidavit which have been read over and explained by me.

30/4/08

OATH COMMISSIONER
High Court Allahabad
Bench

14742 30/4/08

245 821 376

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD
LUCKNOW BENCH, LUCKNOW

Writ Petition No 4436 (MB) of 2003
Sewage Treatment Plants - - - Petitioner
Versus
State of Uttar Pradesh & others - - - Opp Parties
Annexure No – 1

नगर निगम लखनऊ

प्रेषकः—	सेवा मे,
मुख्य लेखाधिकारी लखनऊ नगर निगम	प्रबन्धक , गोमती प्रदूषण नियंत्रण इकाई उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ।
क ....664/C.A.O क....19-03-08	नत्थी .....

विषय

उ0एन0एन0यू0आर0एम0 योजना के अन्तर्गत सीवरेज योजना एवं जलापूर्ति के क्रियान्वयन हेतु कार्यदायी संस्था उ0प्र0 जल निगम लखनऊ को धनराशि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि नगर विकास अनुभाग–5 शासनादेश सं0 375/नौ–5–2007– 41सा/2007 दिनांक 18 अप्रैल 2007 एवं निदेशक के पत्र सं0 तक0सेल 79/37 यू0आई0डी0एस0एम0टी0/07 दिनांक 9.1.08 के अनुपालन में रू0 20.00 करोड जलापूर्ति योजना हेतु तथा रू0 15.00 करोड सीवरेज योजना हेतु धनराशि की चेक सं0 791001 दिनांक 19.3.08 एवं चेक सं0 791101 दिनांक 19.3.08 संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

कृपया तदनुसार प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(सूबेदार सिंह)
मुख्य लेखाधिकारी

चेक सं0 791001 19.3.08 20.00 करोड (बीस करोड) चेक सं0 791101 15.00 करोड (पन्द्रह करोड) 19.3.08 को मुख्य लेखाधिकारी 20/3/08

गोमती प्रदूषण नियंत्रण इकाई उ0प्र0 जल निगम लखनऊ

COMMISSIONER 30/4

822
266 377

नगर निगम लखनऊ

प्रेषकः—	सेवा में,
अपर नगर आयुकत लखनऊ नगर निगम पत्रांक 33/L.M.C./CA-0 दिनांक 21-04-08	महाप्रबन्धक गोमती प्रदूषण नियंत्रण इकाई, उ०प्र० जल निगम, लखनऊ। नत्थी .....

विषय

जे0एन0एन0यू0आर0एम0 योजना के अन्तर्गत जलापूर्ति एवं सीवरेज योजना के क्रियान्वयन हेतु कार्यदायी संस्था उ0प्र0 जल निगम, लखनऊ को द्वितीय किश्त की धनराशि उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि नगर विकास अनुभाग–5 के शासनादेश सं0 375/नौ–5–2007–41सा/2007 दिनांक 18 अप्रैल 2007 एवं निदेशक स्था0वि0 के पत्र सं0 तक0सेल0 79/37यू0आई0डी0एस0एम0टी0/07 दिनांक 9.1.08 के अनुपालन में द्वितीय किश्त के रूप में रू0 20.00 करोड़ (रूपया बीस करोड़) जलापूर्ति योजना हेतु तथा रू0 15.00 करोड़ (रूपया पन्द्रह करोड़) सीवरेज योजना हेतु धनराशि की चेकें क्रमशः चेक सं0 791002 दिनांक 22.4.08 एवं चेक सं0 791102 दिनांक 22.4.08 (पी0एन0बी0 गोमती नगर शाखा) संलग्न कर प्रेषित की जा रही हैं।

कृपया तदनुसार प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

भवदीय,

अपर नगर आयुक्त

COMMISSIONER

30/4

267 823 378

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF JUDICATURE AT ALLAHABAD
LUCKNOW BENCH, LUCKNOW

Write petition No - 4436 (MB) of 2003
Sewage Treatment Plants — — — — Petitioner
Versus
State of Uttar Pradesh & others — — Opp. Parties
Annexure No - 2

कार्यालय महाप्रबंधक, गोमती प्रदूषण नियंत्रण इकाई उ0 प्र0 जल निगम लखनऊ।

पत्रांक 257 /इन्यू-28/ 221 दि0 20.04.08

सेवा में

नगर आयुक्त,
नगर निगम,
लखनऊ।

विषय : जे0एन0एन0यू0आर0एम0 कार्यक्रम के अर्न्तगत लखनऊ नगर की सीवेज एवं पेयजल योजना ओं के क्रियान्वयन हेतु धनावमुक्त करने के संबंध मे।

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत जे0एन0एन0यू0आर0एम0 कार्यक्रम के अर्न्तगत लखनऊ नगर की सीवरेज योजना डिस्ट्रिक्ट- 1 एवं पेयजल योजना फेज-एक, भाग-एक के तहत आपके द्वारा उपलब्ध कराई धनराशि का दि0 20.04.08 तक का उपयोगिता प्रमाण-पत्र आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

संलग्नक : यथोक्त।

भवदीय,

(वी0 यू0 बिश्नोई)
महाप्रबंधक

पृ0सं0 एवं दि0 यथोक्त:

उपरोक्त की प्रतिलिपि निम्नलिखित को उक्त संदर्भ मे सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हे। प्रेषित :-

1. निदेशक, स्थानीय निकाय, उ0 प्र0 शासन, 8वॉतल, इंदिरा भवन, लखनऊ।
2. मुख्य अभियंता (जे0एन0एन0यू0आर0एम0/लखनऊ क्षेत्र), उ0 प्र0 जल निगम, लखनऊ/लखनऊ।
3. परियोजना प्रबंधक, गोमती प्रदूषण नियंत्रण इकाई-प्रथम/तृतीय (वि0/यॉ0)/पेयजल-द्वितीय, उ0 प्र0 जल निगम, लखनऊ/लखनऊ/लखनऊ।

महाप्रबंधक

COMMISSIONER FOR OATHS

824
379

Uttar Pradesh Jal Nigam
Utilization Certificate
(To be submitted in duplicate-Finance Circular No. 4/UC)

Cheque No. Date	Allocation Year(for which utilization certificate is required)	Grant Allocation (Rs. in Lacs)	Purpose
0791101, dated 19-03-08, P.N.B. Gomti Ngar, Lucknow.	2007-08	1500.00	Lucknow Sewerage Scheme District- I under JNNURM Programme
	Total	1500.00	

Certified that an amount of Rs. 696.89 Lacs (Six Hundred Ninety six & Eighty nine Thousand only) has been utilized in the year 2007-08 upto the 20th April 2008 for the purpose of Lucknow sewerage Scheme District – I out of the amount allocated for the year 2007-08.

Certified that I have satisfied myself that the conditions on which the Grant-in-Aid was sanctioned have been duly fulfilled and that we have checked to see that the money was actually utilized for the pourpose for which it was sanctioned.

21/04/2008

General Manager,
Gomti Pollution Unit,
Lucknow

General Manager
Gomti Pollution Control Unit
Jal Nigam
Lucknow

825
269 385

Utilization Certificate

(To be submitted in duplicate-Finance Circular No. 4/UC).

Cheque No. Date	Allocation Year(for which utilization certificate is required)	Grant Allocation (Rs. in Lacs)	Purpose
0[illegible]101. dated 19-03-0[illegible] N.B. Gomti Ngar, L[illegible]ow.	2007-08	1500.00	Lucknow Sewerage Scheme District- I under JNNURM Programme
	Total	1500.00	

Certified that an amount of Rs. 696.89 Lacs (Six Hundred Ninety six & Eighty nine Thousand only) has been utilized in the year 2007-08 upto the 20th April 2008 for the purpose of Lucknow sewerage Scheme District – I out of the amount allocated for the year 2007-08.

Certified that I have satisfied myself that the conditions on which the Grant-in-Aid was sanctioned have been duly fulfilled and that we have checked to see that the money was actually utilized for the pourpose for which it was sanctioned.

21/04/2008

General Manager,
Gomti Pollution Unit,
Lucknow

Gomti Pollution Control Unit
Lucknow Nigam
Lucknow

COMMISSIONER

30/4

826
~~270~~ 381

Uttar Pradesh Jal Nigam
Utilization Certificate
(To be submitted in duplicate-Finance Circular No. 4/UC)

Cheque No. Date	Allocation Year(for which utilization certificate is required)	Grant Allocation (Rs. in Lacs)	Purpose
079001, dated 19-03-08. P.N.B. Gomti Nagar, Lucknow.	2007-08	2000.00	Lucknow water supply Scheme under JNNURM Programme
	Total	2000.00	

Certified that an amount of Rs. 2000.00 Lacs (Two Thuousand Lacs only) has been utilized in the year 2007-08 upto the 20th April 2008 for the purpose of Lucknow water supply Scheme out of the amount allocated for the year 2007-08.

Certified that I have satisfied myself that the conditions on which the Grant-in-Aid was sanctioned have been duly fulfilled and that we have checked to see that the money was actually utilized for the pourpose for which it was sanctioned.

21.04.2008

General Manager,
Gomti Pollution Unit
Lucknow

General Manager
Gomti Pollution Control Unit
Uttar Pradesh Jal Nigam
Lucknow

HIGH COMMISSIONER FOR CANADA

827
382

Uttar Pradesh Jal Nigam
Utilization Certificate
(To be submitted in duplicate-Finance Circular No: 4/UC)

Cheque No. Date	Allocation Year(for which utilization certificate is required)	Grant Allocation (Rs. in Lacs)	Purpose
079001, dated 19-03-08, P.N.B. Gomti Ngar,Lucknow.	2007-08	2000.00	Lucknow water supply Scheme under JNNURM Programme
	Total	2000.00	

Certified that an amount of Rs. 2000.00 Lacs (Two Thuousand Lacs only) has been utilized in the year 2007-08 upto the 20th April 2008 for the purpose of Lucknow water supply Scheme out of the amount allocated for the year 2007-08.

Certified that I have satisfied myself that the conditions on which the Grant-in-Aid was sanctioned have been duly fulfilled and that we have checked to see that the money was actually utilized for the pourpose for which it was sanctioned.

General Manager,
Gomti Pollution Unit
Lucknow

General Manager
Gomti Pollution Control Unit
Jal Nigam
Lucknow

30/4

828
377 33

ब अदालत श्रीमान माननीय उच्च न्यायालय लखनऊ महोदय
(वादी) अपीलान्ट

प्रतिवादी (रेस्पाडेन्ट) श्री नगर निगम, लखनऊ का **वकालतनामा**





सीवेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट

वादी (अपीलांट)
बनाम
स्टेट आफ यू०पी० अन्य
प्रतिवादी (रेस्पाडेन्ट)

नं० मुकदमा 4436 सन् 2003 पेशी की तारीख 30.5.2008 ई

ऊपर मुकदमा में अपनी ओर से श्री शीश प्रकाश सिंह, एडवो
चैम्बर नं०-2, हाईकोर्ट, लखनऊ
Tel No. 9415418194
एडवोकेट/वकील
महोदय

नाम अदालत नं० मुकदमा नाम फरीकैन

को अपना वकील नियुक्त करके प्रतिज्ञा (इकरार) करता हूं और लिखे देता हूं कि इस मुकदमा में वकील महोदय स्वयं अथवा अन्य वकील द्वारा जो कुछ पैरवी व जवाबदही का प्रश्नोत्तर करें या कोई कागज दाखिल करें या लौटायें या हमारी ओर से डिगरी जारी करावें और रूपया वसूल करें या सुलहनामा या इकबाल दावा तथा अपील व निगरानी हमारी ओर से हमारे या अपने हस्ताक्षर से दाखिल करें और तसदीक करें या मुकदमा उठावें या कोई रूपया जमा करें या हमारी विपक्षी (फरीकसानी) का दाखिल किया हुआ रूपया अपने या हमारे हस्ताक्षर युक्त (दस्तखत) रसीद से लेवे या पंच नियुक्त कर वकील महोदय द्वारा की गई वह सब कार्यवाही हमकों सर्वथा स्वीकार है और होगी इसलिए यह वकालतनामा लिख दिया कि प्रमाण रहे और समय पर काम आवे।

Valid C.I.
Lucknow Bench
29/4/08
Regd. No. 966/78

हस्ताक्षर नगर आयुक्त
नगर निगम, लखनऊ

साक्षी गवाह ..... साक्षी (गवाह) .....

दिनांक ..... महीना ..... सन् 200 ई

273 829 384

THE HON'BLE HIGH COURT OF JUDICATURE AT
ALLAHABAD LUCKNOW BENCH LUCKNOW.

C.M. APPLICATION NO. OF 2008

Lucknow Development Authority, Lucknow.

Applicant.



In re:

WRIT PETITION NO.4436 (M/B) OF 2003

Sewage Treatment Plant

...Petitioner.

Versus

State of U.P. & Others

...Opp. Parties.

APPLICATION FOR TAKING THE AFFIDAVIT COMPLIANCE ON RECORD.

The above applicant, most respectfully beg to submit as under:

In view of the facts and circumstances stated in the accompanying affidavit, it is most respectfully prayed that this Hon'ble Court may graciously be pleased to allow for taking the accompanying affidavit on record of this case and/or pass such other order or direction as this Hon'ble Court may deem fit and proper in the interest of justice.

Lucknow
Dated 30/4/08

(Krishna Chandra)
Advocate
Counsel for the Applicant.

IN THE HON'BLE HIGH COURT OF JUDICATURE
AT ALLAHABAD LUCKNOW BENCH LUCKNOW.

WRIT PETITION NO.4436 (M/B) OF 2003

Sewage Treatment Plant ...Petitioner.

Versus

State of U.P. & Others ...Opp. Parties.

COMPLIANCE REPORT

(ON BEHALF OF LUCKNOW DEVELOPMENT AUTHORITY)

I, Rajendra Prasad, aged about 46 years, son of Sri Matadeen presently posted as Joint Secretary, Lucknow Development Authority and looking after the work of Secretary Lucknow Development Authority, the deponent, do hereby solemnly affirm and state on oath as under:-

1. That the deponent is presently posted as Joint Secretary, Lucknow Development Authority, Lucknow and is authorized to file this compliance report on behalf of the Lucknow development Authority in the above noted writ petition and as such he is fully conversant with the facts deposed here under.

सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण

2 275 386 831

2. That this Hon'ble Court on 27.3.08 passed an order in the aforesaid writ Petition alongwith connected writ petition No. 2598 (M/B) of 2007 (Gomti Nagar Jan Kalyan Mahasamiti Vs. State of U.P.& others) . Both the writ petitions are in the nature of public interest petitions filed in this Hon'ble Court.

3. That on 27.3.2008 this Hon'ble Court directed the Lucknow Development Authority to submit compliance report mainly on the following points:

I. About water recharging i.e. Rain water Harvesting System while sanctioning building plan by the Lucknow Development Authority of the plot area more than 200 Sq. Meters and the steps be taken by the Lucknow Development Authority for implementation of the same.

II. About suitable amendment in the Bye-laws of the Lucknow Development Authority in the sanction of building plan making provisions for the recharging of Rain water Harvesting System.

III. About the change of land use as alleged by the petitioner for the construction of Sewage Treatment Plant (S.T.P.) by the Lucknow Development Authority.

4. That Bye-laws have been framed by the Lucknow Development Authority with the approval of the Statement

Government known as "Bhawan Nirman Evam Vikas Upvidhi 2000 under Section 57 of Urban Development and Planning Act (hereinafter referred to as the 'Act') and the Bye Laws respectively.

5. That the State Government is also aware of the water crisis problem and down fall in underground water level and therefore, the State Government has taken a policy decision by issuance of Government Orders for Rain Water Harvesting System.

6. That in the said Bye-Laws there is no provision for rain water harvesting as a pre-condition for the sanction of the building plan. But, however, since the State Government has issued Government Orders dated 12th April 2001, 19th June 2003 and 25th April 2006 directing all the Vice Chairmen of the Development Authorities, Housing Commissioner, U.P. Avas evam Vikas Parishad, Chairman of Special Area Development Authority and the Chairman , Controlling Authority of all regulated area U.P. for implementation of the Rain Water Harvesting System. A photo copy of the said Government Orders dated 12th April 20001, 19th June 2003 and 25th April 2006 are annexed

COMMISSIONER FOR OATHS
High Court, ALLAHABAD

herewith as **Annexure No. C-1, C-2 & C3** respectively to this affidavit.

7. That the Lucknow Development Authority in pursuance of the aforesaid Government Orders has implemented the policy of the State Government regarding Water Harvesting System while sanctioning building plan on the land area of more than 200 Sq. meters with the condition that the Rain Water Harvesting System is to be constructed by the house / building owners and accordingly, building plan submitted by such house/building owners it has to be shown in the building plan for construction of the Rain Water Harvesting System.

8. That it is pertinent to mention here that Rain Water Harvesting System is specifically earmarked in the sanctioned building plan by the competent authority at the time of sanction of the building plan.

9. That the Lucknow Development Authority has taken all necessary steps to ensure that ground water level is maintained so that drinking water may be available to all the citizens of the Lucknow for long period.

5 834 389

10. That Vice Chairman, Lucknow Development Authority has also issued an office order on 16th April 2008 to the effect that the condition provided in the sanctioned building plan regarding construction of Rain Water Harvesting System is to be monitored closely and suitable action may be taken against those house/building owners who had failed to construct Rain Water Harvesting System as per condition of the sanctioned building plan. The Vice Chairman has also directed for holding weekly meeting on every Tuesday so that close monitoring could be done about the compliance of the condition of sanctioned building plan for providing Rain Water Harvesting System by the house/building owners . Photo copy of the office order dated 16.4.08 issued by the Vice Chairman, Lucknow Development Authority is annexed herewith and is marked as **ANNEXURE NO.C-4** to this affidavit.

11. That the Chief Engineer, Lucknow Development Authority has also directed all the concerned Zonal Engineers in the office order dated 16.4.08 to initially inspect 10 to 25 sanctioned building plan within their respective zone to ascertain that Rain Water Harvesting System has been constructed by the house /building owner as per condition

COMMISSIONER FOR OATHS High Court, ALLAHABAD 2014

सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण

of the sanctioned building plan. A photo copy of the office order dated 16.4.08 is annexed herewith as **ANNEXURE C-5** to this affidavit.

12. That the Lucknow Development Authority has also published public notices in the daily local news paper 'Times of India' and 'Dainik Jagaran' on dated 17.04.2008 to inform house/building owners to complete the RWH system who have not constructed so far the Rain Water Harvesting System as per condition of the sanctioned building plan, otherwise action shall be taken against them according to the Law. Photo copy of the public notice is annexed herewith as **Annexure No.C-6** to this affidavit.

13. That in pursuance of the office order of the Chief Engineer dated 16.4.08 the concerned Zonal Engineers have initially inspected 150 house/buildings already constructed and found that some of the house/building owners failed to construct Rain Water Harvesting System in their buildings as per condition of the sanctioned building plan. The officials of the Regulation of Building Operation (hereinafter referred to as 'R.B.O.') has issued notices to such house/building owners who failed to construct Rain Water Harvesting

COMMISSIONER FOR OATHS
High Court, ALLAHABAD
2014

सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण

System in their house as per condition of the sanctioned building plan.

14. That on initial inspection by the concerned officials of the R.B.O. department, the details of which are given as under:

1.	The total house/buildings inspected by the officials of the R.B.O. department	143
2.	On inspection it was found that house/ building owners have constructed rain water harvesting system as per condition of the sanctioned building plan.	34
3.	On inspection it was found that house/ building owners failed to construct Rain Water Harvesting System as per condition of the sanctioned building plan.	85
4.	Number of persons whose building plan has been sanctioned but have not started/just started construction of their house/building.	24

15. That notices have been issued by the R.B.O. department of the Lucknow Development Authority to those house/

सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण

building owners who have failed to construct Rain Water Harvesting System as per condition of the sanctioned building plan to the effect that such houses/building owners are required to provide Rain Water Harvesting System construction within a period of one month from the date of receipt of the notice failing which action will be taken against those persons in accordance with the provisions of the Act. Photo copy of the notices issued to the aforesaid persons are annexed collectively as **ANNEXURE NO.C-7** to this affidavit.

16. That the Lucknow Development Authority will further regularly launch campaign to find out that how many persons have failed to provide Rain Water Harvesting system as per condition of the sanctioned building plan and suitable action will be taken against them under the provisions of the Act.

17. That the Vice Chairman, Lucknow Development Authority has also constituted a committee vide his order dated 26.4.08 for considering necessary and appropriate amendment in the existing building bye-laws to ensure that proper and effective compliance of the conditions for construction rain water harvesting system in the sanctioned

COMMISSIONER FOR OATHS High Court, ALLAHABAD

सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण

building plan so that no house/building owner may be found defaulter in providing rain water harvesting system as per condition of sanctioned building plan. A photo copy of the order of the Vice Chairman dated 26.4.08 constituting a Committee is being annexed herewith and marked as **ANNEXURE NO.C-8** to this affidavit.

18. That as regards allegation of the petitioner regarding change of land use of the land where Sewage Treatment Plant was to be constructed by the Gomti Pollution Control Unit of the Jal Nigam through Nagar Nigam, it is submitted that about 7000 acres of land in the village Bhaisora was earmarked for development of 'Sewage Farm' in the Master Plan (1971-92). But in the revised Master Plan (1992-2001) there was no land use for sewage treatment plant earmarked. The Gomti Pollution Control Unit of the Jal Nigam through Nagar Nigam proposed for acquisition of the land for construction of Sewage Treatment Plant in 120 Hectares of land in the village Baghamau and Bhaisora in 2003. But the then Chairman, Board of Revenue directed for the examination of the land on which Sewage Treatment Plant was to be constructed as per Master Plan2021.

COMMISSIONER FOR OATHS High Court, ALLAHABAD

सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण

839
10
394
263

19. That a new Master Plan was prepared by the Lucknow Development Authority in March 2005 under Section 8 of the Act for the period 2021 in the city of Lucknow and after inviting and considering the objections from the concerned public, the draft Master Plan 2021 was submitted by the Lucknow Development Authority to the State Government for approval as required under Section 10(2) of the Act. The State Government vide G.O. dated 31st March 2005 approved Master Plan 2021 and the said Master Plan 2021 became effective after the Notification issued by the Lucknow Development Authority under Section 12 of the Act.

20. That in the Master Plan 2021 about 637 hectare of land have been reserved for 'Sewage Treatment Plant/Sewage Farm' in the village Hasmau, Bharwara, Bhainsora Lonapur, Chandiamau , Mastemau and Bakkas.

COMMISSIONER FOR OATHS
High Court, ALLAHABAD

21. That in view of the acute need of public for house the Lucknow Development Authority submitted a proposal on 14.11.06 for the change of land use to the State Government of aforesaid 637 hectare of land of the village Hasemau, Bharwara, Bhainsora, Lonapur, Chandiamau, Mastemau and Bakkas but the State Government ultimately so far has

सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण

not approved the said proposal in view of the fact that the State Government has already taken a decision under Section 4 of the Land Acquisition Act on 25.3.08 to acquire about 119.817 hectare of land for construction of sewage treatment plant in the village Lonapur, Bharwara and Bhaisora and accordingly a notification has already been issued by the State government for the acquisition of the land of 119.817 hectare for construction of the sewage treatment plant by the Gomti Pollution Control Unit of Jal Nigam through Nagar Nigam, Lucknow. The land use of the said land is as per Master Plan 2021 i.e. the land earmarked for construction of sewage treatment plant.

22. That the Lucknow Development Authority has not changed the land use of the land proposed for sewage treatment plant as alleged by the petitioner in view of the facts and circumstances submitted here above. Thus, the petitioner has made a vague and baseless allegation against the Lucknow Development Authority to the effect that where-ever the Sewage Treatment Plant was proposed to be constructed, the land use of the said land was changed by the Lucknow Development Authority. It is pertinent to mention here that the land use can be changed only by

COMMISSIONER FOR OATHS
High Court, ALLAHABAD

सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण

841
12-396
295

means of an amendment in the Master Plan under Section 13 of the Act with the prior approval of the State Government after inviting the objections from the public.

Dated

सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण
DEPONENT

VERIFICATION

I, the deponent named above do hereby verify that the contents of paragraphs 1 to 21 are true to my personal knowledge; those of para nos. ——— of this affidavit are based on information derived from records; those of para nos. 22 of this affidavit are based on legal advice. No part of it is false and nothing material has been concealed. So help me God.

LUCKNOW
DATED. 30/4/08

DEPONENT
लखनऊ विकास प्राधिकरण

I, identify the deponent who has signed before me.

K.K. Verma
Advocate.

Solemnly affirmed before me on 30/4/08 at about 9:05 am by the deponent who has been identified by Sri K.K. Verma Advocate Clerk to Krishna Chandra, Advocate, High Court, Lucknow Bench, Lucknow.

COMMISSIONER FOR OATHS
High Court, ALLAHABAD
30/4

I have satisfied myself by examining the deponent that he has understood all the contents of this affidavit which has been read by the deponent before me.

सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण

RAVINDRA K. VERMA

Annexure C-1

1703 A /9-आ-1-29-विविध/98 (आ.ब.

246 397

842

प्रेषक,

भोला नाथ तिवारी,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

2. समस्त मण्डलायुक्त,
उत्तर प्रदेश।

3. समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

4. समस्त विभागाध्यक्ष,
उत्तर प्रदेश।

लखनऊ : दिनाँक : 12 अप्रैल,

आवास अनुभाग-1

विषय: ग्राउण्ड वाटर के संरक्षण तथा रिचार्जिंग हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग पद्धतियों को अपनाए जाने के सम्बन्ध

महोदय,

आप अवगत है कि जीवन एवं पर्यावरण के अस्तित्व के लिए जल एक अनिवार्य प्राकृतिक संसाधन है। परन्तु ग्राउण्ड स्रोत के अनियोजित ढंग से मनमानी मात्रा में अति दोहन के कारण ग्राउण्ड वाटर स्तर तेजी से नीचे गिर रहा है तथा शह बढ़ती हुई आबादी को समुचित पेयजल की व्यवस्था प्रदान करना सम्भव नहीं हो पा रहा है। ऐसी स्थिति में यदि पेय जल के एंव ग्राउण्ड वाटर स्रोतों के संरक्षण, मित्व्ययता, जल प्रयोग तथा रिचार्जिंग में समुचित जल-प्रबन्धन द्वारा संतुलन स्थापित नहीं गया तो निकट भविष्य में पेयजल का भारी संकट उत्पन्न होने की आशंका है। इसलिए जल संसाधन की संरक्षा एंव सुरक्षा वाटर हार्वेस्टिंग की सरल, कुशल और कम लागत वाली पद्धतियों को अपनाए जाने की आवश्यकता है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं ग्राउण्ड वाटर के समुचित प्रबन्धन हेतु की संरचना तथा विकास एवं निर्माण के समय शासन द्वारा विचारोपरान्त निम्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने का निर्णय लिया ग

2.1 **महायोजना/जोनल प्लान स्तर पर कार्यवाही :**

नगरीय क्षेत्रो में प्राकृतिक जलाशयों, तालाबों झीलों को चिन्हित कर महायोजना/जोनल डेवलपमेंट प्लान में उनके संरक्षण हेतु प्राविधान किए जाएं एवं इनके अन्तर्गत आने वाली भूमि को किसी अन्य उपयोग में प्रस्तावित न कि साथ ही जलाशयों, तालाबों को प्रभावी रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग के उपयोग में लाने हेतु चारों ओर के क्षेत्र यथासम्भव इन्ही जलाशयों में निस्तारित करने हेतु प्राविधान किए जाएं, परन्तु औद्योगिक क्षेत्रों का प्रवाह उचित उपरान्त ही इनमें मिलाया जाए।

2.2 **योजना/ले-आउट प्लान स्तर पर कार्यवाही**

(i) 20 एकड़ एवं अधिक क्षेत्रफल की विभिन्न योजनाओं के ले-आउट प्लान्स में पार्क एंव खुले क्षेत्रों व कुल योजना क्षेत्र के लगभग 5 प्रतिशत भूमि पर तालाब/जलाशय (Water Bodies) बनाई जाएं जिनसे ग्रा चार्ज हो सके। ऐसे जलाशय/तालाब का न्यूनतम क्षेत्रफल एक एकड़ होगा और उसकी गहराई 6 मं

(ii) 20 एकड़ से कम क्षेत्रफल की योजनाओं में उपरोक्तानुसार तालाब/जलाशय बनाए जाएं अथवा पार्क/ग्री अन्तर्गत निर्धारित मानक के अनुसार एक कोने में रिचार्ज-वैल/रिचार्ज टैंक बनाए जाएं।

(iii) नई योजना बनाने से पूर्व क्षेत्र का ज्योलॉजिकल/हाइड्रोलॉजिकल/हाइड्रोज्योलॉजिकल सर्वेक्षण कराया जाए त वाटर रिचार्जिंग हेतु स्थानीय आवश्यकतानुसार उपयुक्त पद्धति को अपनाया जा सके।

सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण

(iv) पार्कों में पक्का निर्माण (पक्के पेवमेंट सहित) 5 प्रतिशत से अधिक न किया जाए तथा फुटपाथ व ट्रैक्स यथासम्भव परमिएबल या सेमी-परमिएबल परफोरेटेड ब्लॉक्स के प्रयोग से ही बनाए जाएं।

2.3 भवन निर्माण स्तर पर कार्यवाही

(i) 1000 वर्ग मीटर एवं इससे अधिक क्षेत्रफल के समस्त उपयोगों के भूखण्डों तथा सभी ग्रुप हाउसिंग योजनाओं में छतों एवं खुले स्थानों से प्राप्त होने वाले बरसाती जल को परकोलेशन पिट्स (**Percolation Pits**) के माध्यम से ग्राउण्ड वाटर चार्जिंग के लिए अनिवार्य किया जाए। इस हेतु भवन उपविधियों में भी व्यवस्था की गई है तथा उसी के अनुसार भवन मानचित्र स्वीकृत किए जाएंगे।

(ii) भविष्य में निर्मित होने वाले समस्त शासकीय भवनों में छतों एवं खुले स्थानों से प्राप्त होने वाले बरसाती जल को ग्राउण्ड वाटर चार्जिंग के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा इसके लिए आवश्यक धनराशि भवन की लागत में ही प्राविधानित की जाए।

(iii) पूर्व में निर्मित शासकीय भवनों में भी रूफ टाप रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं रिचार्ज प्रणाली को अपनाया जाए तथा इसके लिए आवश्यक धनराशि की व्यवस्था सभी विभागों द्वारा अपने-अपने कार्यक्रमों के अन्तर्गत सुनिश्चित की जाए।

2.4 अन्य कार्यवाही

(i) सड़कों, पार्कों तथा खुले स्थान में वृक्षारोपण हेतु ऐसे पेड़-पौधों की प्रजातियों का चयन किया जाए जिनको जल की न्यूनतम आवश्यकता हो तथा जो कम जल ग्रहण करके ग्रीष्म ऋतु में भी हरे-भरे रह सकें।

(ii) यदि सम्भव हो तो सड़कों के किनारे कच्चे रखे जाएं जिनमें ''ब्रिक-ऑन-एज''/''लूज-स्टोन पेवमेन्ट'' का प्राविधान किया जाए ताकि ग्राउण्ड वाटर की चार्जिंग सम्भव हो सके।

3. रेन वाटर हार्वेस्टिंग एवं रिचार्ज प्रणाली के सम्बन्ध में अन्य तकनीकी जानकारी क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूजल परिषद लखनऊ क्षेत्र, निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश तथा मुख्य अभियंता, लघु सिंचाई वृत्त, लखनऊ से प्राप्त की जा सकती है।

4. कृपया उपरोक्त निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन करने हेतु अपने अधीनस्थ कार्यरत संस्थाओं को अपने स्तर से आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करें। इसके अतिरिक्त रेन वाटर हार्वेस्टिंग की विभिन्न पद्धतियों के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु भी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय,
भोला नाथ तिवारी
मुख्य सचिव

संख्या 1703A(1)/9-आ-1-29-विविध/98 (आ.ब.) तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनाथ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:

1. निजी सचिव, मा0 आवास मंत्री/राज्य आवास मंत्री, उत्तर प्रदेश।
2. आवास आयुक्त, उत्तर प्रदेश आवास एवं विकास परिषद, लखनऊ।
3. उपाध्यक्ष, समस्त विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश
4. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश सहकारी आवास संघ लि0।
5. क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूजल परिषद, लखनऊ क्षेत्र।
6. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश जल निगम।
7. निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश।
8. सदस्य/सचिव, उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, उत्तर प्रदेश।
9. अध्यक्ष, यू.पी. रेडको।
10. अध्यक्ष, आर्कीटेक्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश।

आज्ञा से,
अतुल कुमार गुप्ता
सचिव

सचिव
विकास प्राधिकरण

444

Annexure C-2 15

संख्या – 3671/9–आ–1–17विविध/03 (आ.ब.)

प्रेषक,

जे.एस.मिश्र,
सचिव
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. आवास आयुक्त,
उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद,
लखनऊ।

2. उपाध्यक्ष,.
समस्त विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

3. अध्यक्ष,
समस्त विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण,
उत्तर प्रदेश।

4. अध्यक्ष,
नियन्त्रक प्राधिकारी,
समसस्त विनियमित क्षेत्र, उत्तर प्रदेश।

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1

लखनऊ : दिनांक : 19 जून, 2003

विषयः रेन वाटर हार्वेस्टिंग की नीति के क्रियान्वयन हेतु कार्य–योजना के सम्बन्ध में।

महोदय,

आप अवगत है कि प्रदेश में तीव्र नगरीयकरण एवं जल श्रोतों के अत्यधिक दोहन के कारण भूमिगत जल स्तर निरन्तर गिरता जा रहा है जिससे कुएं एवं बोर वैल्स, आदि सूख रहे हैं और नलकूपों की क्षमता में भी कमी आई है। ऐसी आशंका है कि भूजल स्तर के गिरने का यदि यही क्रम बना रहा तो आगामी कुछ वर्षो में भूमिगत जल श्रोत समाप्त हो जाएंगे और मानव सभ्यता का भारी जल संकट का समाना करना पड़ेगा।

2– भूमिगत जल के गिरते स्तर के दृष्टिगत एवं जल की बढ़ती माँग को जल संरक्षण एवं वर्तमान जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार लाकर पूर्ण किया जा सकता है। परन्तु दोनों माध्यमों को अपनाए जाने में वित्तीय संसाधनों की आवश्यकता होगी, अतः पेय जल की बढ़ती माँग के दृष्टिगत जल संसाधन का संरक्षण एवं गिरते जल स्तर को रोकने के लिए तालाब, पोखर, झील का सुदृढ़ीकरण एवं उचित रख–रखाव, जल का सदुपयोग एवं रेन वाटर हार्वेस्टंग जैसे उपाय अपनाया जाना अनिवार्य हो गया है। इस हेतु ग्रामीण क्षेत्रों के साथ–साथ शहरी क्षेत्रों में वर्षा जल के संचयन को लोकप्रिय बनाने की महती आवश्यकता हैं। उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग की सरल, कुशल एवं कम लागत वाली पद्धतियों को अपनाये जाने हेतु मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश के स्तर से शासनादेश संख्या 1703 ए/9–आ–1–29–विविध/98 (आ.ब.) दिनांक 12 अप्रैल, 2001 के अधीन विस्तृत दिशा–निर्देश जारी किये गये थे, परन्तु शासनादेश में निहित व्यवस्थाओं के क्रियान्वन हेतु सम्बन्धित संस्थाओं द्वारा अभी गम्भीर प्रयास नहीं किये गये है।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह सूचित करने का निद्देश हुआ है कि भूगर्भ जल के गिर रहे स्तर के खतरे के दृष्टिगत रेन वाटर हार्वेस्टिंग को लागू किया जाना अनिवार्य हो गया है। अतः रेन वाटर हार्वेस्टिंग की नीति का क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु आवास एवं शहरी नियोजन विभाग एवं नगर विकास विभाग के समन्वय से नगरीय क्षेत्रों के लिये एक कार्य–योजना बनाई गयी है जिसका क्रियान्वयन इस वर्षा ऋतु में एक अभियान के रूप में किया जाना प्रस्तावित है। कार्य–योजना के क्रियान्वयन हेतु प्रक्रिया एवं समय–सारिणी भी निर्धारित की गई है। रेन वाटर हार्वेस्टिंग हेतु सेन्ट्रल ग्राउण्डवाटर बोर्ड की गाईडलाईन्स पर आधारित सामग्री

सचिव
खनऊ विकास प्राधिकरण

COMMISSIONER FOR OATHS High Court, ALLAHABAD 2015

संकलित की गई है। जिसमें विभिन्न प्रकार के रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स के डिजाइन एवं वाटर हार्वेस्टिंग पोटेन्शियल
की पद्धति दी गई है। यह सुनिश्चित करना आवश्यक होगा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर्स का निर्माण मानक तकनीक के
हो तथा यथा जल न्यूनतम आवश्यक गहराई तक ही भूमि के अन्दर प्रवेश कराया जाए ताकि भूगर्भ जल श्रोतों के प्रदूषण की
सम्भावना न हो। इसके अतिरिक्त सेन्ट्रल ग्राउण्ड वाटर बोर्ड/उत्तर प्रदेश ग्राउण्ड वाटर बोर्ड द्वारा चिन्हित ऐसे क्षेत्र जो जल
(Water Logging) की समस्या से ग्रस्त है, में रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को न अपनाया जाएं सम्बन्धित प्राधिकरण/सक्षम प्राधिकार
का यह दायित्व होगा कि ग्राउण्ड वाटर बोर्ड से जल मग्न क्षेत्र का प्रमाणित मानचित्र प्राप्त कर उसे जनता की जानकारी हेतु भी
प्रकाशित करें।

4– उपर्युक्त कार्य–योजना एवं अन्य विवरण तथा प्रगति के अनुश्रवण हेतु निर्धारित प्रपत्र (एम.पी.आर–22) की प्रतिलिपि
संलग्न करते हुए मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कार्य–योजना को एक अभियान के रूप में क्रियान्वित करने हेतु निर्दिष्ट
प्रक्रियानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें तथा प्रत्येक माह की प्रगति आख्या मासिक एम.पी.आर. के साथ नियमित रूप से आवास बन्धु
को उपलब्ध कराने का कष्ट करें। आवास एवं विकास परिषद तथा विकास प्राधिकरणों द्वारा कार्य–योजना से सम्बन्धित कार्यक्रम
को समन्वित, समयबद्ध एवं प्रभावी रूप से क्रियान्वित करने का व्यक्तिगत उत्तरदायित्व क्रमशः आवास आयुक्त तथा सम्बन्धित
उपाध्यक्ष का होगा।

5– इस हेतु नगर स्तरीय कार्यालयों में "रेन वाटर हार्वेस्टिंग व जल सम्वर्द्धन सेल" का गठन किया जाए एवं किसी वरिष्ठ
अधिकारी का प्रभारी का प्रभारी बनाया जाए। स्थानीय स्तर पर व्यक्तियों/संस्थाओं को प्रशिक्षित कर उन्हें क्रियान्वयन हेतु नामित
करना भी उचित होगा। यदि प्राधिकरण/आवास परिषद के कार्यालय स्तर पर एक डिवीजन नामित किया जा सके, जो उचित
लागत पर योजना का समयबद्ध क्रियान्वयन करा सके तो अच्छे परिणाम प्राप्त हो सकेंगे।

6– मुझे यह भी कहने का निदेश हुआ है कि भूजल संसाधनों के संरक्षण व सम्वर्द्धन के दृष्टिगत शासन द्वारा 300 वर्गमीटर
से अधिक क्षेत्रफल के नव निर्मित होने वाले समस्त प्रकृति के भवनों में तत्काल प्रभाव से रूफ टॉप हार्वेस्टिंग अनिवार्य किये जाने
का निर्णय लिया गया है। अतः शासनादेश संख्या 1703ए/9–आ–1–29–विविध/98 (आ.ब.) दिनांक 12 अप्रैल, 2001 तथा भवन
निर्माण एवं विकास उपविधि, 2000 को उक्त सीमा तक संशोधित समझा जाए।

7– कृपया रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य–योजना को एक अभियान के रूप में क्रियान्वित करने हेतु उपर्युक्त निदेशों का गम्भीरता
से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए तथा इस कार्यक्रम का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

भवदीय

जे.एस.मिश्र
सचिव।

सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण

290 401

17 846

संख्या :– 3671 (1)/9–अ–1–17विविध/03 (आ.ब.), तद्दिनांक :–

प्रतिलिपि संलग्नकों सहित निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, मा. आवास मंत्री/राज्य आवास मंत्री, उत्तर प्रदेश शासन।
2. प्रमुख सचिव, नगर विकास विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि स्थानीय निकायों, जल निगम, जल संस्थान तथा निदेशक, स्थानीय निकाय को कार्य–योजना के क्रियान्वयन एवं अनुश्रवण हेतु अपने स्तर से आवश्यक निर्देश जारी करने का कष्ट करें।
3. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
4. मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक, उत्तर प्रदेश।
5. प्रबन्ध निदेशक, उत्तर भारतीय सहकारी आवास निगम लि.।
6. क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूजल परिषद, लखनऊ क्षेत्र।
7. निदेशक, भूगर्भ जल विभाग, उत्तर प्रदेश।
8. सदस्य/सचिव, उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड, उत्तर प्रदेश।
9. अध्यक्ष, यू.पी. रेडको।
10. अध्यक्ष, आर्कीटेक्ट्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश।

संलग्नक : 1. कार्य–योजना (01 पृष्ठ)
2. कार्यवाही एवं समय–सारिणी (01 पृष्ठ)
3. प्रगति आख्या हेतु प्रपत्र (01 पृष्ठ)
4. वाटर हार्वेस्टिंग मैनुवल (01 पृष्ठ)

आज्ञा से,

संजय भूसरेड्डी
विशेष सचिव।

सचिव
लखनऊ विकास प्राधिकरण

COMMISSIONER FOR OATHS
High Court, ALLAHABAD

(10) Annexure-C-3

294 402 417

संख्याः U035/आठ–1–2005

प्रेषक,

नवीन चन्द्र वाजपेई,
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. समस्त प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश शासन।
2. समस्त मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश।
4. समस्त जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश। ✓

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–1 लखनऊ : दिनांक : 25 अप्रैल, 2006

विषय :– भू–जल संरक्षण एवं रिचार्जिंग हेतु वर्षा जल संचयन (रेन वाटर हार्वेस्टिंग) प्रणाली को अपनाए जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उत्तर प्रदेश का अधिकांश भाग गंगा–यमुना के दोआबे में स्थित है, जहां विश्व का विशालतम भू–जल–भण्डार उपलब्ध है, किन्तु पेय जल, सिंचाई तथा उद्योगों हेतु जल की बढ़ती मांग के कारण भू–जल स्रोतों का अनियन्त्रित दोहन अनवरत रूप से जारी है, जिसका प्रतिकूल प्रभाव प्रदेश के अधिकांश भागों में धीरे–धीरे गिरते हुए जल स्तर, नलकूपों की असफलता एवं पारिस्थितिकीय असंतुलन के रूप में परिलक्षित हो रहा है। भू–जल स्रोतों के साथ–साथ सतही जल स्रोत विशेष रूप से तालाब, पोखर एवं जलाशय, आदि भी सूख रहे हैं। इस प्रकार पारिस्थितिकीय संरक्षण की दृष्टि से जल का संरक्षण एवं संचयन वर्तमान में एक चुनौती बन चुका है। अतः समय रहते इस दिशा में प्रभावी कार्यवाही किए जाने की आवश्यकता है, ताकि भविष्य में जल संकट का सामना न करना पड़े।

2– उल्लेखनीय है कि प्रति वर्ष लाखों गैलन वर्षा जल व्यर्थ बहकर समुद्र में चला जाता है, जिसे अन्यथा भू–जल संचयन की विभिन्न संरचनाओं के माध्यम से भूमि के अन्दर प्रवेश कराए जाने पर भविष्य में सम्भावित जल संकट का समाधान सुनिश्चित हो सकता है। इस प्रकार वर्षा जल संरक्षण एवं भूजल रिचार्जिंग विधा एक प्रभावी विकल्प के रूप में उभरी है, जिसे व्यापक रूप से अपनाए जाने पर तबाहगस्त भूगर्भीय जल स्रोतों का संरक्षण सुनिश्चित हो सकता है एवं उन्हें पुनर्जीवित किया जा सकता है। उक्त उद्देश्य की पूर्ति हेतु आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन द्वारा समय–समय पर निम्नांकित शासनादेश जारी किए गए हैं :–

(1) शासनादेश संख्याः 1703ए/9–आ–1–29 विविध/99, दिनांक 12.4.2001

AVAS-0060-3

COMMISSIONER FOR OATHS ALLAHABAD

(19)

(II) शासनादेश संख्या: 3771/9-आ-1-17 विविध/2003, दिनांक 19.6.2001

(III) शासनादेश संख्या: 3887/9-आ-1-रेन-वा.हार्वे./2002, दिनांक 02.09.02

(IV) शासनादेश संख्या: 1760/9-आ-1-04-17 विविध/2003, दिनांक 29.07.04

3- रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली की स्थापना को सुगम, सुरक्षित, लागत प्रभावी एवं लोकप्रिय बनाए जाने हेतु उपर्युक्त शासनादेशों के विभिन्न प्राविधानों पर इस विभाग में विशेषज्ञ विभागों/संस्थाओं से शासन स्तर पर व्यापक विमर्श किया गया जिसके क्रम में कतिपय संशोधन आवश्यक पाए गए हैं। अतः मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि भू-जल संरक्षण एवं रिचार्जिंग हेतु रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली को अपनाए जाने के सम्बन्ध में आवास एवं शहरी नियोजन विभाग द्वारा पूर्व में जारी उपरिलिखित शासनादेशों के गहन परीक्षण एवं सम्यक विचारोपरान्त तात्कालिक प्रभाव से निम्न संशोधन एवं व्यवस्था लागू किए जाने का निर्णय लिया गया है :-

